**मौसम**

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| धनबाद | 42.1 | 30.6 |
| जमशेदपुर | 42.6 | 25.0 |
| डालटनगंज | 41.2 | 21.9 |

तापमान डिग्री सेल्सियस में.

* *

धनबाद, रांची एवं पटना से प्रकाशित

# शुभम संदेश

एक राज्य - एक अखबार




www.lagatar.in | गुरुवार 25 अप्रैल 2024 बैशाख कृष्ण पक्ष 02 , संवत 2081 ● पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹ 6 ● वर्ष : 2, अंक : 17 | आमंत्रण मूल्य : ₹ 3 मात्र


राहुल बोले- हमारे मेनिफेस्टो से घबरा गये पीएम

## 90%आबादी के लिए न्याय ही मेरे जीवन का मिशन है



**नयी दिल्ली।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने पीएम मोदी और भाजपा पर करारा हमला करते हुए कहा कि जो अपने आप को देशभक्त कहते हैं वो 90 प्रतिशत लोगों के लिए न्याय सुनिश्चित करने वाली जाति आधारित जनगणना के एक्सरे के विरोध में खड़े हो गये हैं, लेकिन वे इसको रोक नहीं सकते. उन्होंने यह भी कहा कि देश की 90 प्रतिशत आबादी के लिए न्याय उनकी जिंदगी का मिशन बन गया है. राहुल ने बुधवार को सामाजिक न्याय सम्मेलन में दावा किया कि मोदी कांग्रेस के क्रांतिकारी घोषणापत्र से घबरा गये हैं. मैं सिर्फ यह कह रहा हूं कि हिंदुस्तान में आज 90 प्रतिशत लोगों के साथ भयंकर अन्याय हो रहा है. मैंने ऐसा नहीं कहा कि हम कोई कार्रवाई करेंगे, हमने सिर्फ यह कहा कि यह पता लगाएंगे कि कितना अन्याय हो रहा है. अगर किसी को चोट लगी है और मैं कहूं कि आप एक्सरे करा लीजिए, तो इससे किसी को एतराज तो नहीं होना चाहिए.

मोदी बोले- कांग्रेस वोट बैंक की भूखी

## धर्म के आधार पर आरक्षण लागू करना चाहती है पार्टी



**अंबिकापुर।** पीएम नरेंद्र मोदी ने कांग्रेस को वोट बैंक की भूखी पार्टी करार देते हुए बुधवार को आरोप लगाया कि वह देश में धर्म के आधार पर आरक्षण लागू करना चाहती है. मोदी ने चुनावी सभा में कांग्रेस के घोषणापत्र पर मुस्लिम लीग की छाप होने का आरोप दोहराते हुए कहा कि जब संविधान बन रहा था तब अंबेडकर के नेतृत्व में यह तय किया गया था कि देश में धर्म के आधार पर आरक्षण नहीं होगा. लेकिन वोट बैंक की भूखी कांग्रेस ने कभी इन महापुरुषों की बातों की परवाह नहीं की, संविधान की पवित्रता की बात नहीं की, अंबेडकर के शब्दों की परवाह नहीं की. कांग्रेस की नजर सिर्फ आपके आरक्षण पर नहीं, बल्कि आपकी कमाई, आपके मकान, दुकान और खेत-खलिहान पर भी है. कांग्रेस के शहजादा (राहुल गांधी ) कहते हैं कि वे हर संपत्ति का एक्स-रे कराएंगे. घर और देश के हर परिवार से कांग्रेस ये सब छीन लेगी.

अखिलेश यादव की खरी-खरी

## भाजपा के चुनावी बॉण्ड घोटाले ने बढ़ाई महंगाई



**इटावा (उप्र)।** सपा सुप्रीमो अखिलेश यादव ने देश में बढ़ती महंगाई के लिये सत्तारूढ़ भाजपा को जिम्मेदार ठहराते हुए बुधवार को कहा कि भाजपा सरकार द्वारा उद्योगपतियों के 16 लाख करोड़ रुपए माफ करने और उनकी कंपनियो से चुनावी बॉण्ड की आड़ में वसूली किये जाने की वजह से देश को महंगाई का सामना करना पड़ रहा है. यादव ने इंडिया गठबंधन के कार्यकर्ता सम्मेलन में कहा, जिस तरीके से चुनावी बॉण्ड का खुलासा हुआ है... चंदा पांच-दस रुपए, एक हजार, 10 हजार रुपए हो सकता है. कोई बहुत संपन्न है, तो एक या दो लाख चंदा दे देगा, लेकिन कोई भी एक हजार करोड़, 600 करोड़ या 500 करोड़ चंदा नहीं देगा. भाजपा के लोगों ने जो चंदा लिया, इसे चंदा कहना ही गलत है. भाजपा ने वसूली की है और शायद इतनी वसूली इतिहास में किसी और ने नहीं की होगी.

खरगे बोले- मोदी को हराना होगा

## एससी, एसटी और ओबीसी के लिए भाजपा है खतरा



**नयी दिल्ली।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने भाजपा को एस/एसटी, अन्य पिछड़े वर्गों, महिलाओं एवं अल्पसंख्यकों के लिए बड़ा खतरा करार देते हुए बुधवार को कहा कि अंबेडकर के संविधान को बचाने के लिए इस चुनाव में भाजपा को हराना जरूरी है. उन्होंने यहां सामाजिक न्याय सम्मेलन में अपने वीडियो संदेश में यह दावा भी किया कि भाजपा के नेताओं द्वारा संविधान बदलने और आरक्षण खत्म करने की धमकी दी जा रही है. बीते दशक में दलित, आदिवासी, बहुजन, अल्पसंख्यक और महिलाओं के साथ मोदी सरकार ने नाइंसाफ़ी की है. जातिगत भेदभाव और अत्याचार बढ़ गए. बैकलॉग है. लेकिन, हर दूसरे दिन भाजपा नेता आरक्षण खत्म करने और संविधान को बदलने की धमकी दे रहे हैं, जो हमें अंबेडकर, नेहरू, आजाद ने दिया है. कांग्रेस पार्टी की हिस्सेदारी न्याय की गारंटी सामाजिक व आर्थिक समानता की सोच का हिस्सा है.

# विरासत टैक्स पर बवाल

**1985** में राजीव गांधी ने इस कानून को कर दिया था खत्म

**2019** में मोदी सरकार खुद लाना चाहती थी यह कानून

**2024** सैम पित्रोदा ने की वकालत, तो मोदी ने बनाया मुद्दा

शुभम संदेश नेटवर्क। नयी दिल्ली

देश का सियासी पारा पूरी तरह से गर्म है. भाजपा- कांग्रेस में आरोप-प्रत्यारोप का दौर भी जारी है. बीते कुछ दिनों से कांग्रेस के घोषणा पत्र को लेकर भाजपा हमलावर है. पीएम नरेंद्र मोदी अपनी रैलियों में लगातार आरोप लगा रहे हैं कि कांग्रेस लोगों की संपत्ति इकट्ठा कर बंदरबांट करेगी. यह विवाद थमा नहीं था कि कांग्रेस नेता सैम पित्रोदा ने अमेरिकी विरासत टैक्स की वकालत करके नई बहस छेड़ दी है है.

पित्रोदा के बयान के बाद भाजपा ने आरोप लगाया कि कांग्रेस की नीतियां देश को बर्बाद करने वाली हैं. पीएम मोदी ने कहा- जिन लोगों ने पूरी कांग्रेस पार्टी को पैतृक संपत्ति मानकर बच्चों को दे दी, वे नहीं चाहते कि आम भारतीय बच्चों को संपत्ति दे. कांग्रेस माता-पिता से मिलने वाली विरासत पर भी टैक्स लगाना चाहती है. यानी इनका मंत्र है- कांग्रेस की लूट, जिंदगी के साथ भी और जिंदगी के बाद भी. वहीं, भाजपा आईटी सेल के अमित मालवीय ने कहा कि कांग्रेस आयी, तो हमारी मेहनत की संपत्ति का आधा हिस्सा छीन लेगी.

इस बीच, कांग्रेस ने भी भाजपा और पीएम मोदी के बयानों पर पलटवार किया है. कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी और जयराम रमेश ने कहा कि मोदी को कहां-कहां से सपने आते हैं. कांग्रेस के मेनिफेस्टो में विरासत टैक्स का कोई जिक्र नहीं है, न ही कांग्रेस का ऐसा कोई इरादा है. हमारे ही पीएम राजीव गांधी ने 34 साल पहले 1985 में इस कानून को खत्म किया था. इस बीच, बात निकली तो सोशल मीडिया पर गड़े मुर्दे निकाले गये और बताया जा रहा है कि पीएम मोदी खुद 2019 में विरासत टैक्स का प्रस्ताव लाने वाले थे, कांग्रेस के विरोध के बाद उन्हें अपने पैर पीछे करने पड़े थे. इस विवाद के बीच, सुप्रीम कोर्ट ने भी संविधान के अनुच्छेद 39 (बी) की व्याख्या के लिए प्रक्रिया शुरू की. नौ-जजों की पीठ यह तय करेगी कि सरकार को निजी स्वामित्व वाली संपत्तियों के पुनर्वितरण की अनुमति देता है या नहीं.



### अमेरिका के विरासत टैक्स का गणित

- कांग्रेस नेता सैम पित्रोदा ने की देश में विरासत टैक्स लगाने की वकालत
- अमेरिका में यह टैक्स विरासत में मिली संपत्ति पर लगाया जाता है
- विरासत टैक्स वाली व्यवस्था अमेरिका के छह राज्यों में लागू है
- अलग-अलग राज्यों में 1% से 16% तक विरासत टैक्स लागू है



### मोदी सरकार विरासत टैक्स पर प्रस्ताव लानेवाली थी

मोदी सरकार ने 2019 में इन्हेरिटेंस टैक्स (विरासत कर) लाने की पूरी तैयारी कर ली थी. कांग्रेस और सपा ने इसका भारी विरोध भी किया था. सोशल मीडिया पर विरासत टैक्स को लेकर सैम पित्रोदा की खिंचाई करनेवाले भाजपा आईटी सेल के प्रमुख अमित मालवीय समेत तब देश के कई अर्थशास्त्रियों ने भी मोदी सरकार के इस कदम की प्रशंसा की थी. और कहा था कि विरासत टैक्स लगने से सामाजिक विषमता घटेगी. सरकार की पैसा इकट्ठा करने की दिक्कत भी दूर हो जाएगी. 2019 में एनडीटीवी ने यह खबर चलाते हुए बताया था कि निवेश के लिए ज़रूरी संसाधन जुटाने के रास्ते खोज रही मोदी सरकार इन्हेरिटेंस टैक्स लाने पर विचार कर रही है. ये टैक्स पैतृक संपत्ति पर लिया जाता है. इसे 1985 में तत्कालीन पीएम राजीव गांधी ने खत्म कर दिया गया था. राजीव गांधी ने इस कानून को खत्म करते हुए कहा था कि भारत जैसे देश में इसकी प्रांसगिकता नहीं है. वहीं, 2019 में विरासत टैक्स के मुद्दे पर पीएम मोदी की अध्यक्षता वाले नीति आयोग में जमीन मामलों के अध्यक्ष टी हक ने कहा था कि भारत में अभी 1% लोग 58% संपत्ति नियंत्रित करते हैं. ऐसे लोगों पर इन्हेरिटेंस टैक्स लगाना चाहिए. भारत मं टैक्स-जीडीपी अनुपात कम है, इसे बढ़ाना जरूरी है.विरासत टैक्स से भारत में सामाजिक असमानता घटाने में मदद मिलेगी.

### क्या भारत में निजी संपत्तियों का बंटवारा संभव है

सुप्रीम कोर्ट की नौ जजों की पीठ ने संविधान के अनुच्छेद 39 (बी) की व्याख्या करेगी. यह तय करेगी कि डीपीएसपी सरकार को निजी संपत्तियों के पुनर्वितरण की अनुमति देता है या नहीं. यह मुद्दा 1977 के रंगनाथ रेड्डी मामले के चलते उपजा, जिस पर जस्टिस वीआर कृष्णा अय्यर ने असहमति जाहिर की है. इस मामले को फरवरी 2002 को नौ जजों की पीठ को व्याख्या के लिए भेजा गया. अनुच्छेद 39 (बी) में प्रावधान है कि राज्य अपनी नीति को यह सुनिश्चित करने के लिए निर्देशित करेगा कि समुदाय के संसाधनों का स्वामित्व और कब्जा इस प्रकार हो कि आम हित में हो. कई वकीलों ने तर्क दिया कि संसाधनों में निजी स्वामित्व वाली संपत्तियां शामिल नहीं हो सकतीं. लोकतांत्रिक देश में इस विचार की कोई जगह नहीं है, जो नागरिकों के मौलिक अधिकारों को प्रधानता देता है.

### हमने पहले भी विरोध किया: कांग्रेस

कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने बताया कि 2019 में हमारे नेताओं प्रताप सिंह बाजवा आदि ने मोदी सरकार द्वारा लाये जानेवाले विरासत टैक्स वाले प्रस्ताव का विरोध करते हुए कहा था कि 34 साल पहले खत्म हुए इस कानून को फिर से लागू करना गलत होगा. यह मोदी सरकार को मिले बहुमत का अपमान और लोगों को धोखा देने वाली बात होगी. जयराम रमेश ने कहा कि कांग्रेस अब भी विरासत टैक्स की विरोधी है. सैम पित्रोदा भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के विचार को नहीं दर्शाते हैं. कई बार उनके विचार कांग्रेस का आधिकारिक रुख नहीं होते. उनकी टिप्पणियों को सनसनीखेज बनाना भाजपा के दुर्भावनापूर्ण और शरारती चुनाव अभियान से ध्यान हटाने का जानबूझ कर किया गया हताश प्रयास है. यह प्रयास केवल झूठ और अधिक झूठ पर आधारित है.



### कांग्रेस ने जारी किया विरासत टैक्स पर जयंत सिन्हा का वीडियो

विवाद के बीच कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने जयंत सिन्हा का पुराना वीडियो शेयर करते हुए कहा कि हमारा विरासत टैक्स लागू करने की योजना नहीं है. कृपया जयंत सिन्हा, जो कभी मोदी सरकार में वित्त राज्यमंत्री थे और बाद में वित्तीय समिति के अध्यक्ष रहे, को सुनें. उन्होंने विरासत टैक्स के पक्ष में बहस करते हुए 15 मिनट बिताए हैं. पीएम को जवाब देना चाहिए कि वह कहां खड़े हैं? रमेश की ओर से शेयर की गई क्लिप में जयंत सिन्हा कहते दिखे- हमें विरासत टैक्स की जरूरत है, ताकि जो लाभ पहले ही वंशों से कारोबार करने वाले लोग उठा रहे हैं, उसका कम से कम 50-55 फीसदी फायदा आगे ले जा सकें. यह सबके लिए नई संभावनाएं पैदा करने से जुड़ा मामला है.

## लोहरदगा से समीर उरांव, चमरा लिंडा पलामू से वीडी राम व ममता ने परचा भरा

### आज लोहरदगा से कांग्रेस प्रत्याशी सुखदेव भगत करेंगे नामांकन

**लोकसभा चुनाव**

शुभम संदेश टीम। रांची



चतरा से समीर उरांव और पलामू से ममता भुइंया नामांकन दाखिल करते.



पलामू से वीडी राम और लोहरदगा से चमरा लिंडा परचा दाखिल करते.

लोहरदगा संसदीय सीट से भाजपा प्रत्याशी समीर उरांव और झामुमो विधायक चमरा लिंडा ने बतौर निर्दलीय प्रत्याशी बुधवार को नामांकन किया. कांग्रेस प्रत्याशी सुखदेव भगत गुरुवार को नामांकन करेंगे. उधर पलामू सीट से भाजपा प्रत्याशी वीडी राम और इंडिया गठबंधन से राजद प्रत्याशी ममता भुइयां सहित चार प्रत्याशियों नें नामांकन किया. लोहरदगा में भाजपा प्रत्याशी समीर उरांव के नामांकन के वक्त गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्र भाई पटेल, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी, नेता प्रतिपक्ष अमर बाउरी समेत कई नेता मौजूद थे. वहीं पलामू में वीडी राम के नामांकन में मंत्री जनरल वीके सिंह, प्रदेश भाजपा अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी, विधायक भानु प्रताप शाही, नेता प्रतिपक्ष अमर बाउरी, विधायक रामचंद्र चंद्रवंशी, पुष्पा देवी, पांकी विधायक डॉ एसबीपी मेहता, आलोक चौरसिया सहित कई नेता मौजूद थे.

पलामू में वीडी राम के नामांकन के बाद भाजपा की ओर से जुलूस निकाला गया और शिवाजी मैदान में जनसभा हुई, जहां जनरल वीके सिंह इंडी गठबंधन पर जमकर बरसे. कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी देश के गांव-गरीब की चिंता करते हैं. वह जो कहते हैं उसे कर दिखाते हैं, अबकी बार चार सौ पार का लक्ष्य हासिल होगा, इसका पूरा विश्वास है. लोहरदगा से भाजपा प्रत्याशी समीर उरांव के नामांकन के बाद गुमला के करौंदी स्थित मेलाटांड़ मैदान में सभा हुई, जिसे संबोधित करते हुए भूपेंद्र भाई पटेल ने कहा कि लोहरदगा की जनता एक बार फिर नरेंद्र मोदी को देश की सेवा का मौका दे.नक्सलवाद, उग्रवाद, भ्रष्टाचार और महंगाई पर काबू पाने के लिए देश में भाजपा की सरकार जरूरी है.पटेल ने कहा कि मोदी सरकार ही विकसित भारत बनाने की गारंटी है.

पलामू में राजद प्रत्याशी ममता देवी के नामांकन के बाद हाउसिंग कॉलोनी में हुई सभा में प्रदेश राजद अध्यक्ष संजय सिंह यादव ने कहा कि केंद्र में झूठ की सरकार है. राज्य में सबसे ज्यादा भाजपा की सरकार रही है, लेकिन राज्य का अपेक्षित विकास नहीं हुआ. झारखंड के श्रम मंत्री सत्यानंद भोक्ता ने कहा कि पलामू में पलायन की समस्या दूर की जाएगी. उद्योगों की स्थापना की जाएगा. उन्होंने मोदी सरकार को जम कर कोसा.

-पेज 7 भी देखें

## थमा प्रचार, दूसरे चरण की 88 सीटों पर वोट कल

**नयी दिल्ली।** लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण के मतदान का काउंटडाउन शुरू हो गया है. बुधवार शाम से सेकेंड फेज के लिए चुनाव प्रचार थम गया. इसके बाद 26 अप्रैल को 13 राज्यों की 88 लोकसभा सीटों पर वोट डाले जाएंगे.



इन सीटों के नतीजे भी एक साथ 4 जून को घोषित किए जाएंगे. मतदान शांतिपूर्ण और निष्पक्ष तरीके से हो इसके लिए चुनाव आयोग ने पूरी तैयारी कर ली है. दूसरी तरफ, तीसरे चरण के मतदान के लिए नाम वापसी की तारीख बीतने के बाद कुल उम्मीदवारों की तस्वीर भी साफ हो गई है. दूसरे चरण में 88 सीटों के लिए 1206 उम्मीदवार मैदान में हैं. दूसरे चरण में असम की 5, बिहार की 5, छत्तीसगढ़ की 3, जम्मू कश्मीर की 1, कर्नाटक की 14, केरल की 20, राजस्थान की 13, मध्य प्रदेश की 6, महाराष्ट्र की 8, त्रिपुरा की 1, यूपी की 8 और पश्चिम बंगाल की 3 सीटों पर मतदान होगा. दूसरे चरण के लिए सभी दलों के स्टार प्रचारकों ने जम कर प्रचार किया.

**चुनावी बॉण्ड**

### एसआईटी के जरिए जांच कराने के लिए याचिका

**नयी दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट में चुनावी बॉण्ड की जांच से जुड़ी के लिए एक याचिका दायर की गई है. याचिका में इलेक्टोरल बॉण्ड्स से कॉरपोरेट्स व राजनीतिक दलों की सांठगांठ की जांच एसआईटी से कराने की मांग की गई है. याचिका में शेल कंपनियों व घाटे की कंपनियों की ओर से दलों को मिलने वाले पैसे के स्रोत की जांच का निर्देश देने की भी मांग की गई है. याचिका में कहा गया है कि चुनावी बॉण्ड डेटा के जरिए जिन तथ्यों का खुलासा किया गया है, उनकी विस्तृत जांच कराई जानी चाहिए.

**खुलासा** यूरोपीय यूनियन की फूड सेफ्टी एजेंसियों को मिला एथिलीन ऑक्साइड

## भूल जाइए मसाले खाना, 527 उत्पादों से जानलेवा कैंसर का खतरा

एजेंसियां। ब्रसेल्स

भारत के मसालों की चर्चा यूं तो सदियों से पूरी दुनिया में होती रही है, लेकिन इस बार ये जरा अलग वजह से सुर्खियों बनी हैं. भारतीय कंपनियों के चार मसालों में कैंसर पैदा करने वाले केमिकल मिलने के बाद सिंगापुर और हांगकांग में इसके इस्तेमाल को बैन कर दिया गया है. दोनों देशों की सरकारों ने कहा है कि एमडीएच के तीन एवं एवरेस्ट के एक मसाले में एथिलीन ऑक्साइड नामक तत्व पाया गया है, जो कैंसर के लिए जिम्मेदार होता है.

इस बैन करने की खबरों के बाद भारतीय मसालों पर बहस तेज हो गई है. इस बीच एक नई जानकारी सामने आई है कि जिस एथिलीन ऑक्साइड की वजह से भारतीय मसालों के खिलाफ सिंगापुर और हांगकांग में एक्शन लिया गया है, यूरोप जाने वाले भारतीय उत्पादों में भी ये केमिकल रूटीन तौर पर पाया जाता रहा है. यूरोपीय फूड सेफ्टी अथॉरिटी की जांच में लगातार भारतीय उत्पादों में एथिलीन ऑक्साइड नामक पदार्थ मिलता रहा है, लेकिन इस केमिकल के इस्तेमाल में रोक के लिए यूरोपीय एजेंसी ने कोई उपाय नहीं किए. डेक्कन हेराल्ड की रिपोर्ट के अनुसार, सितम्बर 2020 से अप्रैल 2024 के बीच यूरोपीय यूनियन के अंदर खाद्य सुरक्षा प्राधिकरणों ने भारत से जुड़े 527 उत्पादों में एथिलीन ऑक्साइड की मात्रा पाई है. इन उत्पादों में अखरोट और तिल के बीज (313), औषिध और मसाले (60), खाद्य पदार्थ (48) और अन्य खाने वाले उत्पाद (34) शामिल हैं. इन उत्पादों में से 87 खेप को बॉर्डर से ही वापस भेज दिया गया, जबकि अधिकांश को बाद में बाजार से हटा दिया गया.

- भारतीय कंपनियों एमडीएच के तीन और एवरेस्ट के एक मसाले पर सिंगापुर-हांगकांग ने लगा चुके हैं बैन
- भारत सरकार भी करवा रही जांच, यूरोपीय देशों तक पहुंची जांच की आंच, लोग बरत रहे एहतियात



### क्या है एथिलीन ऑक्साइड

एथिलीन ऑक्साइड एक रंगीन गैस होती है, जिसका इस्तेमाल पेस्टीसाइड के तौर पर किया जाता है. हालांकि, इस केमिकल को मूलरूप से मेडिकल उपकरणों को स्टर्लाइज करने के लिए बनाया गया था. बताया जाता है कि एथिलीन ऑक्साइड के संपर्क में आने से लिंफोमा और ल्यूकेमिया समेत दूसरे कैंसर होने का खतरा हो सकता है.

### 332 उत्पादों का भारत से सीधा संबंध

रैपिड अलर्ट सिस्टम फॉर फूड एंड फीड एक ऑनलाइन सिस्टम है, जो यूरोपीय देशों में खाद्य सुरक्षा के मानकों पर नजर रखती है. इसका डेटा बताता है कि 525 खाद्य उत्पादों और दो फीड उत्पादों में केमिकल पाया गया है. इनमें 332 उत्पाद ऐसे हैं, जिनका भारत से सीधा संबंध है, जबकि बाकी में दूसरे देशों को भी इसके लिए जिम्मेदार ठहराया गया है. रमैया एडवांस्ड टेस्टिंग लैब्स के सीओओ यूबिन जॉर्ज जोसेफ ने बताया कि एथिलीन ऑक्साइड के सीधे संपर्क के अलावा उपभोक्ता दो और केमिकल के प्रति संवेदनशील होते हैं. उन्होंने कहा, इनमें से सबसे खतरनाक एथिलीन ग्लाइकोल है, जिसकी कफ सिरप में मौजूदगी अफ्रीका में बच्चों की मौत की वजह बनी थी.

## हम पूरा चुनाव नहीं कंट्रोल कर सकते हैं: सुप्रीम कोर्ट

एजेंसी। नयी दिल्ली

ईवीएम के वोटों और वोटर वेरिफिएबल पेपर ऑडिट ट्रेल (वीवीपैट) पर्चियों की 100% क्रॉस-चेकिंग की मांग पर सुप्रीम कोर्ट ने फैसला सुरक्षित रख लिया है. जस्टिस संजीव खन्ना ने कहा कि हम दोबारा सुनवाई नहीं कर रहे हैं. हम कुछ निश्चित स्पष्टीकरण चाहते हैं. हमारे कुछ सवाल थे, हमें जवाब मिल गए. फैसला सुरक्षित रख रहे हैं.

मामले में सुनवाई बुधवार को 40 मिनट सुनवाई चली. याचिकाकर्ताओं की तरफ से प्रशांत भूषण, गोपाल शंकर नारायण और संजय हेगड़े पैरवी कर रहे हैं. प्रशांत एडीआर की तरफ से हैं. वहीं, चुनाव आयोग की ओर से मनिंदर सिंह, केंद्र की ओर से तुषार मेहता मौजूद रहे. इससे पहले 18 अप्रैल को जस्टिस संजीव खन्ना और दीपांकर दत्ता की बेंच ने दलीलें सुनने के बाद फैसला सुरक्षित रखा था. पिछली सुनवाई में कोर्ट ने चुनाव आयोग से पूछा था कि क्या वोटिंग के बाद वोटर्स को वीवीपैट से निकली पर्ची नहीं दी जा सकती है. इस पर चुनाव आयोग ने कहा- वोटर्स को वीवीपैट स्लिप देने में बहुत बड़ा रिस्क है. इससे वोट की गोपनीयता से समझौता होगा और बूथ के बाहर इसका दुरूपयोग किया जा सकता है. इसका इस्तेमाल दूसरे लोग कैसे कर सकते हैं, हम नहीं कह सकते.

**ईवीएम वीवीपैट वेरिफिकेशन पर फैसला सुरक्षित रखा, कहा-**

डेटा के लिए चुनाव आयोग पर भरोसा करना होगा



झारखंड भवन के लिए खरीदी जाएगी छह टोयटा इनोवा क्रिस्टा

# ब्यूरोक्रेट्स न्यू जेनरेशन की लग्जरी कार की करेंगे सवारी

- वित्त विभाग के हेड ऑफ डिपार्टमेंट के लिए टोयटा इनोवा क्रिस्टा कार
- राजस्व सचिव हौंडा सिटी फिफ्थ जेनरेशन कार की करेंगे सवारी
- झारखंड सरकार की प्रशासनिक कमेटी ने कार खरीदारी की दी मंजूरी

रवि भारती। रांची

सूबे के ब्यूरोक्रेट्स लक्जरी कार में सवारी करेंगे. प्रशासी पदवर्ग समिति ( एडमिनिस्ट्रेटिव कमेटी) ने इन लक्जरी वाहनों को खरीदने की स्वीकृति दे दी है. इस कमेटी में मुख्य सचिव, विकास आयुक्त, वित्त सचिव, कार्मिक सचिव और योजना विकास सचिव शामिल हैं.

कमेटी ने झारखंड भवन में पदस्थापित अफसरों के लिए छह टोयटा इनोवा क्रिस्टा खरीदने की स्वीकृति दी है. वहीं वित्त विभाग के प्रधान सचिव टोयटा इनोवा क्रिस्टा की सवारी करेंगे.



### भू- राजस्व सचिव के लिए होंडा सिटी

कमेटी ने भू-राजस्व सचिव के लिए होंडा सिटी कार खरीदने की स्वीकृति दी है. वहीं स्वास्थ्य विभाग और ऊर्जा विभाग के हेड ऑफ डिपार्टमेंट के लिए नए वाहन खरीदने की स्वीकृति दी गई है. झारखंड राज्य कर्मचारी चयन आयोग के सदस्य के लिए मारुति स्विफ्ट डिजायर वीएक्सआइ मॉडल की कार खरीदने की स्वीकृति दी गई है. राज्य वित्त आयोग के अध्यक्ष के लिए टोयटा इनोवा क्रिस्टा खरीदी जाएगी.

### खरीदा जाएगा टोयोटा कैमरी का टॉप मॉडल

झारखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकार के कार्यकारी अध्यक्ष के लिए कमेटी ने टोयटा कैमरी का टॉप मॉडल 2.5 हाइब्रिड कार खरीदने की स्वीकृति दी है. वहीं बाह्य स्रोत से भी वाहन लिए जाएंगे. नागरिक सुरक्षा आयुक्त और विधि विभाग के संयुक्त सचिव स्तर के अफसर के लिए बाद्य स्रोत से बलेरो किराए पर लिया जाएगा. वित्त विभाग में संयुक्त सचिव स्तर के दो अफसरों के लिए मारुति वैन, टाटा सूमो, बलेरो, हुंडई आइ-10 य़ा टाटाइंडिका किराए पर लिए जाएंगे.

### कृषि-जलसंसाधन के लिए किराये पर लिये जाएंगे वाहन

कृषि और जलसंसाधन विभाग के अफसरों के लिए भी किराए पर वाहन लिए जाएंगे. कृषि विभाग के एक विशेष सचिव रैंक के अफसर के लिए स्विफ्ट डिजायर, टोयटा इटिओस, या इंडिडो इसीएस किराए पर लिया जाएगा. वहीं इसी विभाग के चार संयुक्त सचिव रैंक के अफसर के लिए मारिति वैन, टाटा सूमो, बलेरो, हुंडई आइ-10 या टाटा इंडिका किराए पर ली जाएगी. वहीं जलसंसाधन विभाग में संयुक्त सचिव स्तर के दो अफसरों के लिए मारिति वैन, टाटा सूमो, बलेरो, हुंडई आइ-10 या टाटा इंडिका किराए पर ली जाएगी.

# पुलिस अफसरों के लिए तीन नये क्रिमिनल लॉ से संबंधित ऑनलाइन वेबिनार का आयोजन

संवाददाता। रांची

तीन नये क्रिमिनल लॉ के संबंध में आज बुधवार को झारखंड पुलिस के अफसरों के लिए ऑनलाइन वेबिनार का आयोजन किया गया. एनसीआरबी के द्वारा नये क्रिमिनल लॉ के कार्यान्वयन को लेकर वेबिनार का आयोजन किया गया.

कार्यक्रम में झारखंड पुलिस के सभी एडीजी, आईजी, डीआईजी, जिलों के एसपी और सभी कमांडेंट ने हिस्सा लिया. गौरतलब हैं कि आने वाले एक जुलाई से तीनों नये क्रिमिनल लॉ लागू हो जायेंगे. केंद्र सरकार द्वारा तीनों कानूनों को एक जुलाई 2024 से लागू करने की अधिसूचना जारी कर दी गयी है.

### बीएनएस में राजद्रोह के अपराध को भी समाप्त कर दिया गया है

तीनों नये आपराधिक कानून आईपीसी और सीआरपीसी की जगह लेंगे. इनका नाम भारतीय न्याय संहिता होगा. तीनों कानूनों में भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस), भारतीय नागरिक संहिता और भारतीय साक्ष्य अधिनियम शामिल है. नये कानूनों का उद्देश्य न्याय प्रणाली को बदलना है. इससे अंग्रेजों के जमाने के कानूनों से छुटकारा मिलेगा. बीएनएस में राजद्रोह के अपराध को भी समाप्त कर दिया गया है और इसे देशद्रोह में बदल दिया गया है. भारतीय न्याय संहिता में 20 नये अपराध जोड़े गये हैं, वहीं आईपीसी में मौजूद 19 प्रावधानों को हटा दिया गया है. इसके अलावा 33 अपराधों में सजा बढ़ा दी गयी है.

### 545 सार्जेंट मेजर और इंस्पेक्टर की वरीयता सूची हुई जारी

**रांची।** पुलिस मुख्यालय ने 545 सार्जेंट मेजर और इंस्पेक्टर का वरीयता सूची जारी की है. डीजीपी ऑफिस से जारी आदेश में कहा गया है कि किसी सार्जेंट मेजर और इंस्पेक्टर को लेकर आपत्ति है, तो 15 दिन में आपत्ति कर सकते हैं. वरीयता सूची की सूचना का मिलान संबंधित की सर्विस बुक व दस्तावेज से कर ली जाए. यदि इसमें किसी प्रकार की गलती हो तो इसकी भी जानकारी उपलब्ध कराये. जारी आदेश में लिखा गया है कि यदि किसी सार्जेंट मेजर और इंस्पेक्टर का वरीयता सूची में नाम छूट गया है या प्रकाशित वरीयता सूची के अनुसार पदस्थापित नहीं हो तो ऐसे पदाधिकारी के संबंध में सूचना अलग से उपलब्ध करायी जाए.

हाईकोर्ट ने बीसीसीएल से पूछा

# धनबाद की बंद खदानों से कैसे हो रही अवैध माइनिंग

संवाददाता। रांची

झारखंड हाईकोर्ट ने बीसीसीएल के चेयरमैन को एफिडेविट के माध्यम से यह बताने का निर्देश दिया है कि धनबाद जिले में बंद पड़ी खदानों से अवैध माइनिंग कैसे हो रही है और इसे रोकने के लिए क्या कार्रवाई की जा रही है. अदालत ने यह निर्देश बुधवार को धनबाद में बंद पड़ी खदानों से अवैध माइनिंग रोकने की मांग को लेकर दाखिल जनहित याचिका पर सुनवाई के दौरान दिया है. प्रार्थी की ओर से अदालत को बताया गया कि वर्ष 2022 में बीसीसीएल धनबाद के क्षेत्र में एक ही दिन में 23 लोगों की अवैध खनन के दौरान मौत हो गयी थी. ऐसी दुर्घटना में मृतकों के परिजन शवों को लेकर भाग जाते हैं. घटना के बाद ना तो प्राथमिकी दर्ज होती है और न ही अवैध खनन में मरे लोगों के परिजनों को मुआवजा मिल पाता है. इसलिए इसकी जांच होनी चाहिए कि धनबाद में बंद पड़े खदानों से अवैध माइनिंग कैसे हो रही है.

### झारखंड में वोट के दिन सार्वजनिक अवकाश

**रांची।** झारखंड में लोकसभा चुनाव व गांडेय विधानसभा उपचुनाव को देखते हुए झारखंड में चार चरणों में होने वाले चुनाव को सार्वजनिक अवकाश घोषित कर दिया गया है. इसके तहत संबंधित लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र एवं गांडेय विधानसभा क्षेत्रों में अवस्थित सभी सरकारी कार्यालय, सार्वजनिक प्रतिष्ठानों को मतदान की तिथि को बंद रहेंगे. इस दिन बैंक भी बंद रहेंगे. मंत्रीमंडल निर्वाचन विभाग के पत्र के बाद कार्मिक विभाग ने इस संबंध में आदेश जारी कर दिया है.

### कब किस लोकसभा क्षेत्र में रहेगा अवकाश

**13 मई 2024**
**सोमवार : चतुर्थ चरण**
लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र- 10- सिंहभूम
**संबद्ध जिला जहां अवकाश रहेगा :** सरायकेला- खरसावां, पश्चिम सिंहभूम.
**खूंटी जिला:** रांची, सरायकेला-खरसावां, पश्चिम सिंहभूम, खूंटी, गुमला, सिमडेगा.
**लोहरदगा:** रांची, गुमला, लोहरदगा.
**पलामू:** पलामू, गढ़वा.

**20 मई**
**सोमवार : पांचवां चरण**
**चतरा:** चतरा, लातेहार,पलामू.
**कोडरमा:** कोडरमा, हजारीबाग- गिरिडीह.
**हजारीबाग:** कोडरमा, हजारीबाग, रामगढ़, चतरा.

**25 मई**
**शनिवार : छठा चरण**
**धनबाद :** धनबाद, बोकारो
**रांची:** सरायकेला-खरसावां, रांची
**जमशेदपुर:** पूर्वी सिंहभूम.

**एक जून**
**शनिवार- सातवां चरण**
**राजमहल:** साहेबगंज, पाकुड़, दुमका, गोड्डा.
**दुमका:** दुमका, जामताड़ा, देवघर.
**गोड्डा:** दुमका, देवधर, गोड्डा.
गाण्डेय विधानसभा उपचुनाव
**पंचम चरण**
**20 मई**
लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र गांडेय, जिला गिरिडीह.


लोहरदगा: सुखदेव, समीर और चमरा लिंडा के बीच होगा मुकाबला

# चमरा के मैदान में उतरने से त्रिकोणीय हुआ मुकाबला

- दो साल से पार्टी से नाराज चल रहे थे विधायक चमरा लिंडा
- इंडिया गठबंधन प्रत्याशी सुखदेव भगत की राह की मुश्किलें बढ़ीं

प्रमुख संवाददाता। रांची

लोहरदगा सीट पर इस बार दिलचस्प मुकाबला होगा. बुधवार को झाममो विधायक चमरा लिंडा ने बागी के रूप में परचा दाखिल कर दिया. चमरा लिंडा के चुनावी मैदान में कूदने के कारण अब मुकाबला त्रिकोणीय हो गया है. इस सीट में इंडिया गठबंधन की ओर से सुखदेव भगत और बीजेपी के समीर उरांव भी चुनाव लड़ रहे हैं. चमरा लिंडा के चुनावी अखाड़े में उतरने के कारण इंडिया गठबंधन के उम्मीदवार सुखदेव भगत की मुश्किलें बढ़ गई हैं. कुछ दिन पूर्व सुखदेव भगत भी सार्वजनिक रूप से या बयान दिया था कि चमरा लिंडा मेरे छोटे भाई जैसे हैं. अगर उन्हें किसी बात की नाराजगी है, तो मैं बात करने को तैयार हूं. बताते चलें की सीट बंटवारे के बाद लोहरदगा सीट कांग्रेस के खाते में आई थी. कांग्रेस ने सुखदेव भगत को उम्मीदवार घोषित किया. वहीं बीजेपी ने सिटिंग एमपी सुर्दशन भगत का टिकट काट कर समीर उरांव पर दांव खेला है.





### बन गई ऊहापोह की स्थिति

झामुमो विधायक चमरा लिंडा के नामांकन के बाद ऊहापोह की स्थिति बन गई है. राजनीतिक गलियारों में चर्चा हो रही है कि पूर्व मंत्री एनोस एक्का की झारखंड पार्टी भी चमरा को सपोर्ट कर सकती है. इससे भी इंडिया गठबंधन के सुखदेव के लिए और मुश्किल हालात पैदा हो सकते हैं. चमरा लिंडा 2009 और 2014 में कांग्रेस हराने में अपनी अहम भूमिका निभाई थी. इस लिहाज से चमरा लिंडा के कारण 2024 का चुनाव भी कांग्रेस के लिए मुश्किल भरा रहेगा.

### 2023 में रैली कर चमरा ने दिखाई थी ताकत

हेमंत सोरेन सरकार के गठन के बाद से ही चमरा लिंडा ने पार्टी और पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को बता दिया था कि वह लोहरदगा संसदीय सीट से चुनाव लड़ेंगे. मगर पार्टी द्वारा कोई आश्वासन नहीं मिलने के बाद करीब 2 साल तक वह पार्टी से नाराज चलते रहे. यहां तक की स्थानीय और क्षेत्रीय मुद्दे को लेकर 2023 में रांची के प्रभात तारा मैदान में आदिवासी अधिकार महारैली का आयोजन कर अपनी ताकत का एहसास पार्टी और पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को दिखाया था.

### विधायक दल की बैठक में भी हिस्सा नहीं ले रहे थे

चंपाई सोरेन के नेतृत्व में नई सरकार का गठन हुआ उसके के बाद हेमंत सोरेन, शिबू सोरेन और चंपाई सोरेन के समझाने के बाद चमरा ने लिंडा चंपाई सोरेन सरकार को समर्थन किया. चमरा लिंडा को आश्वासन दिया गया था कि लोहरदगा संसदीय सीट झारखंड मुक्ति मोर्चा के खाते में ही जाएगी. मगर जैसे ही कांग्रेस ने लोहरदगा संसदीय सीट से अपना प्रत्याशी उतार दिया, इसके बाद चमरा लिंडा की नाराजगी फिर पार्टी से बढ़ गई. चमरा लिंडा लगातार लोहरदगा संसदीय सीट के सभी विधानसभा के कार्यकर्ताओं के साथ और अपने कैडर के साथ मीटिंग करते रहे और सभी की सहमति मिलने के बाद अंततः चुनाव लड़ने का फैसला कर लिया.

विदेश में पढ़ाई कर रहे छात्र की उपलब्धि से कल्पना हुईं खुश

# झारखंडी खुद बनाता है अपनी राह, हमें गर्व है : कल्पना सोरेन

प्रमुख संवाददाता। रांची

विदेश में रहकर पढ़ाई पूरी करने वाले छात्र संजय को पूर्व सीएम हेमंत सोरेन की पत्नी कल्पना सोरेन ने बधाई दी है. उन्होंने ट्वीट कर लिखा है खूब बधाई. आगे लिखा है कि कोई भी विपत्ति आए, झारखंडी अपनी राह खुद बनाता है. उस राह पर चलकर अपनी मंजिल को भी पाता है, क्यूंकि झारखंडियों ने कभी झुकना सीखा ही नहीं है. मरांग गोमके जयपाल सिंह मुंडा ओवरसीज स्कॉलरशिप के तहत विदेश में अपनी पढ़ाई पूरी करने के लिए बधाई संजय. फिर लिखा कि मुझे विश्वास है आप और आपकी तरह मरांग गोमके जयपाल सिंह मुंडा ओवरसीज स्कॉलरशिप के तहत शिक्षा लेने वाले अन्य युवा भी कई और युवाओं को आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करते रहेंगे. पुनः हार्दिक शुभकामनाएं और जोहार!



**हेमंत जी से मुलाकात होगी तो बताऊंगी :** कल्पना ने आगे लिखा है कि हेमंत जी से जेल में अपनी अगली मुलाकात में मैं आपकी उपलब्धि के बारे में उन्हें जरूर बताऊंगी. वो आपकी इस उपलब्धि पर बहुत खुश होंगे. मुझे वह कहते थे कि झारखंड से 50 से अधिक आदिवासी, दलित, पिछड़ा और अल्पसंख्यक समाज के युवा विदेश में सौ फीसदी सरकारी खर्चे पर पढ़ाई के लिए जा चुके हैं, कुछ की तो विदेश में ही नौकरी भी लग गयी है. वह यह भी कहते थे कि देखना जब यह युवा विदेश में नई-नई जानकारी सीखेंगे तो उसका उपयोग वह अपने लिए, अपने परिवार के लिए, अपने गांव के लिए, अपने समाज के लिए, अपने झारखंड के लिए और देश के लिए कर पाएंगे. और यह भी कि अब झारखंड पीछे मुड़कर नहीं देखेगा, आगे बढ़ने का यह जो कारवां शुरू हुआ है, वह बढ़ता ही जाएगा.

पहाड़िया युवक हरिनारायण की हुई थी मौत

# दारोगा की गोली से पहाड़िया की मौत मामले की होगी मजिस्ट्रेट जांच: डीसी

संवाददाता। रांची/गोड्डा

जिले के डीसी जीशान कमर ने गोड्डा के सुंदरपहाड़ी प्रखंड के ग्राम डांगापाड़ा में बीते दिनों हुए गोलीकांड की मजिस्ट्रेट जांच का आदेश दिया है. गोली लगने से पहाड़िया युवक हरिनारायण की हुई मौत की जांच के लिए सदर एसडीओ की अध्यक्षता में तीन सदस्यीय जांच कमेटी गठित की गई है.

डीसी के निर्देश पर अदालती जांच के लिए तीन सदस्यीय कमेटी में एसडीओ वैद्यनाथ उरांव,कार्यपालक दंडाधिकारी मोनिका बास्की व सुंदर पहाड़ी बीडीओ सोमनाथ को दंडाधिकारी प्रतिनियुक्ति किया गया है. साथ ही जांच कर एक सप्ताह के अंदर विस्तृत रिपोर्ट सौंपने का निर्देश दिया गया है. ज्ञात हो कि बीते 17 अप्रैल 2024 को सुंदरपहाड़ी प्रखंड अंतर्गत ग्राम-बड़ा डांगापाड़ा के स्थानीय निवासी हरिनारायण पहाड़िया की मौत गोली लगने के कारण हो गई थी. गोली मारने का आरोप एएसआई राजनाथ यादव पर लगा था. जिसके बाद उसे गिरफ्तार कर उसे जेल भेज दिया है. वहीं पूरे मामले में लापरवाही बरतने के आरोप में थाना प्रभारी रामसूरत यादव को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है.



एसडीओ ने बताया कि स्व. हरिनारायण पहाड़िया, साकिन-बड़ा डांगापाड़ा, प्रखंड-सुंदरपहाड़ी की गोली लगने से हुई मौत की मजिस्ट्रियल (अदालती) जांच के लिए बयान दर्ज कराने के लिए 02 मई 2024 एवं 03 मई की तिथि निर्धारित की गई है. दोनों दिन सुंदरपहाड़ी प्रखंड कार्यालय परिसर में प्रतिनियुक्त दंडाधिकारियों द्वारा बयान लिया जाएगा.

उरांव ने ग्राम-बड़ा डांगापाड़ा प्रखंड सुंदरपहाड़ी के सभी आम नागरिक, गवाह, संबंधित व्यक्ति एवं नजदीकी रिश्तेदारों से अनुरोध किया है कि उक्त तिथियों को सुंदरपहाड़ी प्रखंड कार्यालय परिसर में उपस्थित होकर घटित घटना के संबंध में अपना बयान दें, ताकि जांच पूरी हो सके.

### हेमलाल मुर्मू झामुमो के केंद्रीय प्रवक्ता बनाये गये

**रांची।** झामुमो सुप्रीमो शिबू सोरेन के निर्देशानुसार हेमलाल मुर्मू को केंद्रीय प्रवक्ता के पद पर मनोनीत किया गया है. यह नियुक्ति, पत्र निर्गत होने के समय से ही तत्काल प्रभाव से लागू होगी. जारी आदेश में कहा गया है कि आप अपने संगठनात्मक कर्मठता का पूर्ण उपयोग करते हुए संगठन के मजबूती के लिए निर्लोभ भाव से कार्य करेंगे. प्राप्त दायित्व का निर्वहन करते हुए अनुशासन की परिधि में रह कर कार्यकर्ताओं के साथ सुमधुर संपर्क स्थापित करेंगे.

# आवश्यक सेवाओं से जुड़े वोटरों का वोट कराएं पक्का : के रवि कुमार

प्रमुख संवाददाता। रांची

निर्वाचन कार्य से जुड़े और वैसे मतदाता, जो आवश्यक सेवा जैसे रेलवे, स्वास्थ्य, मीडिया, अग्निशमन आदि में कार्यरत हैं और वे मतदान के दिन अपने कर्तव्य पर रहने के कारण मतदान केंद्र नहीं जा सकते, उन सभी मतदाताओं का फॉर्म 12 डी भरवाकर आवेदन ले लें. साथ ही उनका पोस्टल बैलेट से मतदान सुनिश्चित कराएं. एक भी मतदाता,जो अपने मताधिकार का प्रयोग करना चाहते हों, वह अपने मतदान के अधिकार से वंचित न हों, इस ध्येय को लक्षित कर पदाधिकारी कार्य करें. उक्त निर्देश मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार ने निर्वाचन सदन से सभी जिलों के जिला उप निर्वाचन पदाधिकारी एवं जिला पोस्टल बैलेट नोडल अधिकारियों को दिया है.

**सभी आवश्यक तैयारियां ससमय कर लें पूरी :** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने कहा कि सभी जिलों के पोस्टल बैलेट कोषांग के पदाधिकारी अपने जिले की आवश्यक सेवाओं से जुड़े एवं



मतदान कार्य में कार्यरत मतदाताओं से पोस्टल बैलेट से मतदान के लिए भारत निर्वाचन आयोग द्वारा उनके लिए जरूरी फॉर्म भरवाकर आवेदन ले लें अथवा वे स्वयं मतदान केंद्र पर जाकर मतदान करने के लिए इच्छुक हैं, वैसी स्थिति में उनके संस्थान की प्रतिक्रिया लेते हुए निर्वाचन आयोग द्वारा दिये गए प्रारूप में प्रतिवेदन समर्पित करें. रेलवे के सभी संबंधित पदाधिकारियों से निकट समन्वयन स्थापित कर सभी रेलकर्मियों, वेंडरों, कुलियों सहित अन्य लोगों को भी मताधिकार के प्रयोग के लिए जागरूक करें. उनके सुगम मतदान के लिए आवश्यक प्रयास करें. किसी भी स्तर पर इस मामले में असहयोग की संभावना हो, तो बताएं. इसी प्रकार से 80 वर्ष से अधिक आयु के वैसे वरिष्ठ नागरिक अथवा दिव्यांग मतदाता, जो मतदान केंद्र तक आने-जाने में अक्षम हों, उनके पोस्टल बैलेट के माध्यम से मतदान के लिए सभी आवश्यक तैयारियां ससमय पूरी कर लें.

### वन क्षेत्र स्थित बूथों के आसपास वनरक्षी रहें सतर्क

**रांची।** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार ने कहा कि संबंधित वन प्रमंडल पदाधिकारी अपने-अपने क्षेत्रों में चिह्नित वन क्षेत्र के मतदान केंद्रों के आस-पास मतदान दिवस के दिन मानव एवं वन्यजीव टकराव को रोकने का भरसक प्रयास करें. इसके लिए संबंधित मतदान केंद्र के आसपास के निवासियों को भी सचेत करें. किसी अनहोनी की संभावना नहीं बने और सुगमता से लोग अपने मतदान केंद्रों पर जाकर अपने मताधिकार का प्रयोग कर सकें. समय रहते स्थिति का आकल न कर संबंधित जिला निर्वाचन पदाधिकारी से समन्वय स्थापित करते हुए जरूरी कार्रवाई सुनिश्चित करें.

### शराब की आवाजाही पर हर हाल में रोक लगाएं

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने निर्देश दिया कि स्थानीय पुलिस प्रशासन के साथ बेहतर ताल-मेल के साथ वन क्षेत्रों में मादक पदार्थों, शराब इत्यादि की आवाजाही पर रोक लगाएं एवं दोषियों पर कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित करें. इस अवसर पर अपर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी संदीप सिंह एवं डॉ. नेहा अरोड़ा, अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक एनके सिंह, मुख्य वन संरक्षक वन्यप्राणी एसआर नटेश, सहायक मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी देवदास दत्ता, सिस्टम एनालिस्ट सैयद नासिर जमील सहित निर्वाचन कार्यालय के पदाधिकारी एवं राज्य के सभी जिलों के वन प्रमंडल पदाधिकारी मौजूद थे.

परेशानी | साहेब के परिजन दिन देखते हैं न रात, ठोंक देते हैं अपनी डिमांड

# कहीं पुत्र के पिता से थानेदार परेशान, तो कहीं बॉडीगार्ड व भट्ट सक्रिय

विनीत आभा उपाध्याय/सौरभ सिंह। रांची

**झारखंड के कुछ जिलों में पुलिस अफसरों की एक से एक दास्तान फिर से चर्चा में है. एक जिले के साहेब के पिता से थानेदार परेशान हैं. तो एक प्रमंडल के पुलिस पदाधिकारी उजले रंग की स्कॉर्पियो से चलने वाले बड़े साहेब के खासमखास बॉडीगार्ड और भट्ट महोदय से परेशान हैं.**

झारखंड के एक जिले के थानेदार पिता-पुत्र से परेशान हैं. परेशानी पुत्र से ज्यादा पिता की वजह से है, क्योंकि साहेब के पिता न समय देखते हैं और न दिन, जब उनका मन करता है, फोन उठाते हैं और जिले के किसी भी थानेदार को फोन कर अपनी डिमांड ठोक देते हैं.

मामला साहब के पिता का रहता है, तो किसी की मजाल नहीं की टाल सके. लेकिन साहब के पिता जी का फोन आते ही थानेदार थर्रा जाते हैं, उन्हें डर सताने लगता है कि पता नहीं इस बार डिमांड ड्राफ्ट कितने का होगा? आलम यह है कि थानेदारों को यह भी समझ नहीं आ रहा है कि साहब को किया कमिटमेंट पूरा करें कि उनके पिता की डिमांड. दरअसल सिस्टम के तहत जिले के सभी थानेदार अपनी औकात के हिसाब से साहब को हर महीने तय तारीख पर रिचार्ज करते रहते हैं, ताकि उनकी कुर्सी सुरक्षित रहे.

अब साहेब के पिता के मैदान में आ जाने से लोड ज्यादा बढ़ गया है. इस बीच चर्चा यह भी है कि साहब की नजर अब राजधानी की हॉट सीट पर है. रांची में वह पहले भी काम कर चुके हैं और यहां के आबो-हवा से पूरी तरह वाकिफ हैं. यह मामला इन दिनों पुलिस मुख्यालय में खूब चर्चा में है. सबकी जुबान पर है.

### जिले के साहब का बॉडीगार्ड तो बड़े साहब का भट्ट सक्रिय

एक पुलिस प्रमंडल से तो अजीब खबर आ रही है. एक भट्ट नाम का आदमी और एक सिंह नाम का बॉडीगार्ड है. दोनों पुलिस विभाग के ही हैं. लेकिन बड़े साहेब के खासमखास है. उजले रंग की स्कॉर्पियो से चलते हैं. स्कॉर्पियो में कोई नंबर नहीं होता. लेकिन मजाल है किसी पुलिस अफसर की कि गाड़ी रोक दे. इस भट्ट से प्रमंडल भर के पुलिस पदाधिकारी परेशान है. क्योंकि उसमें ना तो बात करने की तहजीब है, ना ढंग से काम करने-कराने की. वहीं दूसरी तरफ जिले के साहब के वफादार बॉडीगार्ड सिंह भी काफी सक्रिय हैं और हर दिन जिले के साहब के लिए वसूली में लगे रहते हैं. भट्ट का बोकारो में घर है व जिला बल से नहीं आर्म्ड फोर्स वाले संगठन से है. वसूली के लिए वह जिस मोबाईल का इस्तेमाल करता , उसका नंबर 62.....234 है.

### कांग्रेस जीती हुई सीट हार गई है: रामटहल

**रांची।** लोकसभा सीट से पूर्व सांसद सुबोधकांत सहाय की बेटी यशस्विनी सहाय को उम्मीदवार बनाने के बाद पूर्व सांसद रामटहल चौधरी ने कहा कि मैं कांग्रेस में रांची लोकसभा सीट से चुनाव लड़ने की शर्त पर शामिल हुआ था. कांग्रेस जीती हुई सीट को हार गई है. पूरे राज्य में इंडी गठबंधन चुनाव हारने के लिए चुनाव लड़ रहा है। बताते चलें कि हाल के दिनों में रामटहल चौधरी ने हाथ का दामन थामा था। पिछली बार लोकसभा चुनाव में बीजेपी ने रामटहल चौधरी का टिकट काट दिया था, जिसके बाद उन्होंने निर्दलीय चुनाव लड़ा, हालांकि कोई प्रभाव नहीं छोड़ पाये और उनकी जमानत जब्त हो गई थी. रामटहल चौधरी दो बार स्थानीय विधायक और उसके बाद पांच बार सांसद रहे हैं.

झारखंड थोक शराब टेंडर मामला

# जनहित याचिका के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर

संवाददाता। रांची/दिल्ली

झारखंड में थोक शराब के लिए जारी टेंडर में गड़बड़ी की जांच को लेकर दाखिल जनहित याचिका के खिलाफ राज्य सरकार ने सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया है. इसको लेकर राज्य सरकार ने सुप्रीम कोर्ट में एसएलपी (स्पेशल लीव पिटीशन ) दाखिल किया है. एसएलपी में सरकार ने कहा है कि थोक शराब के लिए जारी टेंडर से जुडी जनहित याचिका सुनवाई योग्य नहीं है यानी सरकार ने जनहित याचिका की मेनटिब्लिटी को ही चुनौती दी है. याचिका में यह भी कहा गया है कि झारखंड हाईकोर्ट के पीआईएल (पब्लिक इंट्रेस्ट लिटिगेशन) रूल्स का भी पालन नहीं किया गया है. यह मामला सुप्रीम कोर्ट में 26 अप्रैल को सुनवाई के लिए सूचीबद्ध हो सकता है.

### अधिवक्ता राजीव कुमार ने दायर की थी जनहित याचिका

दरअसल थोक शराब के लिए जारी टेंडर में गड़बड़ी की जांच को लेकर अधिवक्ता राजीव कुमार ने जनहित याचिका दायर की थी. पूर्व में हुई सुनवाई में अदालत ने राजीव कुमार का नाम इस केस से हटा दिया और स्वतः संज्ञान लेकर मामले की सुनवाई कर रहा है.

राज्यभर की खबरों के लिए स्कैन करें

# शुभम संदेश

एक राज्य - एक अखबार



www.lagatar.in | गुरुवार 25 अप्रैल 2024 बैशाख कृष्ण पक्ष 02 , संवत 2081 ● पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹ ~~X~~ ● वर्ष : 2, अंक : 17 | आमंत्रण मूल्य : ₹ 3 मात्र


खदान में जल रिसाव के बाद डीजीएमएस के साथ सिंफर के वैज्ञानिकों ने भी किया कोलियरी का दौरा

## सेल जीतपुर कोलियरी में 450 असंगठित मजदूरों के रोजगार पर संकट

**खास बातें**

- मजदूरों को 10 दिनों के बाद पुन: बुलाने की बात कही गई
- 22 अप्रैल को खदान में जल रिसाव में हुई थी बढ़ोतरी

संवाददाता। धनबाद



सेल जीतपुर की कोलियरी में जल रिसाव की घटना के बाद न सिर्फ प्रबंधन की परेशानियां बढ़ गई हैं, बल्कि मजदूरों की भी रोजी-रोटी पर भी आफत आ गई है. 10 दिनों के लिए इस कोलियरी से जुड़े असंगठित मजदूरों को काम पर आने से मना कर दिया गया है. इससे मजदूरों में आक्रोश है, क्योंकि प्रबंधन खुल कर इस बात को भी स्वीकार नहीं कर रहा है कि जल रिसाव से यहां गंभीर खतरा है. लेकिन डीजीएमएस और सिंफर के लोग कोलियरी पहुंच कर खतरे का जायजा ले रहे हैं.

बताते चलें कि सोमवार की देर शाम कोलियरी के खदान में अचानक जल रिसाव में बढ़ोतरी हो गई थी. इस कारण आनन-फानन में यहां से लोगों को बाहर निकाला गया. इसके बाद से ही मजदूरों को खदान में उतरने नहीं दिया गया है. डीजीएमएस और सिंफर की टीम ने भी यहां का दौरा किया है. लेकिन जल रिसाव की घटना को प्रबंधन काफी गोपनीय रखे हुए है. गौरतलब हो कि 18 महीने बाद सितंबर 2023 में खदान चालू होने की प्रक्रिया में आई थी. अक्टूबर 2023 से काम फूल फेज में चालू हो गया. वहीं, 22 अप्रैल को द्वितीय पाली से काम फिर बंद हो गया, जिससे लगभग 450 मजदूर फिर से बेरोजगार हो गये.

### अधिकारियों ने 10 दिनों का वक्त लिया है: संघ

जनता मजदूर संघ के अध्यक्ष रवींद्र कुमार गोप व सीटू नेता विजय कुमार यादव ने बुधवार को उक्त जानकारी दी. उन्होंने कहा कि सोमवार को प्रथम पाली में करीब 150 मजदूर 14 नंबर फेस में कार्य के लिये गये थे. कार्य के दौरान मजदूरों ने फेस में पानी रिसते होते देखा. इसके बाद मामले की जानकारी माइनिंग सरदार को दी गई. जानकारी मिलते ही माइनिंग सरदार आनन फानन में उक्त स्थल पहुंचे और मुआयना किया. इसके बाद उन्होंने अपने वरीय अधिकारियों को फेस में हो रहे पानी रिसाव की जानकारी दी. वरीय अधिकारियों ने माइनिंग सरदार को पहले मजदूरों को खदान से ऊपर निकालने का निर्देश दिया. मजदूरों के ऊपर आने के बाद वरीय अधिकारी ने खदान के अंदर जा कर उक्त स्थल का मुआयना किया और फिलहाल काम बंद करने का निर्देश दे दिया. फिलहाल, अधिकारियों ने 10 दिनों का वक्त लिया है.

### इनकार कर रहे हैं जीएम



जीतपुर कोलियरी के महाप्रबंधक बादल मंडल से बात की गई, तो उन्होंने फेस में पानी होने की बात से साफ इंकार कर दिया और कहा, खदान बिल्कुल सुरक्षित है. कोई दिक्कत नहीं हैं. खदान में कार्य भी हो रहे हैं. 500 मजदूरों के बेरोजगारी पर उन्होंने कहा कि इससे पूर्व भी खदान डेढ़ साल बंद था, तो क्या हुआ. टाटा में तो 4000 मजदूर बेरोजगार हैं.

## एसीबी ने लातेहार-रामगढ़ से दो घूसखोर कर्मियों को दबोचा

संवाददाता। रामगढ़/पलामू



**खास बातें**

- चटकपुर पंचायत का सचिव चार हजार घूस लेते पकड़ाया
- रामगढ़ अंचल का चौकीदार 10 हजार रुपये लेते धराया

घूसखोर कर्मचारियों के खिलाफ एसीबी की टीम ने बुधवार को दो घूसखोरों को गिरफ्तार किया है. पहली कार्रवाई एसीबी पलामू की टीम ने लातेहार जिले के चटकपुर पंचायत में की. यहां पंचायत सचिव अनेश्वर प्रसाद को चार हजार रुपये घूस लेते रंगे हाथ पकड़ा किया. पंचायत सचिव ने कूप मरम्मती का पैसा निकालने के नाम पर चार हजार रुपये घूस की मांग की थी.

दूसरी तरफ एसीबी हजारीबाग की टीम ने कार्रवाई करते हुए रामगढ़ अंचल कार्यालय में प्रतिनियुक्ति चौकीदार अनिल कुमार महली को घूस लेते गिरफ्तार किया. चौकीदार महली के द्वारा वादी प्रेम शंकर मेहता से उनके जमीन में नाम ऑनलाइन चढ़ाने और ऑनलाइन रसीद निर्गत करने के नाम पर 10 हजार रुपये रिश्वत मांगी गई थी. दोनों मामलों में वादी द्वारा एसीबी कार्यालय में लिखित शिकायत की गयी थी. इस आलोक में जांच के दौरान आरोप सही पाये जाने पर एसीबी की अलग-अलग टीम ने कार्रवाई करते हुए दोनों आरोपियों को रंगे हाथ दबोचा.

### युवक पर चाकू से हमला मामले में दो गिरफ्तार

**जमशेदपुर**। सीतारामडेरा थाना क्षेत्र अंतर्गत बस स्टैंड के पास युवक पर चाकू से हमला मामले में पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है. गिरफ्तार आरोपियों में भुइयांडीह बर्निंग घाट के पास रहने वाला साहिल भुइयां उर्फ संदीप भुइयां और सुखराम मुंडा उर्फ छोटा मुंडा शामिल है. दोनों का पूर्व में भी आपराधिक इतिहास रहा है. बता दें कि बीते 19 अप्रैल की दोपहर करण भुईयां अपने घर से निकला था. इतने में बस स्टैंड के पास दोनों आरोपी पहुंचे और करण से रुपये की मांग करने लगे. विरोध करने पर संदीप ने चाकू निकाला और करण के शरीर पर कई वार कर दिये. घायल करन को परिजनों ने उसे इलाज के लिए एमजीएम अस्पताल पहुंचाया था.

### आर्म्स एक्ट के मामले में जयनाथ साहू बरी

**रांची**। करीब दो दशक तक आतंक का पर्याय रहे जयनाथ साहू को रांची सिविल कोर्ट से बड़ी राहत मिली है. कोर्ट ने उसे आर्म्स एक्ट के मामले में साक्ष्य के अभाव में बरी करते हुए रिहा कर दिया है. रांची सिविल कोर्ट के ज्यूडीशियल मजिस्ट्रेट फर्स्ट क्लास मान्या टंडन की कोर्ट ने इस मामले में फैसला सुनाया है. करीब 25 वर्ष पुराने इस मामले में रांची के लापुंग थाना में वर्ष 1999 में जयनाथ साहू के खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई थी. पिछले वर्ष ही जयनाथ साहू ने रांची सिविल कोर्ट में सरेंडर किया था. पिछले एक वर्ष में उसे कई मामलों में साक्ष्य के अभाव में रिहा किया जा चुका है.

गिरफ्तारी को चुनौती याचिका पर 55 दिनों से हाईकोर्ट का ऑर्डर रिजर्व

## सुप्रीम कोर्ट पहुंचे हेमंत सोरेन

विनीत आभा उपाध्याय। रांची/दिल्ली



झारखंड के पूर्व सीएम हेमंत सोरेन ने बुधवार को सुप्रीम कोर्ट को बताया कि धनशोधन मामले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की ओर से की गई गिरफ्तारी को चुनौती देने वाली उनकी याचिका पर उच्च न्यायालय फैसला नहीं सुना रहा है. सोरेन की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल ने एक अन्य मामले की सुनवाई के दौरान बुधवार को न्यायमूर्ति संजीव खन्ना और न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता की पीठ को बताया कि झारखंड हाईकोर्ट ने उनकी याचिका पर 28 फरवरी को अपना फैसला सुरक्षित रख लिया था, लेकिन 55 दिन बीतने के बावजूद अभी तक कोई निर्णय नहीं सुनाया गया है.

सिब्बल ने कहा कि सोरेन ने अपनी गिरफ्तारी के खिलाफ दो फरवरी को सुप्रीम कोर्ट का रुख किया था, लेकिन पीठ ने उनसे राहत पाने के लिए हाईकोर्ट जाने के लिए कहा. सिब्बल ने कहा, हमने हेमंत सोरेन मामले में अनुच्छेद 32 के तहत याचिका दायर की है. पीठ ने कहा कि हाईकोर्ट जाएं. हम चार फरवरी को हाईकोर्ट गये और फिर 27-28 फरवरी को मामले की सुनवाई हुई. लेकिन याचिका पर अभी तक फैसला नहीं किया गया है. वरिष्ठ वकील ने कहा, हम फिर से हाईकोर्ट गए और कहा कि जब तक फैसला नहीं सुनाया जाता, हम कहीं नहीं जा सकते. न्यायाधीश ने कुछ नहीं कहा. फिलहाल वह (हेमंत सोरेन) अंदर हैं और चुनाव खत्म हो जाएगा, तब हम कहां जाएं?

### हम कुछ बोलेंगे, तो कहेंगे कि बोलते हैं: सिब्बल

वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल ने कहा, यदि हम कुछ कहते हैं, तो वे कहेंगे कि हम न्यायपालिका पर हमला कर रहे हैं. उन्होंने याचिका को शुक्रवार को सूचीबद्ध करने का अनुरोध किया. न्यायमूर्ति खन्ना ने कहा कि वह याचिका को सूचीबद्ध करने पर कुछ नहीं कह सकते और प्रधान न्यायाधीश का सचिवालय याचिका को सूचीबद्ध करने की तारीख देगा. पीठ ने कहा, केवल विवरण दीजिए, यह हो जाएगा. आज या कल, आपको मामले को सूचीबद्ध करने की तारीख मिलेगी.

### प्रज्ञा बघेल की तरफ से दायर की गयी याचिका

हेमंत सोरेन ने वकील प्रज्ञा बघेल के माध्यम से दायर अपनी याचिका में कहा कि एक पैटर्न सामने आया है जो प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की कार्रवाइयों में मनगढ़ंत आरोपों के आधार पर व्यक्तियों विशेष कर विपक्ष से जुड़े राजनीतिक नेताओं पर मुकदमा चलाने और उन्हें निशाना बनाने की कार्रवाइयों के रूप में परिलक्षित होता है. सोरेन को 31 जनवरी को इस मामले में गिरफ्तार किया गया था और राज्य के परिवहन मंत्री चंपई सोरेन को सत्ता की कमान सौंपी गई. ईडी जाली/फर्जी दस्तावेजों की आड़ में नकली विक्रेता और खरीददार दिखाकर करोड़ों रुपये की जमीन का बड़ा हिस्सा हासिल करने के लिए आधिकारिक रिकॉर्ड में हेरफेर करके कथित तौर पर भारी मात्रा में अपराधिक आय अर्जित करने से जुड़े मामले की जांच कर रही है.

### जमानत के लिए ट्रायल कोर्ट का दरवाजा खटखटाया

बता दें कि जेल में बंद हेमंत सोरेन ने अपनी जमानत के लिए ट्रायल कोर्ट का भी दरवाजा खटखटाया है. जिसपर एक मई को सुनवाई होनी है. हेमंत सोरेन और बड़गाईं अंचल के हल्का कर्मचारी भानु प्रताप फिलहाल बिरसा मुंडा केंद्रीय कारागार में न्यायिक हिरासत में हैं. वहीं इसी केस में अफसर अली, अंतू तिर्की, प्रियरंजन सहाय, विपिन सिंह और इरशाद को भी ईडी गिरफ्तार कर चुकी है.

विभिन्न संस्थानों के पदाधिकारियों के साथ डीसी ने की बैठक, दिए निर्देश

## बूथों पर बुनियादी सुविधाएं बहाल करें



**चुनाव तैयारी**

- वोटर अवेयरनेस व यूनिक बूथ संबंधी दिशा-निर्देश दिए
- छूटे हुए मतदाताओं का नाम मतदाता सूची में दर्ज कराएं

संवाददाता। धनबाद

जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त माधवी मिश्रा की अध्यक्षता में बुधवार को समाहरणालय स्थित सभागार में आसन्न लोकसभा चुनाव के मद्देनजर वोटर अवेयरनेस फोरम, एएमएफ एवं यूनिक बूथ से संबंधित बैठक हुई. इसमें बीसीसीएल के सभी महाप्रबंधक, टाटा स्टील, इसीएल, डीवीसी मैथन, पंचेत, एमपीएल, हर्ल के परियोजना प्रमुख, सभी सीडीपीओ के शामिल थे.

इस दौरान जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने सभी महाप्रबंधक एवं परियोजना प्रमुखों को वोटर अवेयरनेस फोरम से संबंधित रिपोर्ट 27 अप्रैल तक उपलब्ध कराने का निर्देश दिया. उन्होंने कहा कि यदि किसी भी संस्थान के कर्मी, जिनकी उम्र 18 वर्ष या उससे अधिक है, उनका यदि मतदाता सूची में नाम नहीं है, तो 26 अप्रैल तक वोटर अवेयरनेस फोरम के नोडल पदाधिकारी उनका नाम मतदाता सूची में अवश्य जुड़वाएं. साथ ही कर्मी के परिवार में यदि किसी का भी नाम मतदाता सूची में छूट गया है, तो उनका भी नाम मतदाता सूची में जुड़वाना सुनिश्चित कर रिपोर्ट उपलब्ध कराएं.

बैठक में नगर आयुक्त रवि राज शर्मा, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी अनीता कुजूर, उप निर्वाचन पदाधिकारी कालिदास मुंडा, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी सुनिल कुमार सिंह, डीपीएम जेएसएलपीएस शैलेश रंजन आदि उपस्थित रहे.

### क्षेत्र के 10 बूथों को चिह्नित कर सुसज्जित करें

वहीं एएमएफ की व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने सभी महाप्रबंधक समेत सभी परियोजना प्रमुख को अपने-अपने क्षेत्र की बूथों में बुनियादी सुविधाएं जैसे पीने योग्य पानी, शौचालय, बिजली, रैंप आदि की व्यवस्था के लिए दिशा निर्देश दिए. उन्होंने सभी संस्थान के महाप्रबंधक एवं परियोजना प्रमुखों को अपने-अपने क्षेत्र में यूनिक बूथ बनाने का निर्देश दिया. उन्होंने कहा कि सभी अपने-अपने क्षेत्र में कम से कम 10 बूथों को चिन्हित करें एवं उसे अपने-अपने क्षेत्र के अनुरूप जो भी चीजें यूनिक हैं, उन चीजों से जोड़ते हुए बूथ को सुसज्जित करें.

पुलिस कप्तान से अपराधियों के जमानत से जुड़े तथ्यों का अपडेट मांगा गया

## डीसी ने लौटाई सीसीए की फाइल

- जमानत समेत अन्य तथ्यों को खंगालने में जुटी पुलिस
- 14 अपराधियों के खिलाफ सीसीए लगाने की है तैयारी

संवाददाता। धनबाद

जिले में बढ़ते अपराध पर नियंत्रण के लिए पुलिस कप्तान ने धनबाद के शातिरों की कुंडली तैयार की थी. इन लोगों के खिलाफ कई अधिकारियों को लगाकर पूरे जिले के शातिर अपराधियों और उनके गतिविधियों पर पैनी निगाह रखने के बाद 14 शातिरों के खिलाफ सीसीए की अनुशंसा करते हुए उपायुक्त के पास फाइल भेजी गयी थी. इस फाइल को तीन दिन पूर्व उपायुक्त कार्यालय से लौटा दिया गया है.

फाइल लौटाने की वजह लिखी गई है कि सीसीए के लिए अनुशंसित अपराधियों की जमानत से जुड़े करंट अपडेट की भी जानकारी देनी है. बताते चलें कि धनबाद में 14 अपराधियों के खिलाफ सीसीए लगाने की तैयारी में जिला पुलिस थी. इनमें रंगदारी मांगनेवालों से लेकर कोल डंप और आउटसोर्सिंग स्थलों पर रंगदारी वूसलने वालों तक के नाम शामिल हैं. कुछ ऐसे लोग भी शामिल हैं, जिन्होंने सियासी चादर ओढ़ रखी है.

**200 से अधिक लोगों का नाम गुंडा पंजी में दर्ज होगा :** पुलिस के मुताबिक करीब डेढ़ दर्जन लोगों को इस सूची में कार्रवाई के लिए रखा गया है. हालांकि जिले में सक्रिय अपराधियों की सूची चार हजार के करीब हैं. 200 से अधिक लोगों का नाम गुंडा पंजी में दाखिल किया जाएगा.

## भतीजे की हत्या का आरोपी चाचा गिरफ्तार, भेजा जेल

संवाददाता। बहरागोड़ा

भतीजे की हत्या के आरोप में चाचा को गिरफ्तार कर पुलिस ने जेल भेज दिया. जानकारी के मुताबिक, बरसोल थाना क्षेत्र के खेड़ुया पंचायत अंतर्गत जयपुरा गांव में चाचा संजीवन साव द्वारा कई वर्षों से चले आ रहे जमीन विवाद को लेकर विगत मंगलवार को भतीजा रूद्र मोहन साव (52) के सिर पर कुल्हाड़ी से वार कर दिया था. घायल को स्थानीय लोगों ने निजी वाहन से चिकित्सा हेतु बहरागोड़ा सामुद्रिक स्वास्थ्य केंद्र लाया था. प्राथमिक उपचार के बाद स्थिति गंभीर देखते हुए उसे पीआरएम मेडिकल कॉलेज, बारीपदा रेफर कर दिया गया था. लेकिन, बारीपदा ले जाने के क्रम में बीच रास्ते में ही उसकी मौत हो गई थी. वहीं हत्या के आरोप में गिरफ्तार आरोपी संजीवन साव के खिलाफ धारा- 302/201 आईपीसी के तहत मामला दर्ज कर बुधवार को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया.



रांची के ओरमांझी स्थित बिरसा मुंडा जैविक उद्यान में भीषण गर्मी से राहत पाने के लिए जलक्रीड़ा करता हाथी.

**पर्यावरण संरक्षण की मुहिम**

झरिया में बेखौफ हो चुके अवैध ईंट भट्ठा संचालकों का दुस्साहस

## जेसीबी से खोदी जा रही है जमीन, ट्रैक्टर से ढोई जा रही है मिट्टी

रणजीत कुमार सिंह। धनबाद



**खास बातें**

- समतल जमीन को एक दिन में ही बना दे रहे हैं तालाब
- कई ट्रैक्टरों से एक दिन में ही ढुलाई कर रहे सारी मिट्टी

झरिया में अवैध ईंट भट्ठा संचालक पूरी तरीके से बेखौफ हैं. इन्हें अब किसी बात का डर नहीं है. इनका दुस्साहस ही है कि दिन के उजाले में ही जेसीबी लगाकर इलाके में जमीन की खुदाई करवाते हैं और ट्रैक्टरों से मिट्टी ढोते हैं. एक नहीं, कई-कई ट्रैक्टर मिट्टी की ढुलाई में लगाए जाते हैं. ऐसा सिर्फ एक नहीं, इस इलाके के जो भी बड़े ईंट भट्ठा संचालक हैं, सभी ऐसा ही करते हैं. इन मिट्टी से ही ईंटों का निर्माण किया जाता है. यदि मिट्टी सरकारी या वन विभाग की जमीन से काटी जा रही है, तो फिर कोई शिकायत होती ही नहीं है. यदि किसी रैयत की जमीन हुई, तो पहले दबंगई की जाती है. बात नहीं बनने पर कुछ ले- देकर मामले को आगे बढ़ने नहीं दिया जाता है.

**कई इलाकों में 12-12 फीट तक काट दी मिट्टी :** बोर्रागढ़ के कई इलाकों में अवैध भट्ठा संचालकों ने 12-12 फीट तक मिट्टी काट कर समतल जमीन को तालाब में बदल दिया है. ऐसा सिर्फ एक ही जगह नहीं, बल्कि कई-कई स्थानों पर किया जा चुका है. इस जमीन पर जेसीबी लगा कर मिट्टी को जैसे-तैसे काट दिया जाता है. जेसीबी जब लगाया जाता है, उसी दिन ही मिट्टी ढोने के सारे इंतजाम किये जा चुके होते हैं. यानी एक तरफ मिट्टी काटी जाती है और दूसरी तरफ तत्काल ही उक्त मिट्टी को उठा कर ईंट भट्ठों की जमीन पर गिराने का भी काम कर दिया जाता है, ताकि बाद में किसी तरह की कोई गड़बड़ी न हो. इसलिए, कई-कई ट्रैक्टर मिट्टी ढुलाई में लगाए जाते हैं.

**बोर्रागढ़ में ही डेढ़ दर्जन अवैध भट्ठा संचालक :** इन दिनों बोर्रागढ़ अवैध भट्ठा संचालकों का सबसे बड़ा चारागाह बन गया है. क्योंकि, यहां की अधिकांश जमीन बीसीसीएल और वन विभाग की है. इनकी जमीन पर बिना बेरोक-टोक ईंट भट्ठे चलाये जा रहे हैं. कुछ रैयती जमीन पर भी भट्ठों का संचालन हो रहा है. इन्हें सीजन या फिर सालाना के हिसाब से कुछ रकम दी जाती है. इसके बदले इनकी पूरी की पूरी जमीन ही बर्बाद कर दी जाती है.

### ये हैं भट्ठा संचालक

1. उपेंद्र पासवान
2. विनोद सिंह
3. अशोक सिंह
4. मुख्तार खान
5. शेख सुल्तान
6. राय ब्रदर्स
7. लूटन रवानी
8. चमन सिंह
9. झगड़ू सिंह
10. मो डोमन
11. गुड्डू पासा
12. नेपाली
13. मो डिस्को
14. राजेश सिंह

## भाजपा के 40 स्टार प्रचारक झारखंड में करेंगे चुनाव प्रचार

प्रमुख संवाददाता। रांची

भाजपा ने झारखंड में लोकसभा चुनाव में प्रचार के लिए 40 स्टार प्रचारकों की लिस्ट जारी की है. इस लिस्ट में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृहमंत्री अमित शाह, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा, झारखंड भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी, केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा, झारखंड के लोकसभा प्रभारी लक्ष्मीकांत वाजपेई, संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह, यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, मध्य प्रदेश के सीएम मोहन यादव, छत्तीसगढ़ के सीएम विष्णु देव साय, शिवराज सिंह चौहान शामिल हैं.

### झारखंड के नेता भी स्टार प्रचारकों की सूची में शामिल

झारखंड के कई भाजपा नेताओं को भी स्टार प्रचारक की लिस्ट रखा गया है. इनमें नेता प्रतिपक्ष अमर बाउरी, विधायक अनंत ओझा, सीपी सिंह, नीलकंठ मुंडा, भानुप्रताप शाही, रणधीर सिंह और राज्यसभा सांसद आदित्य साहू, दीपक प्रकाश और धूरन राम का नाम शामिल हैं. लोकसभा चुनाव लड़ रहीं सीता सोरेन, गीता कोड़ा और समीर उरांव को भी स्टार प्रचारक बनाया है. बिहार में भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष सम्राट चौधरी और उपमुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा भी स्टार प्रचारकों की सूची में हैं.

### ब्रीफ खबरें

## बैंकमोड़ में मतदाता जागरूकता अभियान

**धनबाद।** बैंक मोड़ क्षेत्र में बैंक मोड़ चैंबर की ओर से बुधवार की संध्या पांच बजे मतदाता जागरूकता अभियान चलाया गया. इसमें बड़ी संख्या में दुकानदारों ने मतदान करने एवं अपने सभी कर्मचारियों को भी मतदान करवाने की शपथ ली. उक्त मौके पर हस्ताक्षर अभियान भी चलाया गया. चेंबर महासचिव लोकेश अग्रवाल ने बताया यह कार्यक्रम पूर्णतयः गैर राजनीतिक था. कार्यक्रम का मकसद चुनाव के पर्व 25- मई को अपने कर्तव्य के निर्वाहन को सुनिश्चित करने के लिए प्रोत्साहन देने का था. मौके पर बैंक चेंबर कोषाध्यक्ष संदीप मुखर्जी, विकास पटवारी, संजय अग्रवाल, दीपेश पटेल, आलोक रुंगटा, विशाल कृष्णाणी, सन्नी अनेजा, विशाल, राजू आदि उपस्थित थे.

## व्यावसायिक शिक्षा का हुआ समापन

**मैथन।** आदर्श वरीय बुनियादी विद्यालय मैथन में झारखंड सरकार द्वारा निर्देशित दस दिवसीय व्यवसायिक शिक्षा का समापन बुधवार को हुआ. समारोह में बच्चों द्वारा एक प्रदर्शनी भी लगाई गई. समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी सुमित्रा तिर्की और सीआरपी पंकज कुमार सिंह उपस्थित थे. तिर्की ने कहा कि वरीय बुनियादी विद्यालय के बच्चे काफी मेहनती और मेधावी हैं. उन्होंने बच्चों के व्यावसायिक रचनात्मक कार्यों का अवलोकन किया. मौके पर प्रधानाध्यापक उत्तम कुमार घांटी, धर्मेंद्र कुमार, श्वेता भारती, उर्मिला कुमारी, नीलु सिन्हा, ब्यूटी राय, सुभाष साव, अकुल मंडल, अनुप कुमार, नवी खान, दमयंती राव आदि उपस्थित थे.

## एक जेसीबी मशीन और दो ट्रैक्टर जब्त

**बरोरा।** बरोरा थाना क्षेत्र के सिंदवारटांड अवैध मिट्टी खनन करने को लेकर बुधवार की दोपहर पुलिस ने छापामारी कर एक जेसीबी और दो ट्रैक्टर जब्त किये. हालांकि पुलिस को आता देख जेसीबी व ट्रैक्टर चालक भागने में सफल रहे. पुलिस जेसीबी मशीन व टैक्टरों को थाना ले आई. मालूम हो कि लंबे समय से बरोरा इलाके में सरकारी व गौचर भूमि पर अवैध रूप से मिट्टी खनन का कार्य चल रहा है. बडे. पैमाने पर जेसीबी मशीन से मिट्टी कटाई कर ट्रैक्टरों से सरेआम ढुलाई की जाती थी. बरोरा थाना प्रभारी विकास कुमार ने बताया कि सूचना मिली थी सिंदवार टांड में अवैध मिट्टी का खनन जारी है. क्षेत्र में किसी भी तरह का अवैध काम होने नहीं दिया जाएगा.

## असमाजिक तत्वों की करतूत से जल संकट

**मधुबन।** महेशपुर 2 पंचायत के महेशपुर ऊपर बस्ती के बोर हाल के समीप सोलर ऊर्जा से संचालित पानी टंकी में लगे पांच नल और पानी सप्लाई पाइप में लगे दो नल मंगलवार की रात असामाजिक तत्वों ने चुरा लिए. घटना से इलाके में लोगों को पानी के लिए परेशानी उठानी पड़ रही है. उक्त पानी टंकी से उत्क्रमिक मध्य विद्यालय महेशपुर, मधुबन थाना परिसर, महेशपुर काली मंदिर, होते हुए खरखरी शिव मंदिर तक सप्लाई पाइप से पानी दिया जाता है, जिसमें लगभग 35 नल लगे हैं. इस संबंध में मुखिया संध्या देवी ने बताया कि असामाजिक तत्व पानी की सप्लाई में बाधा डालने के लिए नल खोल देते हैं. अगर इस तरह की घटना दोबारा हुई तो सभी को चिन्हित कर प्रशासन से शिकायत कर कार्रवाई की जाएगी.

---

### निरसा प्रखंड के तिलतोड़िया गांव में सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा का किया गया आयोजन

# जीवन में श्याम नहीं तो आराम नहीं : देवकीनंदन ठाकुर

**संवाददाता। निरसा**




प्रखंड की मदनपुर पंचायत के तिलतोड़िया गांव में आयोजित सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा के दूसरे दिन देवकीनंदन ठाकुर महाराज ने कहा कि श्रीकृष्ण दुखी है कि इस कलयुग के व्यक्ति का कल्याण कैसे हो? राधा रानी ने पूछा क्या आपने इनके लिए कुछ सोचा है? प्रभु बोले, जो हमारी कथाओं को सुनेगा तो उसका कल्याण निश्चित हो जाएगा.

भागवत वही अमर कथा है जो भगवान शिव ने माता पार्वती को सुनाई थी. कथा सुनना भी सबके भाग्य में नहीं होता. जब भगवान भोलेनाथ से माता पार्वती ने उनसे अमर कथा सुनाने की प्रार्थना की तो बाबा भोलेनाथ ने कहा कि जाओ पहले यह देखकर आओ कि कैलाश पर तुम्हारे या मेरे अलावा और कोई तो नहीं है, क्योंकि यह कथा सबको नसीब में नहीं है. माता पूरा कैलाश देख आई पर शुक के अपरिपक्व अंडों पर उनकी नज़र नहीं पड़ी. भगवान शंकर ने पार्वती को जो अमर कथा सुनाई वह भागवत कथा ही थी. लेकिन मध्य में पार्वती को निद्रा आ गई और वो कथा शुक ने पूरी सुन ली. यह भी पूर्व जन्मों के पाप का प्रभाव होता है कि कथा बीच में छूट जाती है.

### गोविंद के गीत गाए बिना शांति नहीं मिलेगी

महाराज ने कहा, भगवान की कथा मन से नहीं सुनने के कारण ही जीवन में पूरी तरह से धार्मिकता नहीं आ पाती है. जीवन में श्याम नहीं तो आराम नहीं. भगवान को अपना परिवार मानकर उनकी लीलाओं में रमना चाहिए. गोविंद के गीत गाए बिना शांति नहीं मिलेगी. धर्म, संत, मां-बाप और गुरु की सेवा करो. जितना भजन करोगे उतनी ही शांति मिलेगी. संतों का सानिध्य हृदय में भगवान को बसा देता है. क्योंकि कथाएं सुनने से चित्त पिघल जाता है और पिघला चित ही भगवान को बसा सकता है. शुक की कथा सुनाते महाराज ने बताया कि शुक द्वारा चुपके से अमर कथा सुन लेने के कारण जब शंकर ने उन्हें मारने के लिए दौड़ाया तो वह एक ब्राह्मणी के गर्भ में छुप गए. कई वर्षों बाद व्यास के निवेदन पर भगवान शंकर इस पुत्र के ज्ञानवान होने का वरदान दे कर चले गए. व्यास ने जब शुक को बाहर आने के लिए कहा तो उन्होंने कहा कि जब तक मुझे माया से सदा मुक्त होने का आश्वासन नहीं मिलेगा. मैं नहीं आऊंगा. तब भगवान नारायण को स्वयं आकर ये कहना पड़ा की शुक आप आओ आपको मेरी माया कभी नहीं लगेगी.

---

# पीएम मोदी के कार्यों को घर घर तक पहुंचाएं : श्रवण राय

- पाठसभा कार्यक्रम के लिए भाजपा ने विधानसभा स्तर पर नियुक्त किये चुनाव प्रभारी

**संवाददाता। धनबाद**



भारतीय जनता पार्टी धनबाद महानगर के पदाधिकारी और मंडल अध्यक्षों की बैठक हाउसिंग कॉलोनी स्थित लोकसभा चुनाव कार्यालय में जिला अध्यक्ष श्रवण राय की अध्यक्षता में हुई। राय ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश के विकास के साथ-साथ पूरे विश्व में भारत का सम्मान बढ़ाने का भी काम किया है. इसलिए भाजपा प्रत्याशी ढुल्लू महतो को भारी मतों से जिताकर संसद में भेजने का काम करें और प्रधानमंत्री के हाथों को मजबूत करें. भाजपा शक्ति केंद्र स्तर पर पथसभा का आयोजन करेगी और प्रधानमंत्री के विकास कार्यों को जन-जन तक पहुंचाने का कार्य करेगी. इसके लिए जिला अध्यक्ष ने विधानसभा स्तर पर प्रभारी की नियुक्ति की है. धनबाद विधानसभा के प्रभारी मानस प्रसून, झरिया विधानसभा के प्रभारी रवि सिन्हा और बाघमारा विधानसभा के प्रभारी महेश पासवान बनाए गए हैं. बैठक में जिला महामंत्री नितिन भट्ट, रवि सिंहा, जिला उपाध्यक्ष मानस प्रसून, वीरेंद्र हंसदा, संजय झा, उमेश यादव, जिला मंत्री महेश पासवान, कंचन चौरसिया, चंद्रशेखर मुन्ना, राज किशोर आदि उपस्थित थे.

---

### रेलवे की पहली प्राथमिकता सुरक्षित और मंगलमय यात्रा नहीं रही

# सावधान! बगैर मेंटेनेंस के पटरी पर दौड़ रहीं सात ट्रेनें

- ब्लैक डायमंड, धनबाद-भुवनेश्वर, दीक्षाभूमि, धनबाद-चंद्रपुरा सवारी गाड़ी, धनबाद-सिंदरी पैसेंजर समेत अन्य ट्रेनों का महीने में एक दिन होता है मेंटेनेंस

**राजा गुप्ता। धनबाद**



भारतीय रेलवे की पहली प्राथमिकता ट्रेनों में सफर करने वाले यात्रियों को सुरक्षित और मंगलमय यात्रा कराना है, जबकि वर्तमान समय में यात्रियों की जिंदगी से खिलवाड़ करना रेलवे अधिकारियों की नियति बन गई है. ट्रेनों को बगैर मेंटेनेंस के ही पटरी पर दौड़ायी जा रही है. ऐसे में कभी बड़े रेल हादसे से इंकार नहीं किया जा सकता है. रेलवे सूत्रों के अनुसार धनबाद से हावड़ा के बीच चलने वाली ब्लैक डायमंड, धनबाद-भुवनेश्वर एक्सप्रेस, धनबाद-कोल्हापुर दीक्षाभूमि, धनबाद-बांकुरा मेमू, धनबाद-झाड़ग्राम मेमू, धनबाद-चंद्रपुरा सवारीगाड़ी और धनबाद-सिंदरी पैसेंजर ट्रेनों का महीना भर चलने के बाद एक दिन मेंटेनेंस होता है.

सभी ट्रेनों में लगभग 20 हजार यात्री सफर करते हैं. एक ट्रेन में लगभग ढ़ाई से तीन हजार यात्री सफर करते हैं. कभी किसी कोच के ट्रॉली, ब्रेक ब्लॉक, एयर ब्रेक आदि अन्य उपकरणों में गड़बड़ी के कारण ट्रेन दुर्घटनाग्रस्त होती है, तो इसके लिए जिम्मेदार कौन होगा. हादसे के बाद मंडल से लेकर मुख्यालय तक के अधिकारियों की टीम घटनास्थल पर पहुंचेगी और जांच टीम गठित कर दी जाएगी. जांच टीम को एक समय दिया जाएगा, जो निर्धारित समय में जांच रिपोर्ट संबंधित अधिकारी को सौंप दी जाएगी. जांच में अक्सर में ट्रेन के किसी कोच की ट्रॉली या पटरी में तकनीकी खराबी बता दी जाती है, जिससे हादसे होने की बात कही जाती है. इसमें न तो किसी अधिकारी पर कार्रवाई होती है और न ही कोई कर्मी को दोषी बताया जाता है.

### प्लेटफॉर्म और लूप लाइन में खड़ी करने के बाद निर्धारित समय पर खुल जाती है ट्रेनें

ब्लैक डायमंड समेत सातों ट्रेन गंतव्य से धनबाद आने के बाद संबंधित प्लेटफॉर्म या उसे शटिंग कर लूप लाइन में खड़ी कर दी जाती है. फिर जब ट्रेन के खुलने का समय होता है, तो उसे धनबाद से रवाना कर दिया जाता है. बगैर मेंटेनेंस के चलने से अक्सर ब्रेक ब्लॉक या ट्रॉली में गड़बड़ी होने से ट्रेनें बेपटरी हो जाती हैं. कई बार तो शटिंग के दौरान भी धनबाद स्टेशन के निकट बरमसिया फाटक के पास ट्रेनें बेपटरी हो चुकी हैं. इसमें ब्लैक डायमंड, गंगा-दामोदर, गंगा-सतलज, कोलफील्ड, स्वर्णरेखा एक्सप्रेस आदि ट्रेनें शामिल हैं.

### धनबाद रेल मंडल से गुजरती हैं 407 ट्रेनें और 300 मालगाड़ियां

रेलवे सूत्रों के अनुसार धनबाद रेल मंडल के ग्रैंडकॉर्ड और सीआईसी सेक्शन से 407 एक्सप्रेस व पैसेंजर ट्रेनें गुजरती हैं. इसके अलावा 300 से अधिक मालगाड़ियां गुजरती हैं. अप-डाउन की दो रेलवे लाइन होने के कारण पटरी पर क्षमता से अधिक लोड पड़ने के कारण भी हादसे हो चुके हैं. एक साल में लगभग एक दर्जन से अधिक कोयला लदी मालगाड़ियां बेपटरी हो जाती हैं. यही वजह है कि दो अन्य लाइन डीएफसी बिछायी जा रही हैं. भूमि अधिग्रहण, अतिक्रमण व कई जगहों पर समतल जमीन नहीं मिलने के कारण विलंब हो रही है. डीएफसी की लाइन डानकुनी से धनबाद होकर लुधियाना तक बिछायी जा रही है. चार रेलवे लाइन होने के बाद ट्रेन व मालगाड़ियों की अलग-अलग ट्रैक हो जाएगी.

---

# द. भारत के लिए धनबाद से चार ट्रेनें

**संवाददाता। धनबाद**

भीषण गर्मी में सामान्य ट्रेनों में भीड़ अधिक होने के कारण रेलवे ने धनबाद होकर और चार जोड़ी समर स्पेशल ट्रेनों को चलाने की घोषणा की है. रेलवे अधिकारी के अनुसार धनबाद से ईरोड और धनबाद से ताम्बरम स्टेशन के बीच दो जोड़ी स्पेशल ट्रेनें चलायी जाएगी. ट्रेन नंबर 06063/ 06064 ईरोड-धनबाद-ईरोड स्पेशल काटपाडी-विजयवाड़ा-विजयनगरम-झारसुगुड़ा-रांची-बोकारो के रास्ते चलेगी. ट्रेन नंबर 06063 ईरोड-धनबाद स्पेशल 26 अप्रैल से 28 जून तक प्रत्येक शुक्रवार को ईरोड से 13.30 बजे खुलकर रविवार को 08.30 बजे धनबाद पहुंचेगी. ट्रेन नंबर 06064 धनबाद-ईरोड स्पेशल 29 अप्रैल से एक जुलाई तक प्रत्येक सोमवार को धनबाद से 06.00 बजे खुलकर बुधवार को 02.00 बजे ईरोड को पहुंचेगी. इस ट्रेन में शयनयान श्रेणी के 02 और साधारण श्रेणी के 18 कोच होंगे. वहीं ट्रेन नंबर 06065/ 06066 ताम्बरम-धनबाद-ताम्बरम स्पेशल, विजयवाड़ा-विजयनगरम-झारसुगुड़ा-रांची-बोकारो चलेगी. ट्रेन नंबर 06065 ताम्बरम-धनबाद स्पेशल 28 अप्रैल से 30 जून तक प्रत्येक रविवार को ताम्बरम से 18.15 बजे खुलकर मंगलवार को 08.30 बजे धनबाद पहुंचेगी. ट्रेन नंबर 06066 धनबाद-ताम्बरम स्पेशल एक मई से तीन जून तक प्रत्येक बुधवार को धनबाद से 06.00 बजे खुलकर गुरुवार को 22.45 बजे ताम्बरम को पहुंचेगी. इस ट्रेन में शयनयान श्रेणी के 02 और साधारण श्रेणी के 16 कोच होंगे.

### बरौनी से ताम्बरम और कोयंबटूर के बीच चलेगी दो जोड़ी ट्रेनें

ट्रेन नंबर 06061/ 06062 ताम्बरम-बरौनी-ताम्बरम स्पेशल विजयवाड़ा-विजयनगरम-झारसुगुड़ा-रांची-बोकारो-धनबाद-मधुपुर-किऊल होकर चलेगी. ट्रेन नंबर 06061 ताम्बरम-बरौनी स्पेशल 25 अप्रैल से 27 जून तक प्रत्येक गुरुवार को ताम्बरम से 18.18 बजे खुलकर शनिवार को 07.05 बजे धनबाद पहुंचेगी और शनिवार को 13.55 बजे बरौनी पहुंचेगी. ट्रेन नंबर 06062 बरौनी-ताम्बरम स्पेशल 27 अप्रैल से 29 जून तक प्रत्येक शनिवार को बरौनी से 23.55 बजे खुलकर रविवार को 05.50 बजे धनबाद पहुंचेगी और सोमवार को 22.45 बजे ताम्बरम पहुंचेगी. इस ट्रेन में शयनयान श्रेणी के 13 और साधारण श्रेणी के 07 कोच होंगे. ट्रेन नंबर 06059/ 06060 कोयंबटूर-बरौनी-कोयंबटूर स्पेशल, ईरोड-काटपाडी-विजयवाड़ा-विजयनगरम-झारसुगुड़ा-रांची-बोकारो-धनबाद-मधुपुर-किऊल होकर चलेगी. ट्रेन नंबर 06059 कोयंबटूर-बरौनी स्पेशल 23 अप्रैल से 25 जून तक प्रत्येक मंगलवार को कोयंबटूर से 11.50 बजे खुलकर गुरुवार को 07.05 बजे धनबाद पहुंचेगी. गुरुवार को ही 14.30 बजे बरौनी पहुंचेगी. ट्रेन नंबर 06060 बरौनी-कोयंबटूर स्पेशल 26 अप्रैल से 28 जून तक प्रत्येक शुक्रवार को बरौनी से 23.45 बजे खुलकर शनिवार को 05.50 बजे धनबाद पहुंचेगी. सोमवार को 03.45 बजे कोयंबटूर पहुंचेगी. इस स्पेशल में शयनयान श्रेणी के 10 और साधारण श्रेणी के 10 कोच होंगे.

## महीनों बाद मिला कोविड मरीज, बीसीसीएल कर्मी सेंट्रल अस्पताल में भर्ती

**धनबाद।** मार्च 2020 में देशभर में फैले कोविड कई महीनों तक धनबाद समेत देशभर में तांडव मचाता रहा. कई लोगों की मौत हो गई. फिर से कोविड ने अपना पांव पसारना शुरू कर दिया. बुधवार को एक बीसीसीएल कर्मी को बुखार व सांस फुलने से कोविड जांच करायी गई. कोविड का संक्रमण पाए जाने से उसे सेंट्रल अस्पताल में भर्ती कराया गया. कोविड का मरीज धांगी का रहनेवाला है.

## टाइल्स शोरूम में लाखों की चोरी

**संवाददाता। धनसार**

धनसार चौक के समीप न्यू टाइल्स नामक प्रतिष्ठान में चोरों ने वारदात को अंजाम दिया है. चोरों द्वारा यहां से बीस लाख रुपये चुराए जाने की बात कही जा रही है. मामले को लेकर शोरूम के मैनेजर राजकुमार अग्रवाल ने धनसार थाने में शिकायत दर्ज कराई है. बताया गया है कि मंगलवार को तय समय पर रात में दुकान बंदकर सारे लोग चले गए. सुबह आने पर देखा कि कैश काउंटर का ताला टूटा हुआ है. यहां लगभग बीस लाख रुपये होने की बात कही जा रही है, जो गायब थे. तब दुकान के कर्मियों ने सीसीटीवी को खंगाला, देखने पर पता चला कि दुकान के पीछे से चोरों ने प्रवेश किया था. माना जा रहा है कि सीढ़ी आदि लगाकर दुकान की लोहे की खिड़की काट दी गई. इसके बाद उधर से प्रवेश किया गया और फिर काउंटर में रखी सारी रकम लेकर चोर उसी रास्ते से निकल गए. पुलिस को भी उक्त सीसीटीवी फुटेज उपलब्ध करा दी गई है. पुलिस मामले की पड़ताल में जुट गई है. थाना प्रभारी ने मुखबिरों को लगा दिया है, ताकि फुटेज के आधार पर उन्हें दबोचा जा सके.

---

# वीर कुंवर सिंह के विचार आज भी हैं प्रासंगिक : अनुपमा सिंह

**संवाददाता। मैथन**



अखिल भारतीय क्षत्रिय समाज की ओर से मैथन के स्टेशन क्लब में मंगलवार की शाम वीर कुंवर सिंह की जयंती मनाई गई. धनबाद लोकसभा सीट से कांग्रेस प्रत्याशी अनुपमा सिंह बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित थीं. उन्होंने कार्यक्रम का शुभारंभ वीर कुंवर सिंह की तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर किया. कहा कि वीर कुंवर सिंह के विचार आज भी प्रासंगिक हैं. समाज को उनके आदर्शों पर चलने की जरूरत है. उन्होंने लोकसभा चुनाव में समाज से अपने लिए आशीर्वाद मांगा. कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि जनता मजदूर संघ के महामंत्री सिद्धार्थ गौतम खूब दहाड़े. उन्होंने कहा कि मौजूदा राजनीतिक परिदृश्य में क्षत्रिय समाज को पिछली पंक्ति में बैठा दिया गया है. इस व्यवस्था में समाज के लोगों को वहां से भी उठाकर फेंकने का काम किया जा रहा है. समाज को एकजुट होकर इस व्यवस्था के खिलाफ खड़ा होने का समय आ गया है. इसका नजारा लोकसभा चुनाव में देखने को मिलेगा. क्षत्रिय समाज एक विचारधारा के साथ चलते आया है. आज उसी को अपमानित किया जा रहा है, जिसको लेकर उनके मन में पीड़ा है. कांग्रेस नेता रणविजय सिंह व भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता विनय सिंह ने भी विचार व्यक्त किए. इससे पूर्व क्षत्रिय समाज के सदस्यों ने अतिथियों का स्वागत अंगवस्त्र और माला पहनाकर किया गया. मौके पर आशीष सिंह, पंकज सिंह, दीपक सिंह, कुंदन सिंह, दिलीप सिंह, सुदेश सिंह, प्रमोद सिंह, भवेश सिंह, लालबाबू सिंह आदि मौजूद रहे.

## मजदूरों का आंदोलन दूसरे दिन वार्ता के साथ समाप्त

**तेतुलमारी।** वेस्ट मोदीडीह परियोजना के डंफर ऑपरेटर हरिप्रसाद मांझी को ग़लत मुकदमे में जेल भेजने व परियोजना में सुरक्षा व्यवस्था उपलब्ध करने की मांग को लेकर दो दिन से चल रहा ऑपरेटरों का आंदोलन बुधवार की दोपहर परियोजना पदाधिकारी संजय चौधरी के साथ कोलियरी कार्यालय में वार्ता के बाद समाप्त हो गया. प्रबंधन ने दो दिन के अंदर सुरक्षा व्यवस्था उपलब्ध कराने की बात कही, जिसके बाद काम चालू हुआ. इधर, ऑपरेटरों ने प्रबंधन को चेतावनी देते हुए कहा कि दो दिन के भीतर सुरक्षा व्यवस्था उपलब्ध नहीं कराया गया तो हमलोग परियोजना का काम बंद कर आंदोलन करेंगे. बताते हैं कि मंगलवार की सुबह सीआईएसएफ की टीम ने वेस्ट मोदीडीह पार्किंग स्थल के समीप डीजल चोरी करने के आरोप में हरिप्रसाद मांझी को पकड़कर पुलिस को सौंप दिया था. इसके बाद मांझी की पत्नी अपनी पति का पक्ष रखने के लिए कार्यालय पहुंचकर प्रबंधन से वार्ता कर उन्हें छुड़ाने को कहा था.

# छह दिन बाद भी दुधमुंहे बच्चे की हत्या की गुत्थी नहीं सुलझ पायी

**संवाददाता। मैथन**

पांच माह के दुधमुंहे बच्चे की हत्या मामले में कुमारधुबी पुलिस किसी नतीजे पर नहीं पहुंची है. हत्या किसने और क्यों की है इसका कोई सुराग हाथ नहीं लग पाया है. छह दिन बीत जाने के बाद भी पुलिस के लिये यह ब्लाइंड केस बना हुआ है.

बुधवार को पोस्टमार्टम रिपोर्ट का खुलासा जरूर हुआ है, जिसमें पानी में डूबने से बच्चे की मौत की बात सामने आ रही है. हालांकि पुलिस पूछताछ में बच्चे का चाचा मुकेश सिन्हा संदेह के घेरे में है. चाची की ओर भी शक की सूई घूम रही है, लेकिन गर्भवती रहने के कारण पुलिस कड़ाई से पूछताछ करने से परहेज कर रही है. बता दें कि रोंगटे खड़े कर देने वाली यह घटना बरडंगाल के रविदास टोला में घटित हुई थी. पुलिस ने 19 अप्रैल को रौशन सिन्हा के इकलौते पुत्र (बच्चा) का शव कुएं से बरामद किया था. भरी दुपहरी में किसी ने दादी के पास सोये बच्चे को उठाकर कुएं में फेंक कर उसकी जान ले ली थी. वहीं ओपी प्रभारी पंकज कुमार ने कहा कि संदिग्धों से लगातार पूछताछ की जा रही है, लेकिन घर का कोई भी सदस्य कुछ बोलने को तैयार नहीं है. पुलिस मामले का उद्भेदन का हरसंभव प्रयास कर रही है. बहुत जल्द मामले का उद्भेदन कर लिया जायेगा.

### घटना के बाद से टोले के लोगों में दहशत व्याप्त

इधर, रोंगटे खड़े कर देने वाली उक्त घटना के बाद से टोले के लोग दहशत में हैं. अपने बच्चों की सुरक्षा को लेकर चिंतित हैं. उनके अनुसार हत्यारा टोले का ही है और खुलेआम घूम रहा है. टोले के पास ही राजकीय प्राथमिक विद्यालय है, जहां टोला के 15-20 बच्चे पढ़ते हैं. घटना के बाद से लोगों ने अपने बच्चों को स्कूल भेजने से मना कर दिया. इसकी जानकारी स्कूल के एकमात्र शिक्षक योगेश दत्ता को मिली, तो बुधवार को उन्होंने अभिभावकों को स्कूल बुलाया. सभी ने एक स्वर में कहा कि जिस बच्चे की हत्या हुई है, उसकी दादी स्कूल की माता समिति की संयोजिका है. उसकी दादी का आरोप है कि टोले के ही किसी व्यक्ति ने उसके पोते की हत्या की है. वह धमकी दे रही है कि मैं भी टोले के बच्चों को नहीं छोड़ूंगी. मध्याह्न भोजन में जहर देकर मार दूंगी. शिक्षक ने मामले को गंभीरता से लिया. संयोजिका शारदा सिन्हा को स्कूल बुलाया. सिन्हा ने कहा कि उसने ऐसी कोई बात नहीं कही है. सिर्फ अफवाह है. तब जाकर अभिभावक माने और अपने बच्चों को स्कूल छोड़ा.

## कालूबथान पुलिस ने कोयला लोड ट्रक पकड़ा, पांच पर प्राथमिकी दर्ज

**निरसा।** अनुमंडल के कालूबथान पुलिस ने मंगलवार रात कलियासोल प्रखंड समीप कोयला लोड ट्रक पकड़ा, जिसमें भारी मात्रा में अवैध कोयला लोड था. पुलिस मामले की जांच पड़ताल में जुट गई है. कालूबथान ओपी प्रभारी राजीव प्रकाश ने बताया कि सूचना पर उक्त ट्रक को पकड़ा गया है, जिसमें पांच लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है. मामले को रफा-दफा करने के लिए कारोबार से जुटे लोग कालूबथान पुलिस के संपर्क में लगातार हैं. इसके कारण पुलिस ने प्राथमिक दर्ज पांच लोगों के नाम बताने से साफ इंकार कर दिया. बताते चलें कि धनबाद जिले के कालूबथान के पलासिया और लेदाहाडिया से कोयले की तस्करी हो रही है. यह खेल महतो और यादव के सिंडिकेट में चल रहा है. पुलिस के सहयोग से रात में चोरी चुपके पिकअप वैन से अवैध कोयले की तस्करी हो रही है. हालांकि धनबाद जिला प्रशासन पूरी तरह से कोयले के अवैध कारोबार के खिलाफ सख्त है.

---

**कार्यक्रम**

### जन जागरूकता व जन सहयोग से मलेरिया की रोकथाम संभव : सिविल सर्जन

# सावधान! किसी भी तरह का बुखार हो सकता है मलेरिया

**संवाददाता। धनबाद**



जन जागरूकता व जन सहयोग से मलेरिया की रोकथाम संभव है. मलेरिया की रोकथाम एवं उसके बचाव के लिए अपने आसपास पानी को जमा न होने दें. जमे हुए पानी में कीटनाशक, जला हुआ मोबिल, केरोसिन तेल डालें, जिससे मच्छर प्रजनन न कर सके. पानी की टंकी को ढक कर रखें. फ्रिज, कूलर, फूलदानी व अन्य बर्तनों का पानी सप्ताह में एक दिन अवश्य सूखा लें. घरों के अंदर कीटनाशक का छिड़काव करें एवं मच्छरदानी का प्रयोग करें. उपरोक्त बातें सिविल सर्जन डॉ. चंद्रभानू प्रतापन ने विश्व मलेरिया दिवस को लेकर सिविल सर्जन कार्यालय के सभागार में आयोजित प्रेस वार्ता में कहीं. उन्होंने कहा कि 25 अप्रैल को विश्व मलेरिया दिवस मनाया जाता है. इस दिन मलेरिया को नियंत्रित करने, उसके उन्मूलन के वैश्विक प्रयास के बारे में और लोगों के बीच जागरूकता बढ़ाने के लिए इसका आयोजन किया जाता है.

**आज निकाली जाएगी जन जागरूकता रैली :** सिविल सर्जन ने बताया कि 25 अप्रैल को विश्व मलेरिया दिवस पर सुबह साढ़े नौ बजे सदर सीएचसी से सिविल सर्जन कार्यालय तक जन जागरूकता रैली निकाली जाएगी. इसमें सामाजिक जिम्मेदारी का निर्वाहन कर मलेरिया को नियंत्रित व रोकने के लिए लोगों को जागरूक किया जाएगा. पत्रकार वार्ता में सिविल सर्जन डॉ. चंद्रभानू प्रतापन, जिला वीबीडी पदाधिकारी डॉ. सुनिल कुमार, जिला मलेरिया सलाहकार रमेश कुमार सिंह, मलेरिया इंस्पेक्टर उत्तम कुमार सिन्हा, सदर अस्पताल के डॉ राजीव कुमार मौजूद थे.

### छोटे बच्चों व गर्भवती महिलाओं में प्रतिकार कम

उन्होंने कहा कि कोई भी बुखार मलेरिया हो सकता है. छोटे बच्चों एवं गर्भवती महिलाओं में इस रोग के प्रति प्रतिकार क्षमता अत्यंत कम होती है. इसके कारण माता मृत्यु, मृत शिशुओं का जन्म, नवजात शिशुओं का वजन अत्यधिक कम होना एक प्रमुख समस्या है. इसे रोकने के लिए गर्भवती महिलाओं की प्रसव पूर्व मलेरिया की जांच अनिवार्य की गई है. ठंड के साथ बुखार आना, उल्टी होना या उल्टी जैसा लगना, शरीर में ऐठन एवं दर्द, सिर दर्द, चक्कर आना तथा थोड़ी देर में पसीने के साथ बुखार आना मलेरिया के लक्षण हो सकते हैं. ऐसा होने पर तुरंत चिकित्सीय परामर्श लेना हितकारक है. कहा कि मलेरिया की जांच एवं उपचार की सुविधा प्रत्येक स्वास्थ्य केंद्र एवं स्वास्थ्य कर्मियों (सहिया, एमपीडब्लू, एएनएम) के पास नि:शुल्क उपलब्ध है.

## साक्षरता कर्मी प्रकाश के निधन पर हुई शोक सभा

**महुदा।** धनबाद साक्षरता आंदोलन के कर्मठ एवं जुझारू कार्यकर्ता, बरवाडा, गोबिंदपुर निवासी प्रकाश मिश्रा के असामयिक निधन पर बुधवार को झारखंड ग्रामीण विकास ट्रस्ट के प्रधान कार्यालय कंचनपुर में शोक सभा का आयोजन किया गया। शोक सभा को संबोधित करते हुए साक्षरता आंदोलन के बुनियादी सदस्य एवं झारखंड ग्रामीण विकास ट्रस्ट के संस्थापक प्रो. शंकर रवानी ने कहा कि प्रकाश मिश्रा साक्षरता आंदोलन के बुनियादी साथी थे. उनके निधन से धनबाद ने एक सच्चे सामाजिक कार्यकर्ता को खो दिया है. साक्षरता अभियान के बाघमारा प्रखंड समन्वयक भागीरथ सिंह ने कहा कि उनकी कमी हम सभी को हमेशा खलेगी, उनके अधूरे कार्य को पूरा करना हम सभी की जिम्मेवारी है.

# पीएम का मंगलसूत्र के नाम पर वोट मांगना शर्मनाक है : अरूप

**संवाददाता। मैथन**



चिरकुंडा के डुमरकुंडा दुर्गा मैरिज हॉल में बुधवार को मासस का कार्यकर्ता सम्मेलन हुआ, जिसमें धनबाद लोकसभा के मासस प्रत्याशी जगदीश रवानी और निरसा के पूर्व विधायक अरूप चटर्जी मुख्य रूप से उपस्थित थे. सम्मेलन में लोकसभा चुनाव में मासस प्रत्याशी की जीत सुनिश्चित करने को लेकर रणनीति पर चर्चा की गई. निर्णय लिया गया कि बूथ स्तर पर कार्यकर्ता घर-घर संपर्क करेंगे और पार्टी प्रत्याशी जगदीश रवानी के पक्ष में मतदान करने की अपील करेंगे. सम्मेलन में दर्जनों लोगों ने मासस की सदस्यता ग्रहण की. चटर्जी ने केंद्र की मोदी सरकार पर जमकर हमला बोलते हुए कहा कि आज राजनीति का स्तर नीचे गिरते चला जा रहा है. काम के नाम पर वोट मांगने के बजाय मंगलसूत्र के नाम पर प्रधानमंत्री वोट मांग रहे हैं, जो काफी शर्मनाक हैं. वहीं मासस प्रत्याशी जगदीश रवानी ने अपने पक्ष में मतदान करने के अपील करते हुए कहा कि इस बार अगर आप सोच समझ कर वोट नहीं करेंगे, तो आने वाले दिनों में केंद्र की मोदी सरकार संविधान को बदल देगी.

## ब्रीफ खबरें

### पेड़ से लटकती मिली युवक की लाश

**ललमटिया (गोड्डा)।** ललमटिया थाना क्षेत्र के फुलवरिया मिशन के सामने युवक का शव आम के पेड़ से लटका मिला. घटना बुधवार के सुबह की है. ग्रामीणों ने पहले पेड़ से लटके शव को देखा. जल्द ही यह खबर फैल गई. तब भीड़ भी जुट गई. घटना की खबर पर ललमटिया थाना की पुलिस भी मौके पर पहुंची और लाश को नीचे उतरवायी. शव की पहचान महेंद्र लोहार (40 वर्ष) ग्राम फुलवरिया के रूप में हुई. घटना के संबंध में बताया जाता है कि मृतक ललमटिया कोलियरी में कार्य करने वाली निजी कंपनी मोंटी कार्लो में काम कर अपने परिवार का जीवनयापन करता था.

### झारखंड प्रभारी का किया गया पुतला दहन

**बोकारो।** चास स्थित जोधाडीह मोड़ में बुधवार को स्थानीय लोगों ने प्रदर्शन किया. ग्रामीण एकता मूलवासी मंच के बैनर तले लोगों ने अनुपमा सिंह को टिकट देने के विरोध में कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर और झारखंड प्रभारी गुलाम अहमद मीर का पुतला दहन किया. इस दौरान लोगों ने कहा कि स्थानीय लोगों को टिकट नहीं देकर यहां के लोगों के साथ धोखा किया गया. कहा कि धनबाद लोकसभा क्षेत्र में पिछड़ी जातियों की संख्या अधिक है. आलाकमान को प्रत्याशी के चयन पर पुनर्विचार करना चाहिए.

### बीडीओ ने मतदान केंद्रों का किया निरीक्षण

**गावां ।** गावां बीडीओ महेंद्र रविदास व सीओ अविनाश रंजन ने बुधवार को गावां प्रखंड क्षेत्र के दर्जनों मतदान केंद्रों का निरीक्षण कर बूथों में उपलब्ध सुविधाओं का जायजा लिया. इस दौरान बूथों में मौजूद बूथ लेवल ऑफिसर से नए मतदाता पंजीयन के लिए प्राप्त प्रपत्र छह की स्थिति एवं अब्सेंटी वोटर से संबंधित प्रतिवेदन का जायजा लिया गया. गावां के 54, 55, 56, 57, 58, 59, 60, 61, 62, 70, 47, 48, 49, 10, 50 व 51 मतदान केंद्र संख्या का निरीक्षण किया गया. सभी केंद्रों पर आवश्यक सुविधाएं बहाल करने के निर्देश दिये.

### शिक्षक को रोकने के लिए बच्चों ने लगाई गुहार

**पथरगामा ।** पथरगामा प्रखंड मुख्यालय से सटे बाबूपुर प्राथमिक विद्यालय कि शिक्षिका प्रियंका कुमारी के तबादले की खबर से बच्चे आंदोलित हो गए. वे इसका विरोध करने लगे. तबादले की खबर मिलने के बाद छात्रों एवं अभिभावकों ने नाराजगी व्यक्त किया. इस संबंध मे ग्रामीणों ने जिला शिक्षा अधीक्षक के नाम आवेदन देकर अविलंब तबादले पर रोक की मांग की है. ग्रामीणों ने कहा कि काफी दिन बाद एक विद्यालय को अच्छी शिक्षिका मिली थी जो बच्चे के पढ़ाई एवं अनुशासन पर काफी ध्यान रखती थी.

### युवाओं ने बुझाई जंगल में लगी आग


**बोकारो।** जिले के कसमार प्रखंड के दुर्गापुर पंचायत के उपमुखिया पंचानन महतो व सामाजिक कार्यकर्ता संदीप कुमार महतो के नेतृत्व में दुर्गापुर के युवाओं ने मंगलवार देर रात पांच घंटे की कड़ी मेहनत के बाद जंगल मे लगी आग को बुझाई. आग की लपटें कारीपनिया, बरवापानी, चिंटनीया टूंगरी, संथरिया, कैरा झरना, भैस कटवा समेत अन्य क्षेत्र में तेजी से बढ़ती जा रही थी. इस दौरान उपमुखिया पंचानन महतो, संदीप कुमार महतो, उदय महतो, बालेश्वर महतो, हिसिम से ठाकुर दास महतो ने आग बुझाने में अहम भूमिका निभाई.

### डीपीएस बोकारो के वरिष्ठ कला शिक्षक और शहर के जाने-माने पेंटिंग आर्टिस्ट हैं सुनील कुमार

# शिक्षक सुनील को मिला राष्ट्रीय एमएफ हुसैन अवार्ड

**शेखर शरदेंदु । बोकारो**





डिजाइनिंग के क्षेत्र में अब तक सैकड़ों बच्चों का भविष्य संवार चुके डीपीएस बोकारो के वरिष्ठ कला शिक्षक एवं शहर के जाने-माने पेंटिंग आर्टिस्ट सुनील कुमार को एमएफ हुसैन अवार्ड से नवाजा गया है.

भारत सरकार के एमएसएमई से निबंधित, महाराष्ट्र सरकार से अधिकृत एवं आईएसओ 9001 : 2015 से प्रमाणित महार्ट कॉन्टेस्ट (स्किल डेवलपमेंट ड्राइंग लिटरेसी मिशन) ने पूरे झारखंड से एकमात्र कुमार को इस पुरस्कार के लिए चयनित किया है. इसके तहत उन्हें एक वर्ष तक प्रतिमाह 25 हजार, 700 रुपए (कुल 308400 रुपए) की स्पेशल स्कॉलरशिप मिलेगी. साथ ही अलग से 7000 रुपये की नकद पारितोषिक भी प्रदान की जाएगी. महार्ट कॉन्टेस्ट का आयोजन इसी वर्ष जनवरी महीने में किया गया था. सभी मानदंडों पर खरा उतरने के बाद श्री कुमार एमएफ हुसैन अवार्ड के लिए चुने गए. बुधवार को डाक से उनका सम्मान-पत्र व प्रतिभागिता प्रमाण-पत्र विद्यालय पहुंचा. इस उपलब्धि से अपने विद्यालय, शहर और पूरे राज्य का नाम गौरवान्वित करने वाले शिक्षक सुनील को विद्यालय के प्राचार्य डॉ एएस गंगवार ने उनका अवार्ड सौंपते हुए उन्हें बधाई दी और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की.

**मिला पुरस्कार**

- झारखंड से यह पुरस्कार पाने वाले हैं एकमात्र कलाकार
- सुनील को मिलेगी अब तीन लाख रुपये की स्कॉलरशिप

उल्लेखनीय है कि सुनील इससे पहले भी कई बार राष्ट्रीय स्तर का सम्मान पाकर अपने विद्यालय और शहर का नाम कला के क्षेत्र में रोशन कर चुके हैं. वर्ष 2015 में झारखंड सरकार की तरफ से राजकीय सम्मान के अलावा दो-दो बार अंतर विश्वविद्यालय युवा महोत्सव में वह स्वर्ण पदक से सम्मानित हो चुके हैं. इसके साथ ही सर्वश्रेष्ठ शिक्षक सम्मान, जोधपुर में ऑल इंडिया आर्ट एग्जीबिशन के दौरान मिला सर्वश्रेष्ठ पेंटिंग अवार्ड आदि उनकी उपलब्धियों में प्रमुखतम हैं. जिस पेंटिंग के लिए उन्हें एमएफ हुसैन अवार्ड के लिए चयनित किया गया है, उसमें उन्होंने सामाजिक भावनाओं को सकारात्मक रूप में दर्शाया है. 55 वर्षीय सुनील मॉडर्न आर्ट की नेशनल गैलरी की सर्वोच्च समिति के सदस्य भी हैं. दिल्ली, कोलकाता, पटना, मणिपुर, महाराष्ट्र, भोपाल, राजस्थान, ओडिशा सहित देश के अलग-अलग जगहों में दर्जनों बार उनकी कलाकृतियों की प्रदर्शनी राष्ट्रीय स्तर पर सराहना बटोर चुकी हैं.

# उत्पाद विभाग की टीम ने अवैध शराब भट्ठी की ध्वस्त



**संवाददाता। बोकारो**

जिला उत्पाद विभाग की टीम ने बुधवार को बीएस सिटी थाना क्षेत्र के कूलिंग पौंड के समीप अवैध शराब भट्ठी पर छापामारी 3600 किलो जावा महुआ, 165 लीटर चुलाई शराब व शराब बनाने की सामग्री जब्त की. टीम ने भट्ठी को ध्वस्त करते हुए शराब समेत सभी सामग्री नष्ट कर दी. टीम के पहुंचने से पहले ही भट्ठी संचालक भाग निकला. टीम ने भट्ठी संचालक लक्ष्मण साव व अन्य के खिलाफ उत्पाद अधिनियम की धाराओं के तहत प्राथमिकी दर्ज कराई है. छापेमारी दल में उत्पाद निरीक्षक संजीत देव, सदर अवर निरीक्षक कृष्णा प्रजापति, तेनुघाट के अवर निरीक्षक दीपिका कुमारी सहित अन्य जवान शामिल थे.

### एक वर्ष आधी आबादी को पानी मिला, फिर पेयजल आपूर्ति बाधित

# पेयजल के लिए अब तरस रहे हैं सरिया के निवासी

**संवाददाता । गिरिडीह**



बराकर नदी से सरिया क्षेत्र में पेयजल दिया जाना था



गर्मी के शुरुआती दिनों में ही लोगों के सामने जल संकट गहरा हो रहा है. तपती धूप व व्याकुल करनेवाला गर्मी के कारण इलाके के कई तालाब व कुएं सूख चुके हैं. धूप तेज होती जा रही है. क्षेत्र के दर्जनों चापाकल खराब पड़े हैं, शुद्ध पेयजल के लिए लोग बूंद-बूंद को तरस रहे हैं. बावजूद पीएचईडी विभाग चैन की नींद सोया हुआ है. ज्ञात हो कि सरिया बाजार में वर्ष 2008 में पेयजल आपूर्ति विभाग के द्वारा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के जमीन पर में ग्रामीण पेयजल आपूर्ति योजना के तहत जलमीनार की आधारशिला रखी थी. बताया जाता है कि उक्त योजना को दो वर्षों के अंदर पूरा कर बराकर नदी से पाइप लाइन द्वारा पूरे सरिया क्षेत्र में पेयजल की आपूर्ति करना था.

लेकिन कंस्ट्रक्शन कंपनी भी जैसे तैसे अपना काम कर के चला गया. पेयजल विभाग भी इसकी जिम्मेवारी किसी को नहीं दिया. लिहाजा लगभग एक वर्ष किसी तरह आधी आबादी को पानी मिला. इसके बाद पेयजल आपूर्ति बाधित हो गया. कभी मोटर खराब होने की बात हुई तो कभी बराकर नदी से सप्लाई पंप में बालू घुसने के कारण तकनीकी खराबी आ गई और पेयजल लाभुकों को इस जलमीनार से पानी नसीब नहीं हुआ. लेकिन स्थानीय लोग पेयजल के लिए तरस रहे हैं. विदित हो कि सरिया अनुमंडल मुख्यालय होने के साथ-साथ नगर पंचायत क्षेत्र भी है और एक घनी आबादी वाला क्षेत्र है. परंतु पेयजल के नाम पर पूर्व की सरकारों से लेकर वर्तमान सरकार तक ने भी यहां की जनता को कोई कारगर सुविधा उपलब्ध नहीं कराया है.

साथ ही स्थानीय जनप्रतिनिधियों को भी इस पानी की समस्या से निजात के लिये कोई सार्थक प्रयास नहीं किया. लिहाजा हर साल गर्मी ही नहीं बल्कि सालोंभर पानी के लिये समस्या से झेलना पड़ता है. साथ ही त्योहार के दिनों मे भी लोगों को पानी नहीं मिल पाता है. बता दें कि सरिया नगर होने के बाद लोग होल्डिंग टैक्स भर रहे हैं लेकिन नप की सुविधाओं से लोग वंचित हैं. सरिया गिरिडीह जिला का एक प्रसिद्ध व्यवसायिक मंडी है. यहां से सालाना कर के रूप में सरकार को एकमुश्त करोड़ों रुपए राजस्व प्राप्त होता है.

इसके बाद भी आजादी के 70 साल बीत जाने के बावजूद यहां के जनप्रतिनिधि व सरकार सरिया क्षेत्र की जनता के लिए अब तक पेयजल की समुचित सुविधा नहीं दिला पाई है. इस संबंध में पेयजल उपभोक्ताओं द्वारा कई बार संबंधित विभाग के अधिकारियों से शिकायत भी की गई. परंतु अब तक किसी अधिकारी ने इस पर ध्यान नहीं दिया. बताते चलें कि सरिया में पेयजल आपूर्ति के लिए दो जलमीनार बना था. जिसमें से एक जलमीनार से आधी सरिया को जल की आपूर्ति शुरू की गई थी. वहीं शिव मुहल्ला मे स्थित जलमीनार से कभी एक बूंद पानी लोगों को नहीं मिला. बता दें कि दोनों जलमीनारों से सरिया मुख्य बाजार रेलवे फाटक के समीप झंडा चौक, स्टेशन रोड, काला रोड, कलाली रोड, बलीडीह, थाना रोड व पोखरियाडीह समेत आसपास के कई टोले मोहल्लों को पानी दी जाती.

**क्या कहते हैं पदाधिकारी**

इस बाबत नगर पंचायत के सिटी प्रबंधक विशाल सिन्हा ने कहा कि पेयजल विभाग अभी तक नप को इसकी जिम्मेदारी नहीं सौंपी है. लगभग चार साल सरिया नप का गठन होने को है. बराकर नदी में इंटेक वेल भी धंस चुका है. हालांकि नप से नए जलमीनार के लिये डीपीआर तैयार है. लेकिन फिलहाल लोगों को पेयजल आपूर्ति नहीं हो पाएगा. जरूरत पड़ी तो टैंकर के माध्यम से पानी मिल सकता है.

**लोग परेशान**

- सरिया प्रखंड में हर साल सूखते जा रहे हैं कुएं
- 2008 में विभाग ने जलमीनार की आधारशिला रखी थी

# लेवी मांगने के आरोप में दो आरोपी हथियार के साथ गिरफ्तार किए गए

**संवाददाता। बोकारो**



एसपी पूज्य प्रकाश के निर्देश पर बुधवार को एक कंस्ट्रक्शन कंपनी से लेवी मांगने के आरोप में पुलिस ने दो लोगों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया. इस कांड के उद्भेदन एवं अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस उपाधीक्षक नगर आलोक रंजन के नेतृत्व में एक टीम गठित की गई थी.

सिटी डीएसपी आलोक रंजन ने बताया कि तकनीकी शाखा के सहयोग से बोकारो जिला अंतर्गत चतरोचट्टी थाना स्थित तीसकोपी में छापामारी कर 35 वर्षीय अभियुक्त राजेश करमाली को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई. उसने बताया कि इनके द्वारा ही कंपनी से दो प्रतिशत का लेवी कुल राशि नौ लाख मांगा जा रहा था. लेवी नहीं देने पर जान से मारने की धमकी भी दी जा रही थी. अभियुक्त की निशानदेही पर इनके सहयोगी आजम शेख के पास से एक मोबाइल बरामद किया गया. वहीं, राजेश के पास रखे एक देसी कट्टा, एक जिंदा गोली एवं एक नकली पिस्टल बरामद किया गया. अपने बताया कि इसमें आजम ने सहयोग किया था. बताया जाता है कि आजम उक्त कंस्ट्रक्शन कंपनी में वेल्डर के तौर पर काम करता था. उसने ही राजेश को कंपनी के मालिक का नंबर उपलब्ध करा कर लेवी की मांग करने कहा था. राजेश पर पहले से भी कई थानों में मामले दर्ज हैं.

### हीरोडीह थाना में मतदाता जागरुकता कार्यक्रम

**जमुआ ।** लोक सभा चुनाव को लेकर मतदाता जागरुकता अभियान जोरों पर है. बुधवार को जमुआ प्रखंड क्षेत्र के हीरोडीह थाना के हॉल में मतदाता जागरुकता कार्यक्रम आयोजित की गई. एईआरओ सह जमुआ अंचलाधिकारी के नेतृत्व में उपस्थित मतदाताओं को शत प्रतिशत मतदान करने एवं लोगों को मतदान के लिए प्रेरित करने की बात कही. इस दौरान उपस्थित मतदाताओं के बीच मतदाता जागरुकता कार्यक्रम चलाया गया. उपस्थित सभी मतदाताओं को 20 मई को होने वाला चुनाव में मतदान करने के लिए मतदाता को शपथ भी दिलाई गई. कार्यक्रम में हीरोडीह थाना प्रभारी धर्मेंद्र अग्रवाल सहित कई पुलिस पदाधिकारी व ग्रामीण मौजूद थे.

# एसपी ने किया नक्सल प्रभावित बूथों का निरीक्षण



**संवाददाता। गिरिडीह**

गिरिडीह पुलिस-प्रशासन लोकसभा चुनाव शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न कराने को लेकर पूरी तरह मुस्तैद है. एसपी दीपक कुमार शर्मा ने बुधवार को नक्सल प्रभावित क्षेत्र पीरटांड़ प्रखंड के संवेदनशील बूथों और क्लस्टर का निरीक्षण किया. इस दौरान वह अंगैया, बिसनपुर, खेतड़ाबार, पीरटांड़ और मांसोटांड़ उत्क्रमित मध्य विद्यालय में बने बूथों पर गए और लोगों से वोट डालने की अपील की. उन्होंने थाना प्रभारी को सुरक्षा के मद्देनजर सभी तैयारियां दुरुस्त करने का निर्देश दिया. साथ ही बूथों पर पेयजल समेत तमाम सुविधाओं को ठीक करने की बात कही.

# परिवार के चार लोगों पर एसिड अटैक

**संवाददाता। साहिबगंज**



जिले के राजमहल थाना क्षेत्र के अनुमंडलीय अस्पताल के पुराने भवन के समीप अर्धनिर्मित मार्केट कांप्लेक्स के छत पर सो रहे एक ही परिवार के चार लोगों पर एसिड अटैक किया गया. घटना बुधवार की सुबह करीब तीन बजे की है. एसिड के हमले में चारों लोग बुरी तरह से झुलस गये. लोगों ने आनन-फानन में घायलों को इलाज के लिए अनुमंडलीय अस्पताल में भर्ती कराया. घायलों की पहचान फुलवानो बेवा (60 वर्षीय), हसीन बीवी (35 वर्षीय), आलम शेख (25 वर्षीय) व शबनम बानो (15 वर्षीय) के रूप में हुई है.

घटना की सूचना पाकर एसडीओ कपिल कुमार, एसडीपीओ विमलेश कुमार त्रिपाठी और थाना प्रभारी गुलाम सरवर अस्पताल पहुंचे और घटना के संबंध में जानकारी ली. पुलिस पदाधिकारियों ने पीड़ित परिवार का लिखित बयान भी दर्ज किया. पीड़ित परिवार ने पुलिस को बताया कि घटना को अंजाम देने के बाद सभी लोग दौड़कर वहां से भाग गये. उनलोगों ने कुछ दूरी तक उनका पीछा किया, लेकिन वो भागने में सफल रहे. पीड़ित परिवार ने पूछताछ में कुछ लोगों पर शक भी जताया है. हालांकि थाना में आवेदन देने के बाद ही घटना में संलिप्त लोगों की पुष्टि हो पायेगी. इधर जानकारी पाकर एसडीपीओ भी घटनास्थल पर पहुंचे और घटना से जुड़े साक्ष्यों का जांच की. एसडीपीओ ने बताया कि स्थानीय पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है. जल्द ही फॉरेंसिक टीम घटनास्थल पर पहुंचकर मामले की जांच करेगी. फिंगर प्रिंट की टीम भी घटनास्थल पहुंच सकती है. एसडीपीओ ने कहा कि घटनास्थल के आसपास नगर पंचायत कार्यालय, पुलिस प्रशासन और स्थानीय लोगों द्वारा लगाये गये सीसीटीवी कैमरे के फुटेज को भी खंगाला जा रहा है. वहीं राजमहल एसडीओ कपिल कुमार ने कहा कि थाना पुलिस और प्रशासन एसिड अटैक की घटना की जांच गंभीरता पूर्वक कर रही है. घटना से जुड़ी सभी बिंदुओं की जांच जारी है.

### मृतक मजदूर की पहचान बड़ी कोदरजना निवासी शत्रुघन मंडल के रूप में हुई

# गंगा पुल निर्माण साइट पर मजदूर की मौत

**संवाददाता । साहिबगंज**



मुफस्सिल थाना क्षेत्र अंतर्गत डीबीएल के गंगा पुल निर्माण साइट पर बुधवार को एक बार फिर सुरक्षा में बड़ी चूक हुई. इसकी वजह से एक मजदूर की जान चली गयी. जबकि एक मजदूर गंभीर रूप से घायल हो गया. वहीं दो मजदूर इस हादसे को देखकर बेहोश हो गये. मृतक मजदूर की पहचान बड़ी कोदरजना निवासी शत्रुघन मंडल (25 वर्षीय) के रूप में हुई है. वहीं गंभीर रूप से घायल मजदूर लालजी यादव (22 वर्षीय) को सदर में प्राथमिक इलाज करने के बाद हायर सेंटर मालदा रेफर कर दिया गया. वहीं बेहोश हुए दो मजदूरों (मुकेश यादव व बीरू यादव 22 वर्षीय) का इलाज सदर अस्पताल में ही चल रहा है.

घटना के संबंध में बताया जाता है कि शत्रुघन मंडल, लालजी यादव समेत पांच लोग सुबह करीब छह बजे पिलर पर ग्राइंडर मशीन से छड़ काट रहे थे. इस दौरान ग्राइंडर मशीन अचानक हाथ से छूट गयी. इससे पिलर पर काम कर रहे मजदूर शत्रुघन मंडल और लालजी यादव गंभीर रूप से घायल हो गया. वहीं दो मजदूर हादसे को देखकर बेहोश हो गये. आनन-फानन में सभी अस्पताल ले जाया गया. जहां सदर अस्पताल में कार्यरत डॉक्टर मोहन मुर्मू ने शत्रुघन मंडल को मृत घोषित कर दिया.

वहीं लालजी यादव का प्राथमिक इलाज करने के बाद हायर सेंटर मालदा रेफर कर दिया. वहीं अन्य दो मजदूरों का इलाज सदर अस्पताल में ही चल रहा है. शत्रुघन मंडल के चाचा मिथिलेश कुमार ने बताया कि उनका भतीजा शत्रुघन ठेकेदार आलोक कुमार के अंडर में काम करता था. वहीं लालजी यादव के चाचा भरत यादव ने बताया कि पिछले कई वर्षों से भतीजा व अन्य वहां काम कर रहे हैं. उन्होंने आरोप लगाया कि डीबीएल कंपनी प्रबंधक के ठेकेदार ने मजदूरों की सुरक्षा के लिए साइट पर कोई इंतजाम नहीं किया है. इधर डीबीएल के मैनेजर भानू प्रताप सिंह ने सदर अस्पताल पहुंचकर मजदूरों का हाल चाल जाना. वहीं मुफ़स्सिल थाना एसआई उमाकांत ओझा व जिरवाबाड़ी थाना के एसआई लव कुमार भी सदर अस्पताल पहुंचे और मामले की जांच-पड़ताल की.

**सीसीएल** | कथारा महाप्रबंधक ने क्षेत्रीय सलाहकार समिति सदस्यों के साथ की बैठक

# अस्पताल में सुधार की आवश्यकता : बालेश्वर गोप

**संवाददाता । कथारा (बोकारो)**



**सीसीएल कथारा**

- एसीसी सदस्यों ने कथारा प्रबंधक को दिए कई सुझाव
- कार्यस्थलों पर ठंडे पानी की समुचित व्यवस्था की जाय

सीसीएल कथारा क्षेत्र के कथारा महाप्रबंधक कार्यालय में बुधवार को कथारा क्षेत्रीय सलाहकार समिति की सदस्यों की बैठक की गयी. बैठक की अध्यक्षता कथारा महाप्रबंधक डीके गुप्ता ने की. संचालन सूर्य प्रताप सिंह ने किया. बैठक में मुख्य रूप से उपस्थित कथारा क्षेत्रीय सलाहकार समिति के सदस्यों ने कथारा क्षेत्र की मजदूरों तथा उनके आवासों से जुड़े कई ज्वलंत मुद्दों के उठाया.

इस दौरान सलाहकार समिति सदस्यों में बालेश्वर गोप ने प्रबंधन का ध्यान आकृष्ट कराते हुए कहा कि कथारा कोलियरी में आउटसोर्सिंग पैंच पर डिपार्टमेंटल मशीन लगाए जाने का मामला प्रकाश में आया. जो नियम के तहत गलत है. आखिर क्यों यह स्थिति है. उन्होंने कहा कि गर्मी के मद्देनजर कथारा क्षेत्र के सभी परियोजनाओं तथा जहां भी मजदूर कार्य कर रहे हैं, वैसे सभी कार्यस्थलों पर ठंडा जल की समुचित व्यवस्था की जाय. कथारा क्षेत्रीय अस्पताल अब मरीजों को केवल रेफर करने का कार्य ज्यादा कर रही है. अस्पताल में समुचित दवा का अभाव है. जिसमें सुधार की आवश्यकता है. इसी क्रम में कामोद प्रसाद ने कहा कि चुनाव कार्य में जो भी मजदूर कार्य करने जा रहे हैं, उन्हें एंडवास पेमेंट किया जाय. वहीं कथारा महाप्रबंधक कार्यालय के बाहर शौचालय निर्माण की मांग भी प्रबंधन के समक्ष रखा. साथ ही साथ जारंगडीह कथारा मुख्य सड़क पर उड़ती कोल डस्ट की समस्या से भी अवगत कराया.

उन्होंने संवेदनशील व अति संवेदनशील पदों पर एक ही जगह जमें अधिकारियों का अविलंब स्थानांतरण किए जाने की मांग की. बैठक में जो भी मांग या सुझाव सलाहकार समिति के सदस्यों के द्वारा रखा जाता है, उसकी रिपोर्ट कार्ड यानि एटीआर बाद वाले बैठक में जरूर सभी के समक्ष प्रस्तुत किया जाए. सलाहकार समिति सदस्यों में इकबाल अहमद, शमशुल हक, मथुरा सिंह, पीके जयसवाल, राजू स्वामी, पीके विश्वास ने मजदूरों से जुड़े कई ज्वलंत मुद्दों को रखा. सभी बिंदुओं को कथारा महाप्रबंधक डीके गुप्ता ने गम्भीरता से सुना और आश्वस्त किया कि जो भी समस्या है जो मेरे द्वारा निष्पादित हो सकता है, उसे जल्द से जल्द किया जायेगा. जो मेरे अधिकार क्षेत्र से बाहर है, उसे विभाग के वरीय पदाधिकारी से अवगत कराया जायेगा. समाधान की दिशा में कार्य किया जायेगा.

# मतदाता जागरुकता को लेकर रक्तदान

**संवाददाता। बोकारो**




जीवन में 18 वर्ष की आयु के बाद दो कार्य महान हैं. एक रक्तदान तो दूसरा मतदान. एक जीवन को बचाता है, तो दूसरा लोकतंत्र को मजबूत बनाता है. यह बातें स्वीप कोषांग के नोडल पदाधिकारी सह डीसीएलआर प्रभाष दत्ता ने कही. वह बुधवार को मतदाता जागरुकता को लेकर आइएमए एवं निजि नर्सिंग अस्पताल संघ द्वारा मतदाता जागरुकता को लेकर सदर अस्पताल में आयोजित रक्तदान शिविर का शुभारंभ कर रहे थे.

शिविर में काफी संख्या में लोगों ने अपने रक्तसमूह की जांच करवाई और रक्तदान के लिए अपना प्रपत्र दाखिल किया. रक्तदाताओं के उत्साह को देखते हुए स्वीप नोडल ने आह्वान किया कि हम सभी को रक्तदान के लिए तैयार रहना चाहिए. जिससे कि रक्त कोष में रक्त का अभाव न रहे. उन्होंने कहा कि जिन लोगों के वोटर कार्ड बन चुके है, वह अपने मत का इस्तेमाल आगामी 25 मई के दिन अवश्य करें और अपने आसपास रहने वाले लोगों को भी मतदान के लिए प्रेरित करें.

उन्होंने सभी ने रक्तदान करके निष्पक्ष रूप से मतदान करने का संदेश दिया. मौके पर कोषांग के प्रभारी पदाधिकारी सह जिल जनसंपर्क पदाधिकारी साकेत कुमार पांडेय ने भी कई जानकारियां दी. मौके पर उपस्थित कोषांग के प्रभारी, सहयोगी पदाधिकारी शक्ति कुमार, प्रकाश रंजन, प्रदीप कुमार, कंचन कुमारी समेत अन्य चिकित्सकगण, कर्मीगण आदि उपस्थित थे.



## राशिफल

आचार्य प्रणव मिश्रा

**मेष** जीवनसाथी से विवाद हो सकता है. किये गए कार्य का लाभ होगा. जीवनसाथी से विवाद हो सकता है. पर पारिवारिक मेलजोल के लिया अच्छा दिन है. कार्यक्षेत्र में व्यर्थ की चिंताएं न करें. काम अपनी गति से चल रहा है और समय से समाप्त हो जाएगा.

**वृषभ** गुप्त शत्रु परेसान करेंगे.आमदनी बढ़ेगी और आर्थिक लाभ प्राप्त करने के नए रास्ते भी मिलेंगे. भाई-बहनों और बड़ों के साथ संबंध प्रेमपूर्ण रहेंगे. कुछ सरकारी कार्य अटक सकते हैं. कुछ लोग आपका विरोध कर सकते हैं.

**मिथुन** समय उत्तम है बदलने के लिए उचित समय है. किसी नए रिश्ते की शुरुआत हो सकती है. यदि नया व्यापार आरम्भ करने का सोच रहे हैं तो लाभ होगा. दांपत्य जीवन में कुछ खुशी के पल आएंगे. शारीरिक परेशानी घेर सकती हैं. आलस त्यागे.

**कर्क** रिश्तों से संबंधित कोई परेशानी होगी. काम में पूरा फोकस बनाए रखें. व्यवसाय के लिए दिन बहुत लाभकारी रहेगा. इसका पूरा फायदा उठाएं. खर्चों में बढ़ोतरी होने से आर्थिक स्थिति थोड़ी कमजोर रहेगी. प्रियजनों के साथ संयम भरा व्यवहार रखें.

**सिंह** आपके जीवन में नई ऊर्जा का संचार होगा. नए बिजनेस की शुरुआत करने के लिए आज का दिन शुभ है. किसी पुराने दोस्त से मुलाकात भी हो सकती है. प् किसी बात पर झगड़ा हो सकता है. फिजूल के खर्च को कम करने का प्रयास करेंगे.

**कन्या** समय बहुत ही शुभ है. अचानक धन-प्राप्ति हो सकती है. कार्यक्षेत्र में आपकी स्थिति बेहतर रहेगी. सहकर्मियों का सहयोग प्राप्त होगा.समय पर चीजों को पूरा करने के लिए अतिरिक्त प्रयास करना होगा. जल्दबाजी में निर्णय न लें.

**तुला** सेहत से जुड़ी परेशानियां दूर होंगी. पुराने रुके हुए काम बनेंगे. सरकारी नौकरी से जुड़े लोगों की पदोन्नति हो सकती है. परिवार में अच्छा माहौल रहेगा. प्रियजनों के साथ अच्छा समय बिताने का मौका मिलेगा. कोई भी निर्णय किसी बड़े की सलाह से लें.

**वृश्चिक** कार्यक्षेत्र में नौकरी मिलने के आसार हैं. अपने वेतन और अपनी प्रतिष्ठा को लेकर कोई समझौता न करें. नौकरी में तरक्की के योग हैं. अविवाहितों के लिए दिन अच्छा है. स्वास्थ्य सामान्य रहेगा. पेट से संबंधित कुछ कठिनाई हो सकती है.

**धनु** किसी दूर के रिश्तेदार से मुलाकात हो सकती है.इंजीनियर्स के लिए दिन फायदेमंद रहेगा. दिन स्टूडेंट्स के लिए अच्छा रहेगा. आपके आर्थिक पक्ष में स्थिरता रहेगी. यदि करियर लाइन बदलना चाहते हैं तो यह उचित समय है.

**मकर** पिता के नक्से कदम पर चलें. नए और बड़े निवेश से बचें. वैवाहिक जीवन में कुछ परेशानियां उत्पन्न हो सकती है. प्रेम संबंधों के लिए यह समय उपयुक्त नहीं है. स्वविवेक से काम लें और क्रोध में आकर संबंधों को खराब ना करें.

**कुंभ** भाग्य का साथ अच्छा मिलेगा. लवमेट के लिए दिन अच्छा रहेगा. अविवाहितों को आज विवाह के प्रस्ताव आ सकते हैं. अपने लक्ष्यों को प्राप्त करने में सफल होंगे. कारोबार में आकर्षक डील मिल सकती है. सूर्य को अर्घ दे.

**मीन** सामाजिक मेलजोल में दिन बीतेगा. व्यवसाय में नए अवसर मिलेंगे. उन्नति और तरक्की के योग हैं. धन लाभ के अवसर मिलेंगे. कार्यक्षेत्र में नए अवसर मिलेंगे. जल्दबाजी में कोई कार्य न करें. बेरोजगार लोगों को अच्छी जॉब मिल सकती है.

भाजपा प्रत्याशी विष्णु दयाल राम ने किया नामांकन, जनसभा में कहा

# 10 साल में पलामू में बेहतर कार्य किया

संवाददाता। पलामू

पलामू लोकसभा सीट से भाजपा प्रत्याशी विष्णु दयाल राम ने बुधवार को नामांकन किया. मौके पर केंद्रीय मंत्री जनरल वीके सिंह, भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी और राज्यसभा सांसद आदित्य साहू भी मौजूद थे. नामांकन के बाद पलामू के शिवाजी मैदान में आयोजित सभा को संबोधित करते हुए राम ने कहा कि जनता ने उन्हें दो बार सांसद चुना है. अपने 10 साल के कार्यकाल में उन्होंने पलामू में बेहतर कार्य किया है. इस बार भी चुनाव जीत



कर वे पलामू लोकसभा क्षेत्र में आम जनता के लिए काम करेंगे. उन्हें हर सुविधाएं मुहैया करायेंगे. क्षेत्र की जनता को पलायन, सिंचाई, बिजली, पानी, सड़क समेत अन्य समस्याओ सें निजात दिलाना उनकी प्राथमिकता रहेगी.

### मंदिर में मत्था टेककर की जीत का आशीर्वाद मांगा

नामांकन से पहले विष्णु दयाल राम ने मंदिरों में मत्था टेका. वे पलामू के छह मुहान चौक स्थित काली मंदिर पहुंचे और वहां पूजा-अर्चना कर अपनी जीत की कामना की .वहां से निकलकर वे सीधे समाहरणालय पहुंचे और शुभ मुहूर्त में 11.37 मिनट पर नामांकन पर्चा दाखिल किया.

लोहरदगा सीट से भाजपा प्रत्याशी समीर उरांव ने नामांकन के बाद कहा-

# जनता आशीर्वाद दे, दिखाएंगे कैसे होता है विकास

संवाददाता। गुमला

लोहरदगा लोकसभा सीट से भाजपा के प्रत्याशी समीर उरांव ने नामांकन किया. इस मौके पर गुजरात के सीएम भूपेंद्र भाई पटेल और झारखंड के नेता प्रतिपक्ष अमर बाउरी समेत कई नेता मौजूद थे. नामांकन से पहले समीर उरांव ने करौंदी बगीचा से जुलूस निकाला. फूलों से सजी गाड़ी में गाजे-बाजे के साथ वे नामांकन करने समाहरणालय पहुंचे. उनके साथ लोहरदगा के निवर्तमान सांसद सुदर्शन भगत, पूर्व स्पीकर दिनेश उरांव भी मौजूद थे.



### मंदिरों में मत्था टेक कर की जीत की कामना

नामांकन के पहले समीर उरांव ने मंदिरों में मत्था टेककर अपनी जीत की कामना की. उन्होंने बुधवार सुबह गुमला के डुमरी स्थित टांगीनाथ धाम में भगवान भोलेनाथ की पूजा अर्चना की. इसके बाद ककड़ोलता स्थित सिरासीता धाम नाला में मत्था टेका.

नामांकन केंद्र के पहले चेकपोस्ट के पास ही भीड़ को रोक दिया गया.

एक पूर्व मुख्यमंत्री सहित भाजपा के कई विधायकों के करीबी

# देख रहे हो न विनोद ... चतरा के बहाने पांकी सीट पर है न नजर

संवाददाता। रांची

देख रहे हो न विनोद...लोकसभा चुनाव को लेकर ज्यों-ज्यों प्रचार अभियान परवान चढ़ रहा है, त्यों-त्यों चुनावी राजनीति के अगले पायदान, विधानसभा चुनाव के लिए भी टिकट के इच्छुक प्रत्याशी गेटिंग-सेटिंग में लग गए हैं. लोकसभा चुनाव लड़ रहे प्रत्याशियों की मदद कर अपना मीटर बढ़ाने में लगे हैं, ताकि अभी की उनकी सक्रियता का लाभ विधानसभा चुनाव में मिल सके. लोकसभा प्रत्याशी जीतें, तो विधानसभा चुनाव में उन्हें टिकट दिलाने में मदद करें. कोल्हान से लेकर संथाल, कोयलांचल से लेकर पलामू तक के राष्ट्रीय पार्टियों के नेता से लेकर कार्यकर्ता तक लोकसभा चुनाव में सक्रियता दिखा विधानसभा का टिकट हासिल करने की जुगत भिड़ा रहे हैं. वैसे किसी पार्टी से सीधे तौर पर जुड़े तो नहीं हैं, लेकिन पार्टी प्रत्याशी की मदद कर रहे हैं, वैसे लोग भी अपने नेताजी के सहारे विधानसभा जाने का ख्वाब पाले घूम रहे हैं. ऐसे ही एक पात्र का नाम है विनोद बाबू.

कोल्हान इलाके में एक राजनेता का करीबी हुआ करते हैं विनोद बाबू. राजनेता के साथ उनका गठजोड़ जबरदस्त रहा है. राजनेता सत्ता सुख भोग रहे थे, तो विनोद बाबू भी साथे थे. राजनेता के गर्दिश के दिन शुरू हुए, तो विनोद बाबू भी हाशिए में चले गए. नेताजी के साथे-साथ नाम भी हुआ, बदनामो हुए. जितनी नेताजी की फजीहत हुई, उतनी ही विनोद बाबू की भी हुई. बीच में तो पाई-पाई के मोहताज हो गए थे नेताजी. कोर्ट ने सजा भी सुना दी.. नेताजी चुनावों नहीं लड़ सकते, लेकिन मैडम को आगे कर दिया. मैडम ने मोरचा संभाला. राजनीति में सक्रिय हुईं. पहले कांग्रेस का



### खास बातें

- दो लोकसभा सीटों पर भाजपा के प्रत्याशियों को कर रहे सहयोग
- पलामू की पांकी विधानसभा सीट से अपनी दावेदारी कर रहे मजबूत

पंजा थामा, खूब राजनीति चमकाईं. पति का साथ मिला. विनोद बाबू भी बैकग्राउंड से साथे-साथ रहे. मैडम का सबकुछ मैनेज करते रहे. लेकिन पांच साल कांग्रेस का पंजा लहराते समझ में आ गया कि यहां कुछो नहीं भेंटानेवाला है. चूंकि उनके हसबैंड साहब कमल फूल खिलाते हुए राजनीति चमकाये हुए थे, तो विचार हुआ कि कोल्हान में फिर से कमल फूल खिलाया जाए. बात बन गई, भाजपा भी सिंहभूम में कमल खिलाने को बेचैन थी. कोई धाकड़ नेता था नहीं. इसलिए मैडम को पार्टी में ले आया. मैडम आईं, तो पतिदेव भी साथ हो लिए. कमल फूल खिलाने की कसम खा ली. विनोद बाबू ने बैंकग्राउंड से भूमिका निभाई.

लेकिन राजनेता के साथ देते -देते विनोद बाबू के मन में भी राजनीति चमकाने की लालसा जाग गयी. सोचे, जब विधायक-सांसद बनावे में मदद करिए रहे हैं, तो काहें न खुद भी विधानसभा चले जाएं.जनजाति समाज के नेता की रणनीति तैयार करते-करते खुद के लिए जनरल सीट तलाशने लगे. तलाश भी लिए. विनोद बाबू ढेरे दिन से पांकी पर नजर गड़ाईले हैं. जब विदेश सिंह (अब स्वर्गीय) सक्रिय थे, तभी विनोद बाबू चुनाव लड़ने का मन बना लिए. लेकिन कोर्ट में एक-दो केस लंबित रहने के कारण पीछे हटना पड़ा. लेकिन धीरे-धीरे केस खत्म होता गया और पांकी के प्रति उनका मोह बढ़ता गया. हर हाल में पांकी सीट से चुनाव लड़ने की तैयारी अंदर ही अंदर करते रहे. अब विनोद बाबू चतरा से भाजपा प्रत्याशी कालीचरण सिंह की मदद कर पांकी सीट से अपनी दावेदारी मजबूत करने में लगे हैं. चतरा में काली की मदद से लाइमलाइट में आएंगे, तो पांकी के लिए जमीन तैयार कर लेंगे. हालांकि वहां से डॉ शशिभूषण प्रसाद मेहता कमल फूल खिलाए हुए हैं.

## यूथ कांग्रेस का डोर टू डोर पांच न्याय गारंटी अभियान शुरू

**धनबाद।** कांग्रेस के प्रधान चुनावी कार्यालय ब्लैक रोक होटल में धनबाद जिला युवा कांग्रेस के अध्यक्ष कुमार गौरव की अध्यक्षता में युवा कांग्रेस के सभी जिला पदाधिकारी, विधानसभा अध्यक्ष, नगर, प्रखंड अध्यक्षों के साथ बैठक आयोजित की गई. इसमें धनबाद जिला युवा कांग्रेस ने पार्टी के घोषणापत्र की पांच न्याय गारंटी- युवा न्याय, किसान न्याय, श्रमिक न्याय, नारी न्याय, हिस्सेदारी न्याय को धनबाद लोकसभा में हर दरवाजे तक पहुंचाने के लिए अभियान कि शुरुआत की.

मौके पर युवा अध्यक्ष ने कहा कि युवा कांग्रेस आज से सभी धनबाद संसदीय क्षेत्रों में डोर टू डोर पांच न्याय गारंटी का अभियान शुरू करेगी. कार्यक्रम में मुख्य अतिथि बेरमो विधायक अनूप सिंह ने कहा कि देश के संविधान पर मोदी के फासीवादी शासन द्वारा घातक हमला किया जा रहा है. मोदी के खरीदे हुए गुलाम संविधान को फिर से लिखने और डॉक्टर बीआर आंबेडकर द्वारा रचित संविधान को मिटा देने की एक घिनौनी साजिश कर रहे हैं. 400 पार का खोखला नारा और कुछ नहीं बल्कि हमारे संविधान द्वारा सुनिश्चित सामाजिक, राजनीतिक और आर्थिक न्याय को खत्म करने की साजिश है. यह हर भारतीय के अधिकारों पर घातक हमला है. एक ओर मोदी भारत के सामाजिक, राजनीतिक और आर्थिक ताने -बाने पर हमला कर रहा है. दूसरी ओर कांग्रेस का घोषणा पत्र अधिकारों को बनाए रखने और सामाजिक सशक्तिकरण सुनिश्चित करने के लिए जनगणना का वादा कर रहा है. आगामी लोकसभा चुनाव सिर्फ दो राजनीतिक विचारधाराओं के बीच की लड़ाई नहीं है, भारत के संविधान और उनके अंतर्गत सिद्धांतों को बचाने की लड़ाई है. अनूप सिंह ने कहा कि धनबाद की जनता आशीर्वाद देती है तो बिजली और जाम जैसी समस्याओं का समाधान प्राथमिकता आधार पर किया जाएगा.

# जेएलकेएम से सिंहभूम सीट के लिए दामोदर सिंह हांसदा ने किया नामांकन



संवाददाता। चाईबासा

झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा से सिंहभूम सीट के लिए दामोदर सिंह हांसदा ने बुधवार को चाईबासा के उपायुक्त कार्यालय में अपना नामांकन पत्र दाखिल किया.इससे पहले बड़ी संख्या में समर्थकों के साथ वे उपायुक्त कार्यालय पहुंचे.नामांकन को लेकर निकाले गये रैली में दामोदर सिंह हांसदा के समर्थकों में काफी उत्साह देखा गया.नामांकन पत्र दाखिल करने से पूर्व प्रत्याशी दामोदर सिंह हांसदा ने कहा कि हमारे क्षेत्र में शिक्षा व्यवस्था की स्थिति अच्छी नहीं है. उन्होंने कहा कि हमारे नेता जयराम महतो है और वे झारखंड के युवाओं के चहेते हैं. इस दौरान जेएलकेएम के जिलाध्यक्ष बसंत महतो, जिला प्रवक्ता बसील हेम्ब्रम, केन्द्रीय प्रधान महासचिव पाण्डूराम हाईबुरु, केन्द्रीय उपाध्यक्ष तरुण महतो, कोल्हान प्रमंडलीय मंत्री नवीन महतो के अलावे बड़ी संख्या में समर्थक मौजूद थे.

# पूर्व सांसद चित्रसेन सिंकू ने भी नामांकन प्रपत्र दाखिल किया



संवाददाता। चक्रधरपुर

पश्चिमी सिंहभूम चाईबासा लोकसभा क्षेत्र से झारखंड पार्टी के उम्मीदवार चित्रसेन सिंकू ने बुधवार को उपायुक्त कार्यालय में नामांकन पत्र दाखिल किया.इससे पहले अपने आवास से जुलूस निकालकर उपायुक्त कार्यालय पहुंचे. यहां नामांकन से पूर्व उन्होंने कहा कि झारखंड अलग राज्य बनने के बाद झारखंड की समस्याओं पर ध्यान नहीं दिया जा रहा है.शिक्षा, स्वास्थ्य व्यवस्था पूरी तरह चरमरायी हुई है. स्कूल-कॉलेज में शिक्षकों के पद रिक्त पड़े हुये हैं. .इस मौके पर झारखंड पार्टी के केंद्रीय सचिव सह प्रवक्ता महेन्द्र जामुदा, जिला अध्यक्ष कोलम्बस हंसदा, युवा जिला अध्यक्ष रेयांस समाड, सराईकेला खरसावां के जिला अध्यक्ष मनोज महाली,महिला जिला अध्यक्ष सरस्वती दुबे,मंगल सरदार,नितिन जामुदा, बालकिशन दोराईबुरु, संतोष लकड़ा, आनंद बोदरा समेत बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद थे.

## नक्सलियों की साजिश नाकाम चाईबासा पुलिस ने तीन आईईडी बरामद किया



संवाददाता। चाईबासा

चाईबासा पुलिस व सीआरपीएफ ने संयुक्त अभियान चलाकर भाकपा माओवादी नक्सलियों की साजिश को विफल करते हुये तीन लैंड माईन व पूराने डम्प किये समानों की बरामद करने में सफलता पाई. इस संबंध में पुलिस अधीक्षक आशुतोष शेखर ने बताया की 24 अप्रैल को टोन्टो थानान्तर्गत वनग्राम जिम्की इकीर के आस-पास जंगली / पहाड़ी क्षेत्र में सुरक्षा बलों को लक्षित करने के उद्देश्य से नक्सलियों द्वारा पूर्व में लगाये गये 5-5 किलो वजन का 3 आइईडी बरामद कर सुरक्षा के दृष्टिकोण से उसी स्थान पर बम निरोधक दस्ता के सहायता से विनिष्ट किया गया है. साथ ही उसी क्षेत्र में पुराने नक्सली डम्प से प्लास्टिक सिंटेक्स-2000 लीटर, चावल-5 बैग (प्रत्येक बैग 25 किलोग्राम), नमक 5 पैकेट, सरसों का तेल 5 पैकेट, हल्दी पाउडर 10 पैकेट, मिर्चा पाउडर-10 पैकेट, चाय पाउडर 2 पैकेट आदि बरामद किया.

उन्होंने बताया की नक्सली संगठन के शीर्ष नेता मिसिर बेसरा, अनमोल, मोछु, चमन, कांडे, अजय महतो, सागेन अंगरिया, अश्विन अपने दस्ता सदस्यों के साथ कोल्हान क्षेत्र में विध्वंसक गतिविधि के लिए भ्रमणशील है. जिसके आलोक में चाईबासा पुलिस, कोबरा 209, 203, 205, झारखंड जगुआर एवं सीआरपीएफ की 60, 197, 157, 174, 193, 134, 26, 190, 11 बटालियन की टीमों का एक संयुक्त अभियान दल गठित कर लगातार अभियान संचालित किया जा रहा है.

# सूरत में एक नया वोट स्कैम देखने को मिलाः सुप्रियो




संवाददाता। रांची

जेएमएम के केंद्रीय महासचिव सह प्रवक्ता सुप्रियो भट्टाचार्य गुजरात की सूरत लोकसभा सीट से भाजपा उम्मीदवार के निर्विरोध निर्वाचन पर सवाल उठाया है. निर्विरोध चुने गए भाजपा सांसद का चुनाव संदेह की घेरे में है. इलेक्टोरल बांड के बाद सूरत में एक नया वोट स्कैम देखने को मिला. इस सीट से कांग्रेस के नामांकन को रद्द किया गया और जितने भी दल के प्रत्याशी थे, सभी ने एक साथ नामांकन वापस ले लिया. इससे पहले भी निर्विरोध सांसद चुने गए हैं. लेकिन कभी भी किसी पर ऊंगली नहीं उठी.

### भाजपा अध्यक्ष से मिलकर रची गई यह साजिश

सुप्रियो भट्टाचार्य ने कहा कि गुजरात में भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष ने मिलकर यह साजिश रची गयी. अधिकारी पर दबाव बनाकर परिणाम घोषित करवाया. उन्होंने रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह पर निशाना साधते हुए कहा कि रक्षा मंत्री यह मान चुके हैं कि उनके उम्मीदवार अर्जुन मुंडा चुनाव हार गये हैं, क्योंकि पिछले लोकसभा चुनाव में उनकी जीत कैसे हुई थी, यह किसी से छुपी हुई नहीं है. राजनाथ सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि एनडीए में बाबूलाल मरांडी और सुदेश महतो हैं.

**Format C-7**

*(for political parties to publish in the newspapers, social media platforms & website of the party)*

**Information regarding individuals with pending criminal cases, who have been selected as candidates, along with the reasons for such selection, as also as to why other individuals without criminal antecedents could not be selected as candidates**

*(As per the Commission's directions issued in pursuance of the Order dated 13.02.2020 of the Hon'ble Supreme Court in contempt petition(C) no. 2192 of 2018 in WP(C) no. 536 of 2011)*

Name of Political Party : NOT APLICABLE
*Name of the Election : LOK SABHA ELECTION 2024
Name of State/ ~~UT~~: JHARKHAND
(1) Name of the Constituency - CHATRA (LOK SABHA) - JHARKHAND
Name of the candidate – ABHISHEK KUMAR SINGH

| Sl. No. | | | |
|---|---|---|---|
| 1. | Criminal antecedents | | |
| | a. | Nature of the offences | NOT APPLICABLE |
| | b. | Case no. | NOT APPLICABLE |
| | c. | Name of the Court | NOT APPLICABLE |
| | d. | Whether charges have been framed or not (Yes/No) | NOT APPLICABLE |
| | e. | Date of conviction, if any | NOT APPLICABLE |
| | f. | Details of punishment undergone, if any | NOT APPLICABLE |
| | g. | Any other information required to be given | NOT APPLICABLE |
| 2. | The reasons for the selection of the candidate. Selection shall be with reference to the qualifications, achievements and merit of the candidate, and not mere "winnability" at the polls (not more than 100 words) | | I have no criminal cases pending against me and I am contesting as Independent Candidate. Hence this clause is NOT APPLICABLE. I am contesting election on the grounds of my qualifications, achievements and merits. |
| 3. | Reasons as to why other individuals without criminal antecedents could not be selected as candidates (not more than 100 words) | | NOT APPLICABLE |

~~* In the case of election to Council of States or States or election to Legislative Council by MLAs, mention the election concerned in place of name of Constituency.~~

**ABHISHEK KUMAR SINGH**
**(INDEPENDENT CANDIDATE)**
(Signature of Candidate)


राजनीति

पलामू में भाजपा सरकार पर जमकर बरसे इंडिया गठबंधन के नेता

# संविधान में सभी को समान अधिकार हैः सिद्दीकी

संवाददाता। मेदिनीनगर

लोकसभा चुनाव में इंडिया गठबंधन के राजद प्रत्याशी ममता भुईयां के नॉमिनेशन के मौके पर हाउसिंग कॉलोनी मैदान में सभा का आयोजन किया गया. सभा की अध्यक्षता प्रदेश अध्यक्ष संजय सिंह यादव व संचालन जिला अध्यक्ष मोहन विश्वकर्मा ने किया. मौके पर राष्ट्रीय महासचिव सह पूर्व मंत्री अब्दुल बारीक सिद्दीकी ने कहा कि आज वोट की चोट देने की जरूरत है. देश के संविधान में सभी लोगों को समान अधिकार मिला है अपने अधिकार को खोने नहीं देना है. भाजपा सरकार 10 सालों में कोई विकास कार्य नहीं किया है सिर्फ लोगों



को बरगलाने का काम किया है. यही कारण है कि बिहार में पहले चरण के हुए मतदान में औरंगाबाद,नवादा जमुई एवं गया में भाजपा हार रही है इसी तरह अन्य जगह भी हारेगी हार से बचने के लिए नफरत के राजनीतिक करेगी हम सभी को समझना होगा. झारखंड मंत्री सत्यानंद भोक्ता ने कहा कि भाजपा सरकार 10 सालों से सरकार में है. भाजपा सरकार सिर्फ वादा करने जानती है पर उसे पूरा नहीं करती.उसने वादा किया था कि सभी बेरोजगारों को रोजगार देंगे, किसानों को राहत देंगे,आदर्श गांव बनाने की घोषणा किया गया पर आज तक घोषित आदर्श गांव को कोई सुविधा उपलब्ध नहीं मिला.उन्होंने जो वादा किया उसे पूरा नहीं किया इसलिए वोट के समय उन्हें घूम-घूम कर वोट मांग रहे हैं. ऐसे लोगों को अब सबक सिखाने की जरूरत नहीं है.अगर विकास करना है तो गठबंधन प्रत्याशी ममता भुइयां को वोट देकर जितना होगा. बिहार विधानसभा सदस्य भाई वीरेंद्र यादव ने कहा कि बिहार आंदोलन की धरती है बिहार जब भी अंगराई लेता है तो परिवर्तन होता है इस बार भी बिहार अंगड़ाई ले चुकी है इसलिए भाजपा सरकार को हारने के लिए गठबंधन प्रत्याशी को वोट देकर भारी मतों से विजय बनाएं.पूर्व प्रदेश अध्यक्ष गौतम सागर राणा ने कहा कि जो संविधान में हम सभी को अधिकार मिला है उसे बचाने के लिए जागरूक होकर भाजपा सरकार को हराना होगा.

## सख्त कार्रवाई की जरूरत

लोकसभा चुनाव से पहले चुनाव आयोग और अन्य एजेंसियों की सक्रियता से बरामद करीब पौने पांच हजार करोड़ रुपये इस बात की ओर संकेत हैं कि जनतंत्र के सामने धनबल की चुनौती कितनी बड़ी हो चुकी है. विडंबना देखिये कि स्वतंत्र भारत के आम चुनावों के क्रम में यह अब तक की सबसे बड़ी नकदी की बरामदगी है. चुनाव आयोग का दावा है कि हर रोज सौ करोड़ रुपये की बरामदगी होती रही है. निश्चय ही ये हालात भारतीय लोकतंत्र के भविष्य के लिए अच्छे संकेत नहीं हैं. आज जनप्रतिनिधि संस्थाओं में करोड़पति माननीयों की लगातार बढ़ती संख्या बताती है कि धनतंत्र का दायरा लोकतंत्र में लगातार किस हद तक बढ़ता जा रहा है. इस संकट का बढ़ना बताता है कि हमारे राजनीतिक दलों की तरफ से इस दिशा में कोई ईमानदार पहल नहीं हुई है. निःसंदेह, उस दिन चुनावों में धनबल की भूमिका गौण हो जाएगी, जिस दिन राजनीतिक दल निहित स्वार्थों को छोड़कर इस दिशा में ईमानदार कोशिश करेंगे. 21वीं सदी में भी यदि भारतीय लोकतंत्र में आम चुनावों के दौरान धनबल, बाहुबल, अफवाह तंत्र की दखल तथा आचार-संहिता के उल्लंघन का सिलसिला जारी है तो इसका मतलब है कि हम अभी तक परिपक्व व जिम्मेदार नागरिक तैयार नहीं कर पाए. सवाल यहां धनबल का ही नहीं है, छापों के दौरान बड़े पैमाने पर नशीले पदार्थों की बरामदगी भी एक बड़ी चिंता का विषय होना चाहिए. चुनाव आयोग की तरफ से बरामदगी के जारी आंकड़े बताते हैं कि इसमें 45 फीसदी नशीले पदार्थों की बरामदगी है. ऐसे में इस साल मतदान की प्रक्रिया से जुड़ रहे 1.8 करोड़ नये मतदाताओं को हमें लोकतंत्र की मौजूदा विसंगतियों से दूर रखना है. यदि हम ऐसा कर पाने में सफल होते हैं, तो तभी हम स्वस्थ लोकतंत्र की बुनियाद रख पाएंगे. ऐसे में हमारी प्राथमिकता हो कि हम नोटों की गड्डी की बजाय वोट की पवित्रता को अपनी प्राथमिकता बनाएं. यदि हमारी लोकतांत्रिक व्यवस्था पारदर्शी हो तो देश में स्वतंत्र व निष्पक्ष चुनाव का मार्ग प्रशस्त होता है. सही मायनों में निष्पक्ष चुनाव ही लोकतंत्र की आधारशिला है. बहरहाल, चुनाव आयोग की हालिया सख्ती और विसंगतियों पर तुरंत कार्रवाई व गाहे-बगाहे शीर्ष अदालत द्वारा चुनाव सुधारों के लिये रचनात्मक पहल ने लोकतंत्र के बेहतर भविष्य के प्रति उम्मीद जगाई है. निःसंदेह चुनाव प्रक्रिया कदाचार से मुक्त होनी ही चाहिए. यह आयोग के साथ ही देश के जागरूक मतदाताओं की भी जिम्मेदारी है. इस बात में दो राय नहीं हो सकती है कि किसी भी चुनाव में प्रत्याशियों के लिए चुनावी प्रतियोगिता का मंच समतल ही हो. और साथ ही किसी तरह के भेदभाव से मुक्त हो. निःसंदेह, हमारी मौजूदा कानून व्यवस्था में राजनेताओं के भ्रष्टाचार व आर्थिक अनियमितताओं पर रोक लगाने में जो खामियां हैं, उन्हें दूर करने का प्रयास करना चाहिए. दरअसल, चुनावी प्रक्रिया की विश्वसनीयता बनाये रखने के लिए चुनाव आयोग का सरकार व दल विशेष के प्रभाव से मुक्त होना भी बेहद जरूरी है ताकि वह किसी भी राजनीतिक दल के खिलाफ निष्पक्ष कार्रवाई कर सके.

> बहरहाल, चुनाव आयोग की हालिया सख्ती और विसंगतियों पर तुरंत कार्रवाई व गाहे-बगाहे शीर्ष अदालत द्वारा चुनाव सुधारों के लिये रचनात्मक पहल ने लोकतंत्र के बेहतर भविष्य के प्रति उम्मीद जगाई है. निःसंदेह चुनाव प्रक्रिया कदाचार से मुक्त होनी ही चाहिए.

### सुभाषित

**भाषासु मुख्या मधुरा दिव्या गीर्वाणभारती।**
**तस्यां हि काव्यं मधुरं तस्मादपि सुभाषितम्॥**


भाषाओं में सर्वाधिक मधुर भाषा गीर्वाणभारती अर्थात देवभाषा (संस्कृत) है. संस्कृत साहित्य में सर्वाधिक मधुर काव्य हैं और काव्यों में सर्वाधिक मधुर सुभाषित हैं. इसलिए देवभाषा का अनुशीलन करना चाहिए.

# लोकतंत्र के अंतर्मन में निर्भय होने का स्वप्न

**सभ्यता की शुरुआत से ही मनुष्य सत्ता की संस्कृति की प्रभुता के कारण कई समस्याओं से जूझता रहा है, जिन में से सबसे बड़ी समस्या है, भय. सभ्यता के इस छोर पर यह उम्मीद रही है कि लोकतांत्रिक माध्यम से सभ्यता की संस्कृति की समवायी लघुता समाज के निर्भय होने के स्वप्न को संभव कर सकती है, लोकतंत्र के अंतर्मन में कोहराम मचानेवाले सत्ता के शोर को संगीत में बदल सकती है.**



• देश-काल



प्रफुल्ल कोलख्यान

आम चुनाव 2024 का पहला चरण 19 अप्रैल को पूरा हुआ. राजनीतिक विश्लेषक और विशेषज्ञ मतदान प्रतिशत में गिरावट और लोकतंत्र के पर्व के प्रति लोगों के उदासीन रुझान की व्याख्या अपने-अपने ढंग से कर रहे हैं. चुनाव संघर्ष के लिए समान अवसर की स्थिति, स्वतंत्र निष्पक्ष निर्भय एवं दबाव से मुक्त वातावरण में चुनाव संपन्न होने की संभावनाओं का आकलन, राजनीतिक औद्धत्य से बने सामाजिक वातावरण और लोकतांत्रिक संस्कृति की समझ के स्तर पर भी बातचीत की जा रही है.

सभी निष्कर्षों तक पहुंचने और इसका अर्थ हासिल करने की कोशिश कर रहे हैं. आम लोगों के लिए इन निष्कर्षों का निश्चित रूप से महत्व होगा. मीडिया है इन निष्कर्षों का सकारात्मक प्रभाव भी पड़ेगा. मतदान में नागरिक भागीदारी का अनुपात भी बढ़ सकता है. हां, समय पर आम लोगों तक इन निष्कर्षों का पहुंचना भी कोई कम बड़ी चुनौती नहीं है. चुनौतियां तो कई हैं. फिलहाल एक बड़ी चुनौती 'भय' को समझने की कोशिश करना यहां अप्रासंगिक नहीं होना चाहिए.

मनुष्य की कुछ मौलिक वृत्तियां हैं. मौलिक वृत्तियों का पूर्ण निषेध नहीं हो सकता है. इन वृत्तियों में कुछ वृत्तियां सकारात्मक होती हैं और कुछ वृत्तियां नकारात्मक मानी जाती हैं. 'मानी जाती हैं' कहने का आशय यह है कि कोई भी मौलिक वृत्ति पूरी तरह से नकारात्मक या सकारात्मक नहीं होती है. इन का नकारात्मक या सकारात्मक होना परिस्थितियों पर निर्भर करता है. 'निर्भय' का अर्थ भय-शून्यता या भय हीनता नहीं होता है, न व्यक्ति के संदर्भ में और न ही समाज के संदर्भ में. किस सामान्य मनुष्य के मन में किसी तरह के 'भय' का बिल्कुल न होना भी नकारात्मक है. ध्यान देने की बात है कि हर समय मन में किसी-न-किसी 'भय' का हमेशा सक्रिय रहना भी खतरनाक होता है. मन के 'भय-ग्रस्त' रहने की स्थिति भी नकारात्मक ही होती है.

समाज के निर्भय होने का स्वप्न अभी तक स्वप्न ही है. यथार्थ की जमीन से दस अंगुली ऊपर ही रहता है निर्भय होने का स्वप्न. लोकतंत्र के यथार्थ में निर्भय के स्वप्न के समावेश और कुछ लोग जो सत्ता के साथ अपनी कट्टर स्पष्टता से हैं, उन के मन में विधि, विधान, संविधान का कहीं कोई भय नहीं है. सत्ता के साथ कट्टर स्पष्टता से होने का मतलब है, कोई सवाल नहीं, किसी तरह का कोई सवाल नहीं. जिस को जो मिलेगा, अधिकार से नहीं कृपा से मिलेगा. उसी को मिलेगा जिस पर कृपा होगी, उतना ही मिलेगा जितनी कृपा होगी. इसे और स्पष्टता से समझने के लिए एक प्रसंग. पूजा करते समय पुरोहित, "इदम चंदनम" कहते हुए वह भगवान को कुछ भी अर्पित करता है तो, 'भगवान और जजमान' दोनों को यही मानना होता है कि वह चंदन है. अगर पुरोहित कहे "इदम पुष्पम" तो फिर 'भगवान और जजमान' दोनों को ही उसी वस्तु को पुष्प मान लेना होता है.

तो शक्ति किस के हाथ हुई! सत्य निर्धारण की शक्ति! न 'भगवान' के हाथ, न 'जजमान' के हाथ! सत्य निर्धारण की शक्ति होती है पुरोहित के हाथ. 'पुरोहित' में सब लीन, जजमान भी, भगवान भी, राष्ट्र भी, संविधान भी! भारत के लोकतंत्र में सत्ता का 'पुरोहित' कौन होता है या कौन है, यह कहने की जरूरत नहीं है. इतना ही कहा जा सकता है कि 'पुरोहित' ने राष्ट्र को भगवान और नागरिक को जजमान बना दिया है! "इदम" कह कर 'पुरोहित' जो भी थमा दे, उसे वही मान लेना होगा, राष्ट्र को भी नागरिक को भी.

महात्मा बुद्ध ने दुख का कारण बताया था, वह अपनी जगह तरह-तरह से सत्य था और है. अभी के भारत में संविधान और लोकतंत्र के रहते दुख का एक बड़ा कारण है, सिर उठाकर चलने की कोशिश. सुख-सागर में गोता लगाने का उपाय है करुण कंठ से क्रुद्ध स्वर में 'जयजय' करना या फिर दुम दबाकर कदमों में दुबकने की कला में पारंगत होना! 'जय' क्या होता है! महाभारत के अनुसार सभी 'आर्ष ग्रंथों' की संज्ञा 'जय' है.

सत्य क्या है! सत्य के निर्धारण की शक्ति 'पुरोहित' के हाथ है, इसे चुनौती नहीं दी सकती है. चुनौती देने पर कोई दाभोलकर हो जा सकता है, फादर स्टेन स्वामी, शुभकरण सिंह, रोहित वेमुला कुछ भी हो जा सकता है; गौरी लंकेश हो जा सकती है, साक्षी मलिक हो जा सकती है.

अधिकार और हक की बात करनेवालों को चाहे वह सत्ता के द्वारा जंगलों में धकेल दिया गया कोई समूह हो, या ऑलंपिक का मैडल जीतकर देश का मान बढ़ाने के कारण सत्ता के द्वारा सम्मानित किया गया हो, राजकीय अंधविश्वास और असत्य का भेद खोलनेवाला कोई भी हो, अन्न उपज की जायज कीमत की मांग करनेवाला किसान हो सब की एक ही दुर्गति है. संविधान है, लोकतंत्र है, इतनी बड़ी संख्या में न्याय पुरुष हैं. सब अपनी जगह सही हैं. बस चुनावी सत्ता के सामने अधिकार और हक की बात न करे कोई. स्थिति ऐसी कि चाहे कोई जितना भी बड़ा अधिकारी रहा हो, रिटायर्ड आयुक्त ही क्यों न हो या साधारण 'बाल-बच्चेदार' ही क्यों न हो, यदि कुछ कहे बिना रह नहीं पाता है तो, बचाव के लिए अपना नाम 'उजागर' न होने की नैतिक शर्त पर ही कह पाता है!

लोकतंत्र से उम्मीद रहती है कि वह लोकतांत्रिक माहौल में सत्ता की संस्कृति का परित्याग कर सभ्यता की संस्कृति को अपनाये और समाज और राष्ट्र के आम सदस्यों और नागरिकों में सभ्यता की संस्कृति को बढ़ावा दे. सभ्यता की शुरुआत से ही मनुष्य सत्ता की संस्कृति की प्रभुता के कारण कई समस्याओं से जूझता रहा है, जिन में से सबसे बड़ी समस्या है, भय. सभ्यता के इस छोर पर यह उम्मीद रही है कि लोकतांत्रिक माध्यम से सभ्यता की संस्कृति की समवायी लघुता समाज के निर्भय होने के स्वप्न को संभव कर सकती है, लोकतंत्र के अंतर्मन में कोहराम मचानेवाले सत्ता के शोर को संगीत में बदल सकती है.

• बोधि-वृक्ष | के. कृष्णमूर्ति



## मानव मन की पहेली

यह सर्वविदित है कि सोचने की शक्ति ही हमें अन्य जीवित प्राणियों से अलग बनाती है, लेकिन दुर्भाग्य से यही कारण है कि हम खुद को प्रकृति के क्रम में उच्चतर मानते हैं. इस अत्यंत आवश्यक शक्ति का समय के साथ अधिकतर उपयोग और दुरुपयोग किया जाता है. कृष्णमूर्ति के अनुसार, हमारे दिमाग की गलत व्याख्या की जाती है, और हमें इसका उपयोग करने से अलग तरीके से उपयोग करना शुरू करना चाहिए, न कि आत्म-सुरक्षा और आत्म-विस्तार के लिए एक वस्तु के रूप में. हम अब आदिम मानव नहीं हैं, और उच्च जागरूकता प्राप्त करने के लिए जीवित रहने की प्रवृत्ति को छोड़ना होगा. वह इस बारे में बात करते हैं कि यदि समाज को वास्तव में मानव बने रहना है, तो उसे निरंतर क्रांति और पुनर्मूल्यांकन की स्थिति में रहना होगा. मन का उपयोग अहं-केंद्रित अधिग्रहण और व्यक्तिगत विकास और शक्ति के लिए अधिक किया जा रहा है, जिससे दूसरों के अवसर कम हो रहे हैं. हमें संगठित समाज से नहीं बल्कि जैविक समाज से जुड़ने का प्रयास करना चाहिए; क्योंकि एक संगठित समाज हमेशा एक पदानुक्रम का पालन करेगा; और नैतिकता के मानक मौजूद हो सकते हैं, लेकिन जरूरी नहीं कि वे एक जैविक समाज की तरह महान अर्थों में हों. एक जैविक समाज का अर्थ है कि उसके सदस्यों के पास इससे जुड़े रहने के अलावा कोई विकल्प नहीं है. हालाँकि, यह और भी आगे तक जाता है. इसका तात्पर्य यह है कि उनके पास इसमें शामिल होने के अलावा कोई इच्छा नहीं है, क्योंकि उनके और समाज के हित एक समान हैं; वे स्वयं को समाज से जोड़ते हैं. यहां एकता अधिकारियों द्वारा घोषित एक सिद्धांत नहीं है, बल्कि सभी प्रतिभागियों द्वारा स्वीकार किया गया एक तथ्य है. इसमें कोई बड़ा बलिदान शामिल नहीं है. समाज में किसी का स्थान कठिन या अशोभनीय हो सकता है, लेकिन वही एकमात्र उपलब्ध स्थान है; इसके बिना, किसी का दुनिया में कोई स्थान नहीं है. इस परिप्रेक्ष्य के विपरीत, किसी व्यक्ति को दिए गए अधिकार और स्वतंत्रताएं एक संगठित समाज का निर्माण करती हैं.यह दुनिया अराजकता से भरी है और इंसान को यह समझना चाहिए कि वह उस अराजकता का हिस्सा है - कारण और प्रभाव. कृष्णमूर्ति कहते हैं कि अचेतन को चेतन में लाना बुद्धि का पहला फल है. यह मानवीय स्तर तक पहुँचने का प्रतीक है और कोई संघर्ष नहीं होना चाहिए. चेतना के पूरे तंत्र का यह एकीकरण जागरूकता, धारणा के विस्तार और हमारे साहसिक सपनों से परे स्नेह और कार्रवाई के अनुभव के लिए खुलेगा.

# अर्थव्यवस्था के लिए घातक है युद्ध की आहट

• आर्थिकी

डॉ.अजीत रानाडे

33 वर्षों में पहली बार एक विदेशी राष्ट्र ने 13 अप्रैल (शनिवार) को इज़रायल पर हमला किया. आखिरी बार 1991 में इराक ने इज़रायल पर क्रूज मिसाइलों से हमला किया था. यह ईरान था जिसने पिछले सप्ताह के अंत में इज़रायल में विभिन्न इलाकों पर 360 से अधिक मिसाइल और ड्रोन प्रक्षेपित किए थे. यह हमला धीमी गति से चलने वाले ड्रोन (जो ईरान से इज़रायल तक जाने में छह घंटे से अधिक समय लेते हैं), तेज क्रूज मिसाइलों और बहुत उच्च गति वाली बैलिस्टिक मिसाइलों का एक संयोजन था जो ध्वनि की गति से भी तेज हैं. ईरान के विदेश मंत्री ने इजरायल पर इस सुनियोजित हमले को लेकर पड़ोसी देशों को 72 घंटे की चेतावनी दी थी. उधर इज़रायल लगभग 99 प्रतिशत मिसाइलों और ड्रोन को रोकने में कामयाब रहा और इसलिए उसका बहुत नुकसान नहीं हुआ. यह परिष्कृत मिसाइलरोधी रक्षा प्रणाली- आयरन डोम के कारण संभव हुआ जिसे इज़रायल ने अमेरिकी और ब्रिटिश मदद से बनाया था और इस बार जॉर्डन की धरती पर भी तैनात किया गया था.रक्षा के उन कुछ घंटों के लिए अनुमानित खर्च लागत लगभग 1.1 बिलियन डॉलर थी. रक्षा आपूर्तिकर्ताओं, मुख्य रूप से अमेरिकी कंपनियों को इस तरह की तैनाती से लाभ होगा. बेशक, दो साल पहले शुरू हुए यूक्रेन युद्ध के कारण हथियार प्रणालियों के अमेरिकी निर्माताओं को पहले ही काफी फायदा हुआ है. ईरान द्वारा उस रात ड्रोन और मिसाइलों से किए हमले की लागत शायद एक अरब डॉलर के करीब है. इज़रायल द्वारा 1 अप्रैल को सीरिया के दमिश्क में ईरानी दूतावास पर किए हमले के प्रतिशोध में ईरान ने यह हमला किया था. इस हमले में ईरान के दो वरिष्ठ जनरलों की मौत हो गई थी. बिना किसी उकसावे के किए इस हमले को इज़रायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने अधिकृत क्यों किया, वह भी एक राजनयिक लक्ष्य पर? क्या इज़रायल हमास के साथ संघर्ष के दायरे को और विस्तारित करने की कोशिश कर रहा था तथा एक बढ़ते युद्ध में अन्य देशों को खींच रहा था? क्या उसे यह पता नहीं था कि ईरान के दूतावास पर उसकी कार्रवाई किसी जवाबी कार्रवाई को आमंत्रित करेगी? या इसने ईरान द्वारा कड़ी प्रतिक्रिया को गलत समझा? इज़रायल के साथ सहानुभूति रखने वालों का तर्क होगा कि इज़रायल की कार्रवाई अकारण नहीं थी. यह इज़रायल के क्षेत्र के भीतर हमास का समर्थन करने वालों को दंडित करना था. सभी लोग जानते हैं कि इज़रायल के भीतर हमास, लेबनान में हिजबुल्लाह और यमन में हौथिस को ईरान का मौन समर्थन है. ईरान के परमाणु कार्यक्रम को विफल करने और हमास तथा ईरान द्वारा इज़रायल पर ड्रोन और मिसाइल के असफल हमले को कुछ टेलीविजन और सोशल मीडिया चैनलों ने तृतीय विश्व युद्ध की शुरुआत बताया. शेयर बाजारों में हड़बड़ाहट दिखाई दी. ईरान की जवाबी कार्रवाई की आशंका में शुक्रवार को ही न्यूयॉर्क का डाउ इंडेक्स 2.4 फीसदी गिर गया था. दुनिया भर में शेयरों में और गिरावट की आशंका है. सोने की कीमत अब तक के उच्चतम स्तर पर पहुंच गई है और 2400 डॉलर प्रति औंस के करीब है. भारत में जल्द ही दस ग्राम सोने का मूल्य 80,000 रुपये को पार कर सकता है. जोखिम से बचने वाले उन निवेशकों द्वारा सोने की उच्च मांग की सहज प्रतिक्रिया है, जिन्हें डर है कि अन्य सभी संपत्तियों की कीमतों में भारी गिरावट आएगी. यह संघर्ष मध्य पूर्व से तेल आपूर्ति को बाधित करेगा इसलिए तेल की कीमतें निश्चित रूप से बढ़ेंगी. यदि वैश्विक आर्थिक मिज़ाज का अंदाजा लगाया जाए तो व्यापारिक वस्तुओं के निर्यात पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ेगा. ठीक उसी तरह जैसे हौथियों के हमलों के कारण लाल सागर के व्यापार मार्ग में व्यवधान ने समुद्री व्यापार की लागत में वृद्धि की है. यह स्थिति भी अंतरराष्ट्रीय व्यापार के लिए नकारात्मक है. खुदरा महंगाई में वृद्धि की खबर भी राहत देने वाली नहीं है तथा तेल की कीमतों में बढ़ोतरी के कारण और खराब हो सकती है. यही कारण है कि भारतीय रिजर्व बैंक ब्याज दरों में कटौती नहीं कर सकता है जिससे आवास और वाहन ऋण में मदद मिल सकती थी.और अंत में, बेरोजगारी के बारे में आई रिपोर्ट चिंता बढ़ाने वाली है. अंतरराष्ट्रीय श्रम संगठन और मानव विकास संस्थान द्वारा संयुक्त रूप से प्रकाशित हालिया रिपोर्ट ने युवा बेरोजगारी, कौशल असंतुलन और श्रम शक्ति में अभी भी महिलाओं की कम भागीदारी की एक गंभीर तस्वीर चित्रित की है.

> दुनिया भर में शेयरों में और गिरावट की आशंका है. सोने की कीमत अब तक के उच्चतम स्तर पर पहुंच गई है और 2400 डॉलर प्रति औंस के करीब है. भारत में जल्द ही दस ग्राम सोने का मूल्य 80,000 रुपये को पार कर सकता है. जोखिम से बचने वाले उन निवेशकों द्वारा सोने की उच्च मांग की सहज प्रतिक्रिया है, जिन्हें डर है कि अन्य सभी संपत्तियों की कीमतों में भारी गिरावट आएगी.

# जगन के खिलाफ बदलता सामाजिक समीकरण

• राज्यनामा

बी.सिवरामन

आंध्र प्रदेश में अनुसूचित जाति वर्ग की जनसंख्या कुल आबादी के 20% हिस्से के बराबर है, जबकि अनुसूचित जनजाति 5% आबादी का प्रतिनिधित्व करती है. अन्य प्रमुख जातियों में कापू 21%, कम्मा 5% और रेड्डी 8% हैं. तीनों उच्च जातियों में गिने जाते हैं जबकि उनके बीच के तूर्पा कापू और मुन्नुर कापू वर्गों को ओबीसी में वर्गीकृत किया गया है. टीडीपी को कम्माओं की पार्टी के तौर पर जाना जाता है. हालांकि संख्या के लिहाज से कापू और रेड्डी की तुलना में कम्मा की संख्या कम है, लेकिन आर्थिक दृष्टि से उन्हें बेहद शक्तिशाली माना जाता है, और उनमें से कई लोग धनी किसान और व्यवसायी हैं. तेलगु समाज के बीच उन्हें नव-पूंजीवादी वर्ग के प्रमुख हिस्से के तौर पर देखा जाता है. मुख्य रूप से ये बड़ी संख्या में उपजाऊ कृष्णा घाटी से सम्बद्ध कृष्णा, गुंटूर, प्रकासम और नेल्लोर जिलों में बसे हुए हैं. कापू भी एक मजबूत कृषक समुदाय है, जो मुख्यतया समान रूप से उपजाऊ गोदावरी घाटी के ईस्ट और गोदावरी जिलों में आबाद हैं. इसके अलावा उनकी बसाहट अन्य उत्तरी तटीय आंध्र के जिलों में भी देखी जा सकती है. सिने कलाकार से राजनीतिज्ञ बन चुके पवन कल्याण असल में लोकप्रिय तेलगु हीरो चिरंजीवी के भाई हैं, जो कापू समुदाय से ताल्लुक रखते हैं. 2014 में इन्होने पहली बार जन सेना पार्टी के झंडे तले कापू समुदाय की अलग पहचान कायम करने के लिए उन्हें संगठित करना शुरू किया था. 2019 में जन सेना को विधान सभा चुनाव में 5.53% और लोकसभा चुनाव में 5.79% वोट हासिल हुए थे. तेलगु देशम पार्टी के साथ जन सेना की नजदीकियां तभी से बढ़ने लगी थीं, जब चंद्रबाबु नायडू के खिलाफ जगन हमलावर थे. उन्होंने 2020 में ही टीडीपी के साथ अपना औपचारिक गठबंधन कर लिया था, और मार्च 2024 में दोनों दल भाजपा के साथ सफलतापूर्वक गठबंधन में शामिल हो गये. तीनों दलों के बीच लोकसभा की सीटों को लेकर जो समझौता हुआ है, उसमें टीडीपी 17 सीटों पर चुनाव लड़ने जा रही है, जबकि भाजपा 6 और जन कल्याण सेना 2 सीटों पर अपनी किस्मत आजमाने जा रही है. विधानसभा चुनाव में टीडीपी 144 सीट तो जन सेना 21 और भाजपा मात्र 10 सीटों पर चुनाव लड़ रही है. राज्य में ओबीसी समुदाय आबादी के करीब 35% हिस्से का प्रतिनिधित्व करती है. प्रमुख ओबीसी जातियों में गोल्ला (जो पारंपरिक तौर पर भेड़ पालन करते थे, लेकिन अब प्रमुखतया खेतिहर समुदाय है) और सेट्टी बालिजा (इनमें से मुख्य उप-समूह का गौड़ का पारंपरिक व्यवसाय ताड़ी चुआने से सम्बद्ध था, लेकिन कई अन्य सेट्टी बालिजा अब बिजनेस में हैं और कई अन्य खेती-किसानी करते हैं). गोल्ला और सेट्टी बालिजा दोनों समुदाय पारंपरिक तौर पर टीडीपी के पीछे गोलबंद होते रहे हैं, और गोल्ला समाज के धाकड़ व्यक्ति, यानामाला रामकृष्णडू को चंद्रबाबू सरकार में वित्त मंत्री पद दिया गया था. इसके अलावा, कई नामचीन सेट्टी बालिजा नेता भी टीडीपी के पीछे लामबंद हैं. तेलगु देशम के झंडे तले कापू-कम्मा-ओबीसी गठजोड़ के चलते टीडीपी के पास एक मजबूत सामाजिक गठबंधन का आधार तैयार है.वहीं रेड्डी एक उच्च जाति होने के साथ-साथ मुख्यतया जमींदार तबका है, और ज्यादातर लोग जगन रेड्डी के पीछे लामबंद हैं. लेकिन इनमें से अधिकांश रायलसीमा क्षेत्र के जिलों में केंद्रित होने के साथ तटीय जिलों में बिखरे पड़े हैं. जबकि अधिकांश दलित जो कुछ समय पहले तक वाईएसआरसीपी के पीछे लामबंद थे, अब विभाजित हैं. भारी महंगाई की मार और गोदावरी-कृष्णा के दहाने पर स्थित जिलों के सिवाय, खेती से जुड़े कामकाज में आई किल्लत ने उनमें से अधिकांश को वाईएसआरसीपी से अलगाव की स्थिति में ला दिया है. जगन का मूल आधार क्षेत्र रायलसीमा में होने की वजह से तटीय जिलों के समुदायों में उनका समर्थन आधार अभी भी कमजोर बना हुआ है. भाजपा का आंध्र प्रदेश में कोई स्वतंत्र जनाधार नहीं है. यही कारण है कि 2019 में उसे चुनावों में 1% से भी कम वोट हासिल हुए थे. लेकिन केंद्र में सत्तारूढ़ पार्टी की हैसियत का फायदा उठाते हुए इसने क्षेत्रीय दलों की पीठ पर सवारी कर फसल काटने का फैसला लिया है. जगन ने जिस प्रकार से चंद्रबाबू नायडू के खिलाफ आक्रामकता दिखाई उससे घबराकर उन्हें मजबूर होकर भाजपा की गोद में बैठने के लिए मजबूर होना पड़ा है. इसके चलते टीडीपी ने भाजपा के पक्ष में 6 सीटें कुर्बान कर दी हैं, हालांकि 2019 में उसे स्वंय 3 लोकसभा सीटों पर जीत हासिल हुई थी.

> भारी महंगाई की मार और गोदावरी-कृष्णा के दहाने पर स्थित जिलों के सिवाय, खेती से जुड़े कामकाज में आई किल्लत ने उनमें से अधिकांश को वाईएसआरसीपी से अलगाव की स्थिति में ला दिया है. जगन का मूल आधार क्षेत्र रायलसीमा में होने की वजह से तटीय जिलों के समुदायों में उनका समर्थन आधार अभी भी कमजोर बना हुआ है.

### मीडिया में अन्यत्र

## चुनावी भाषाणों में संयम जरूरी

**नरेन्द्र मोदी** की राजनीति की मुख्य विशेषताओं में से एक है, दक्षिणपंथी बयानबाजी पर उनकी निर्भरता. जनता की भावनाओं के दोहन की राजनीति, अल्पसंख्यकों के खिलाफ नफरती भाषण और 'डॉग विसल' (ऐसे राजनीतिक संदेश जिनका मकसद अपने जनाधार के कट्टर तबकों को खुश करना होता है) का इस्तेमाल इसी से जुड़े हुए हैं. रविवार को, इन तीनों पहलुओं का उस वक्त खुला प्रदर्शन हुआ जब नरेन्द्र मोदी ने दावा किया कि कांग्रेस पार्टी भारतीयों की संपत्ति को मुसलमानों के बीच बांट देगी और वे "बड़ी संख्या में बच्चों" वाले लोग और "घुसपैठिये" हैं. उन्होंने यह भी कहा कि उनके पूर्ववर्ती मनमोहन सिंह का वक्तव्य था कि "मुसलमानों का देश के संसाधनों पर पहला अधिकार है". इनमें से कोई भी कथन सच्चाई के करीब नहीं है. अपने घोषणापत्र में, कांग्रेस ने सकारात्मक कार्रवाई को मजबूत करने के लिए एक सामाजिक-आर्थिक जाति जनगणना का वादा किया है. साथ ही, गरीबों और आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों के बीच फाजिल जमीन के वितरण की निगरानी के लिए एक प्राधिकरण स्थापित करने का वादा किया है. ऐसे स्वतंत्र सर्वेक्षण मौजूद हैं जो यह इंगित करते हैं कि भाजपा शासन के 10 सालों में किस तेजी से संपत्ति में गैर-बराबरी बढ़ी है. करों में कटौती के जरिए कॉरपोरेट घरानों को कर राहत की सरकारी नीतियों, अप्रत्यक्ष करों पर ज्यादा निर्भरता और कुल कर में कॉरपोरेट कर (46.5 फीसदी) के मुकाबले व्यक्तिगत कर की ज्यादा बड़ी हिस्सेदारी (53.3 फीसदी) का नतीजा संपत्ति के स्वामित्व में बड़े असंतुलन के रूप में सामने आया है.वर्ष 2006 में डॉ. सिंह ने कहा था कि उनकी सरकार को ऐसी योजनाओं को प्राथमिकता देने की जरूरत है जो अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों, अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी), महिलाओं और अल्पसंख्यक वर्गों खासकर मुसलमानों का उत्थान करें. और जैसा भारत का समाज है, उसमें हाशिए पर पड़े लोगों का संसाधनों पर पहला दावा है. उसी समय से, इस बयान को हिंदुत्ववादी दक्षिणपंथी खेमे एवं मोदी ने तोड़ा-मरोड़ा है और एक बार फिर इसका सहारा लिया है. इस बात के पर्याप्त सबूत हैं कि मुसलमानों में प्रजनन दर हिंदुओं के करीब है. केंद्रीय गृह मंत्रालय ने जनगणना में बेवजह देरी की है. यह सभी वर्गों में प्रजनन दर में आयी बड़ी गिरावट को दिखा सकती है जिस तरह पहले की जनगणनाओं और एनएफएचएस जैसे दूसरे भरोसेमंद सर्वेक्षणों ने दिखाया है. **(द हिंदू)**



### शब्द चर्चा | डॉ. विनय कुमार पाण्डेय

## मंजर/मंजूर

**हमें** रात जाती है, सुबहा आती है, यूं ही वक्त चलता ही रहता है रुकता नहीं, एक पल में ये आगे निकल जाता है. आदमी ठीक से देख पाता नहीं और परदे में मंजर बदल जाता है. एक बार चले जाते हैं दिन-रात सुबहो शाम, वो फिर नहीं आते. फिल्म आपकी कसम के गाने की इन पक्तियों में गौर करने वाला पद है परदे में मंजर बदल जाता है. इस पद में भी सबसे प्रमुख शब्द है मंजर. मंजर तो देखने की चीज है, लेकिन कालचक्र में बंधा आदमी की नजरें ठीक से नहीं देख पातीं, समझ नहीं पातीं और मंजर बदल जाता है, नजारे बदल जाते हैं. हिंद शब्दसागर के अनुसार संस्कृत मूल का संज्ञा पुल्लिंग शब्द मंजर शब्द आम बोलचाल की भाषा में बहु प्रचलित है. आम के पेड़ में लगे मंजर का आनंद तो आप साल में कम से कम एक बार ले ही लेते हैं. इस मंजर का अर्थ मोती भी होता है और तिलक नामक का एक पौधा भी. संस्कृत में इसका एक रूप मंजरि या मंजरी भी है. यह संज्ञा स्त्रीलिंग शब्द है और इसका अर्थ है छोटे पौधे या लता आदि का निकला हुआ कोंपल, कुछ विशिष्ट वृक्षों या पौधों में फूलों या फलों के स्थान पर एक सींके में लगे हुए बहुत से दानों का समूह. जैसे आम की मंजरी, तुलसी की मंजरी, तिल का पौधा, लता, बेल, तुलसी. गाने में प्रयुक्त मंजर शब्द अरबी भाषा मूल का संज्ञा पुल्लिंग है. इसका मतलब है नजारा, दृश्य, दर्शनीय वस्तु, मुखाकृति, क्रीड़ा स्थान, दृष्टिसीमा. हो सकता है कि ये बातें सबको मंजूर नहीं हों. बात की बात में एक और शब्द निकल आया मंजूर. यह शब्द अरबी भाषा मूल का विशेषण है. इसका मतलब है जो मान लिया गया हो, स्वीकृत, पसंद, जो देखा गया हो, अवलोकित. इसी शब्द से बना है मंजूरी, जो संज्ञा स्त्रीलिंग है. इसका मतलब है मंजूर होने का भाव, स्वीकृति.

# पूत के पांव और सियासत का पालना

• तीर-तुक्का

राकेश अचल



कहावत सौ फीसदी सही है कि -पूत के पांव पालने में दिखाई देने लगते हैं. पूत के पांव देखने के लिए पालना जरूरी है. पालना काठ का हो या सियासत का, इससे कोई फर्क नहीं पड़ता. आपको पता हो या न हो लेकिन हकीकत ये है कि देश में आज भी पालनों की बहुत कमी है. देश में पिछले सत्तर सालों में पालनों के बारे में बहुत कम काम किया गया. एक ही पार्टी ने इस दिशा में काम क्या, इसलिए दूसरे पूतों के लिए न पालने आये और न उनके पांव देखे जा सके. आजादी के पचहत्तर साल बाद अब सबको साथ लेकर पालना विकास का अभियान चलाया गया है अब सभी सियासी दलों को ये आजादी दी गयी है कि वे अपने-अपने पूतों के पांव देखने के लिए उनके साइज के पालने बनवा सकते हैं. पालने बनवाने के लिए राज सहायता की जरूरत हो तो वो भी मिल सकती है, विदेशों से अनुदान लिया जा सकता है,लेकिन शर्त एक ही है कि जो लोग पालना खरीदें या बनवाएं वे और उनके पूत उसके लायक होना चाहिए. हमारा तजुर्बा है कि पूत के पांव बिना पालने के नजर आते ही नहीं. आपको याद होगा कि भगवान कृष्ण के पास पालना था इसलिए उन्होंने जो चाहा सो किया. उनके पास पालने का प्रमाण बाबा सूरदास ने जसोदा हरी पालना झुलावें" लिखकर दिया है. भगवान राम भले ही चक्रवर्ती सम्राट दशरथ के पुत्र थे लेकिन उन्हें पालना नसीब नहीं हुआ. इसका प्रमाण है कि कविवर को लिखना पड़ा "ठुमक चलत रामचंद्र, बाजत पैजनिया" राजा दशरथ ने अपने लिए 10 रथ तो बनवा लिए लेकिन अपने बेटों के लिए पालने निर्मित करने में कंजूसी कर गए और इसका खामियाजा उन्हें भुगतना पड़ा. पालना होता तो वे अपने बेटों के पांव पालने में ही देख लेते और उन्हें वनगमन से बचा लेते, लेकिन कोई कर भी क्या सकता है. अपनी-अपनी किस्मत है. कलियुग में हालात बदल गए हैं. आज के राजे-महराजे सियासत में होलटाइम काम करते हैं इसलिए सबसे पहले अपने बच्चों के लिए पालने का इंतजाम करते हैं, ऐसा करते समय उन्हें कोई दूसरा नजर नहीं आता. अर्जुन की तरह आज के सियासी सामंतों की आंख केवल और केवल अपने पपोटों के लिए पालना बनवाने पर रहती है. जब बड़े सियासी सामंत ऐसा करते हैं तो छोटे सामंतों को उनका अनुसरण करना ही पड़ता है. अगर आपकी दिलचस्पी हिस्ट्री में है तो आप जानते ही होंगे कि हमारे शांतिदूत ने सबसे पहले इस दिशा में पहल की थी. उनके पास कोई पूत-सपूत नहीं था इसलिए उन्होंने अपनी पुत्री को ही पूत मानकर उसके लिए न केवल पालना बनवाया बल्कि उसके पांव भी बचपन में देख लिए नतीजा ये हुआ कि बिटियारानी उनकी सियासी उत्तराधिकारी बनी और ऐसी बनी कि बकौल पंडित जी "दुर्गा" बन गयी.

# लाइफ लाइन

झारखंड के औषधीय वृक्ष

## झारखंड का औषधीय वृक्ष "चिलबिल"





झारखंड का विलुप्त होती औषधीय वनस्पतियों में से एक प्रजाति है "चिलबिल". झारखंड में भी पारंपरिक बोल-चाल में इस वृक्ष को चिलबिल से ही पुकारते हैं. इसका वानस्पतिक नाम होलोप्टेलिया इंटीग्रिफोलिया है. इसको संस्कृत में चिलविल्य के नाम से पुकारते हैं. यह वृक्ष काफी विशाल होता है अर्थात 60 फीट तक की उंचाई प्राप्त कर लेता है. इसके छाल, फल अर्थात बीज का औषधीय उपयोग किया जाता है. इसके पत्तों में तीखी गंध होती है. जनवरी फरवरी में पतझड़ होता है और साथ में फूल आने शुरू हो जाते हैं. मार्च माह में पूरे वृक्ष पर मछली के चोइटा जैसी आकृति का फल अर्थात बीज घुंघरू की तरह गुच्छे में लग जाते हैं और देखने में बहुत ही सुन्दर सुखद अहसास कराने में सफल रहते हैं. पुनः अप्रैल माह में इसके फल अर्थात बीज पतझड़ जैसे ही गिर जाते हैं और सुंदर पत्ते आने लगते हैं. चिलबिल के औषधीय वृक्ष में पत्तों का गिरना और घुंघरू की तरह गुच्छे में फल अर्थात बीज लगना पुनः फ़ल अर्थात बीज का गिरना और पत्तों का आना. इस पूरी प्रक्रिया को प्रकृति के द्वारा जनवरी-फरवरी से अप्रैल-मई के बीच सम्पन्न होते देखना बहुत ही रोचक लगता है.



**अनिल कुमार पाठक**
पारंपरिक चिकित्सक

वात कफ नाशक होता है. कुष्ठ रोधी गुण है. पेट दर्द या पेट फूलने की शिकायत नाशक है. कृमि नाशक और साथ में कब्ज नाशक भी है. चेचक, नाक से खून आना जैसी बीमारी में भी पारंपरिक वैद्य इसका उपयोग करते थे. मैंने वैद्य जनार्दन पाठक और चंद्रशेखर पाठक को चिलबिल नामक औषधीय बीज और पत्ते के रस का उपयोग करते पाया. झारखंड के लातेहार, पलामू, गढवा इत्यादि वन प्रदेश से 30 वर्ष पूर्व एकत्र कर पारंपरिक वैद्य लोगों के पास बेचते देखा है. वर्तमान समय में इसकी बिक्री संबंधित जानकारियां अप्राप्त है.

बहरहाल, इसे भारत सरकार को संरक्षण प्रदान करने की आवश्यकता है. इसके छाल, फल अर्थात बीज और पत्तों पर अतिरिक्त विशेष शोध करवाना चाहिए. यह वृक्ष भी विलुप्त होने के कगार पर है. वृक्षारोपण कार्य से ज्यादा जरूरी काम इस औषधीय वृक्ष का संवर्धन और संरक्षण पर संवेदनशीलता के साथ कार्य करना चाहिए. **(औषधीय पौधा के खेती एवं संवर्धन संरक्षण के जानकार)**

**सभी तस्वीर : अनिल कुमार पाठक**

बीमारी भी बनती है आत्महत्या की वजह

## इस दर्द की ये "दवा" तो नहीं

**केस-1**

धनबाद निवासी सतीश शर्मा (62 वर्ष) पिछले महीने एक दिन घर से घूमने निकले और करीब डेढ़ घंटे शहर के पार्क-सड़कों में घूमने के बाद एक ट्रेन के आगे कूदकर खुदकुशी कर ली. बाद में उनकी पत्नी ने पुलिस को बताया कि पिछले तीन-चार वर्षों से लिवर की बीमारी से आजिज आ चुके थे.

**केस-2**

बोकारो के प्रमोद सिन्हा (39 वर्ष) सिर में असहनीय दर्द (माइग्रेन) की वजह से बहुत परेशान रहते थे. कई बार बातचीत में वह कहते भी कि अब और दर्द बर्दाश्त नहीं कर सकता. बेहतर है कि जान देकर इससे छुटकारा पा लूं. अचानक खबर आई कि उन्होंने सीलिंग फैन से लटककर जान दे दी.

**केस-3**

जमशेदपुर की रजिया बेगम (47 वर्ष) पेट में ट्यूमर (कैंसर) के दर्द से बहुत परेशान रहती थीं. दवाओं से कोई खास फायदा नहीं हो रहा था. एक दिन घर के लोग किसी समारोह में शामिल होने मुरादाबाद गए थे, तो पड़ोसी के बेटे को मार्केट भेजकर चूहे मारने की दवा मंगवाई और उसे खाकर दुनिया से विदा ले ली.

ये चंद उदाहरण यह समझने के लिए काफी हैं कि लोग किस तरह बीमारियों से तंग आकर आत्महत्या कर लेते हैं. नई दिल्ली स्थित विद्यासागर इंस्टीट्यूट ऑफ मेंटल हेल्थ, न्यूरो एंड एलायड साइंसेज (विमहांस) के कंसलटेंट साइकियाट्रिस्ट डॉ एस गजानन कहते हैं, मेरे पास आने वाले बहुत से फोन कॉल उन लोगों के होते हैं, जो या तो बीमारी की वजह से बिस्तर पर पड़े रहने को मजबूर होते हैं या फिर भयानक दर्द की वजह से बेतरह परेशान हो चुके होते हैं. खुद को परिवार पर बोझ मानते हैं और अकेला-हताश महसूस करते हैं. अक्सर ऐसे लोग आत्महत्या को गले लगा लेते हैं.



**डॉ आनंद श्रीवास्तव**

### ऐसे कदम का कारण क्या है

डॉ. गजानन के मुताबिक, लाइलाज बीमारी के बाद, विक्षिप्तता, भय या उन्माद, दूसरा सबसे बड़ा कारण होता है जो लोगों को आत्महत्या की तरफ धकेलता है. बीमारियों से आजिज आकर खुदकुशी जैसा कदम उठाने वाले कुल मामलों में से लगभग 30 फीसदी, विक्षिप्तता या उन्माद से ही जुड़े होते हैं. ऐसी बहुत-सी स्टडीज हैं, जिसमें मानसिक स्वास्थ्य और आत्महत्या के अंतर संबंधों की पुष्टि हुई है. आमतौर पर माना जाता है कि शारीरिक बीमारी से आजिज आकर लोग आत्महत्या करते हैं, लेकिन यह अर्ध सत्य है, क्योंकि बीमारी की वजह से होने वाले डिप्रेशन यानी अवसाद को अक्सर नजरअंदाज कर दिया जाता है. हाल के दिनों में कैंसर के मरीजों द्वारा आत्महत्या के मामलों में खासी बढ़ोतरी देखी जा रही है. दरअसल, कैंसर रोगियों के समक्ष कई मानसिक स्वास्थ्य चुनौतियां आती हैं. सबसे पहली चुनौती होती है चिंता और भय, क्योंकि कैंसर रोगियों के मन में भविष्य को लेकर अनिश्चितता बनी रहती है. वह सोचते रहते हैं कि बीमारी से उबर पाएंगे या नहीं. दूसरी चुनौती होती है डिप्रेशन यानी अवसाद. कैंसर के उपचार के दौरान पड़ने वाला भावनात्मक प्रभाव या यह कहें कि इलाज के साइड इफेक्ट को लेकर चिंता कई बार उन्हें डिप्रेशन का शिकार बना देती है. यह हर समय उदास रहने, एक्टिविटी में रुचि कम होने और हर वक्त निराशा की भावना से भरे होने के तौर पर नजर आ सकता है. इलाज कैसे होगा, इलाज का खर्च यानी पैसों का इंतजाम के अलावा व्यक्तिगत और व्यावसायिक जीवन में बदलाव के कारण भी वे कई बार तनाव यानी स्ट्रेस का शिकार हो जाते हैं.



### पोस्ट-ट्रॉमेटिक स्ट्रेस डिसऑर्डर

डॉ. गजानन कहते हैं, कैंसर और उसके इलाज की वजह से होने वाला शारीरिक और भावनात्मक तनाव कई बार मूड में बदलाव का कारण भी बनता है. इसके अलावा हार्मोनल थेरेपी और अन्य दवाएं भी मूड में बदलाव की वजह बन सकती हैं. कैंसर के मरीजों में निदान या उपचार के बाद पोस्ट-ट्रॉमेटिक स्ट्रेस डिसऑर्डर (पीटीएसडी) की भी आशंका रहती है. बहुत से मरीज इसके खास लक्षण जैसे फ्लैशबैक, बुरे सपने और सीवियर एंजाइटी से परेशान रहते हैं. इलाज या इलाज के बाद होने वाले शारीरिक परिवर्तन जैसे बाल झड़ना, वजन कम या ज्यादा होना और घाव यानी चीरे का निशान भी कई बार छवि और आत्मसम्मान को प्रभावित करते हैं. कैंसर रोगियों में सामाजिक अलगाव की भावना घर कर लेती है, क्योंकि उनकी सामाजिक गतिविधियों या सामाजिक कार्यों में शामिल होने क्षमता घट जाती है. कैंसर के इलाज की कई पद्धतियां भी कई बार संज्ञानात्मक बदलाव के तौर पर सामने आती हैं. मेडिकल साइंस की भाषा में इन्हें 'कीमो ब्रेन' के नाम से जाना जाता है. इसमें स्मृति हानि यानी बातें याद न रहना, ध्यान केंद्रित करने में कठिनाई और संज्ञानात्मक कार्यप्रणाली में बदलाव जैसी समस्याएं पैदा होती हैं. ये सभी मानसिक स्वास्थ्य चुनौतियां, कैंसर रोगियों को कई बार आत्महत्या के लिए उत्प्रेरक का काम करती हैं.

### यह भी एक दुखद पहलू

हमारे देश में सरकारी स्तर पर मानसिक स्वास्थ्य को भले ही बहुत ज्यादा तवज्जो न मिल पाई हो, लेकिन भारतीय समाज, अपने परिजनों के मानसिक स्वास्थ्य को लेकर बेहद संवेदनशील रहा है और अपनी व्यवस्था का संचालन करता आया है. लेकिन जैसे-जैसे सामाजिक ताना-बाना बदलता रहा, वैसे-वैसे गंभीर बीमारियों से पीड़ित व्यक्ति को बोझ माना जाने लगा. पीड़ित व्यक्ति को बार-बार यह अहसास कराया जाया जाने लगा कि उनकी विकट स्थिति के कारण परिवार की आर्थिक स्थिति पर गहरा असर पड़ रहा है और अन्य परिजनों की "स्वतंत्रता" को बाधा पहुंच रही है. अब यह समझने का समय आ गया है कि जो लोग आत्महत्या की कोशिश करते हैं, उनमें से ज्यादातर या तो मानसिक विकार से ग्रस्त होते हैं या फिर नशे को बढ़ावा देने वाली चीजों का सेवन करते हैं.

## रोग-दर्द में राहत दिलाएंगे ये आसन



**ऋषि रंजन**
योग एक्सपर्ट

*योग हमारे जीवन में एक अहम स्थान रखता है. अगर इसे नियमित रूप से अपने दिनचर्या का हिस्सा बना लिया जाए तो यकीनन इंसान एक निरोगी जीवन पा सकता है. बदलती लाइफस्टाइल व तेज जिंदगी में आज अमूमन हर व्यक्ति किसी न किसी बीमारी से परेशान है. रोग दूर करने के लिए सिर्फ दवाइयों पर निर्भर रहने से अच्छा है कि योग का सहारा लें.*

### भुजंगासन से दूर होगा कमर दर्द

कमर दर्द की समस्या महिलाओं में आम है. इसके लिए भुजगासन करें. पेट के बल लेट जाए. दोनों पैरों के बीच की दूरी को कम करें. पैर सीधे व तने हुए रखें. सांस लेते हुए शरीर के अगले भाग को नाभि ऊपर उठाएं. कमर पर ज्यादा खिंचाव न आए. धीरे-धीरे सांस लें और कुछ देर के लिए इसी स्थिति में रहें. गहरी सांस छोड़ते हुए पहली वाली अवस्था में आ जाए.

### डायबिटीज के लिए अर्धमत्स्येन्द्रासन

मधुमेह के रोगियों के लिए यह आसन कारगर है क्योंकि यह इंसुलिन नियंत्रण करता है. दाहिने पैर को मोड़ें और पैर को बाईं नितंब के निकट जमीन पर आराम से रखें. बाएं पैर के उपर से दाहिने हाथ को लायें और बाएं पैर के अंगूठे को पकड़ें. श्वास छोड़ते हुए धड़ को जितना संभव हो उतना मोड़ें, और गर्दन को मोड़ें जिससे कि बाएं कंधे पर दृष्टि केंद्रित कर सकें. बाएं हाथ को ज़मीन पर टिका लें, और सामान्य रूप से श्वास लें.

### सर्वांगासन से थायरायड में राहत

थॉयराइड होने पर जीवनभर दवाइयां लेनी पड़ती है. अगर इन दवाइयों से दूर रहना चाहते हैं तो सर्वांगासन करें. सर्वांगासन करने पर शरीर में खून का फ्लो पैरों से गर्दन को तरफ जाता है. इससे यहां मौजूद थॉयराइड ग्रन्थि पर दबाव पड़ता है.

### मर्जरीआसन दूर करेगा पीरियड पेन

पीरियड पेन में यह कारगर है. यह पूरे रिप्रॉडक्टिव सिस्टम के लिए मसाज की तरह काम करता है. दोनों घुटनों व हाथों को जमीन पर रखकर घोड़े की भांति खड़ी हो जाएं. हाथों को घुटनों को सीध में रखें. रीढ़ को ऊपर की तरफ खींचते हुए अंदर खींचें. सांस को पेट में हवा भरने तक खींचें. इस दौरान सिर को ऊपर उठाए रखें. सांस को तीन सेकंड तक भीतर रोकें. फिर पीठ को बीच से ऊपर उठाकर सिर नीचे झुकाएं. सांस धीरे-धीर बाहर छोड़े, पेट की पूरी तरह खाली कर दें और नितंबों को भी भीतर की तरफ खींचें.



## बड़े काम की खट्टी-मीठी इमली

*खट्टी-मीठी इमली खाने में जितनी मजेदार है, उतना ही फायदेमंद भी. आइए आज जाने क्या हैं इमली के फायदे-*



- इमली पोटेशियम का एक भी अच्छा स्रोत है, जिसका उपयोग हृदय गति को नियंत्रित करने के लिए किया जाता है.
- इमली में फ्लेवोनोइड्स जैसे पॉलीफेनोल्स होते हैं, जो कोलेस्ट्रॉल को नियंत्रित करने में मददगार होते हैं.
- इसमें मैग्नीशियम अपेक्षाकृत अधिक होता है जिससे रक्त दाब संतुलित रहता है.
- इमली वातनाशक, एंटीसेप्टिक और ज्वरनाशक के रूप में कार्य करती है.

## ये क्या! गट-गट पी गए पानी!

*पानी खूब पीना चाहिए, ऐसा बड़े-बुजुर्ग से आहार विशेषज्ञ और चिकित्सक तक कहते हैं. पर पानी कैसे पीना चाहिए, इसके बारे में हमें बहुत अधिक नहीं पता होता. आइए, आज बात इसी पर*



**डॉ मनीषा घई**
सीनियर कंसल्टेंट डाइटीशियन

- **खड़े होकर नहीं पिएं**

पहले दो घूंट पानी पीना हो, पर खड़े हो कर नहीं पिएं. इससे शरीर में लिक्विड बैलेंस बिगड़ जाता है और जोड़ो यानी जॉइंट्स में द्रव्य जमा होने लगता है. अर्थराइटिस की आशंका बढ़ जाती है. बैठकर पानी पीने से हमारा पाचन तंत्र पोषक तत्वों को कहीं बेहतर ढंग से अवशोषित कर पाता है.

- **थोड़ा-थोड़ा कर पिएं**

पानी हमेशा थोड़ा-थोड़ा कर पिएं, ये नहीं की एक बार में गट-गट कर पूरा गिलास या पूरी बोतल पी लें. मान लीजिए आप आधी बोतल पानी पीना चाहते हैं तो बेहतर हो कि आधे-आधे घंटे पर थोड़ा-थोड़ा पीते हुए 5 या 6 बार में पिएं. इससे पेट फूलने या गैस की आशंका कम रहेगी.

- **खाने के तुरंत पहले या बाद में पानी न पिएं**

जब हम खाते हैं तो तुरंत बाद पचाने वाले एंजाइम रिलीज होते हैं. अगर तुरंत पानी पी लेंगे तो इनका असर कम हो जाएगा. पेट फूलने या गैस की समस्या भी हो सकती है. आहार कोई भी लें, कम से कम 45 मिनट तक पानी न पिएं. खाने के करीब 30 मिनट पहले ही पानी पी लें.

- **मुंह ऊपर कर पानी नहीं पिएं**

अक्सर हम बोतल से पानी पीते हैं तो आसमान की ओर मुंह करके गट-गट पी जाते. इससे पानी पेट में तेजी से जाता है. इससे पाचन तंत्र प्रभावित होता है. पानी के साथ कुछ मात्रा में हवा भी पेट में जाती है. पानी हमेशा गिलास से पिएं जैसे चाय आदि पीते हैं. बोतल से भी मुंह लगाकर ही पिएं.

- **फ्रिज का पानी नहीं**

फ्रिज का ठंडा पानी पाचन तंत्र के अनुकूल नहीं होता. वहीं गुनगुना पानी शरीर के मेटाबॉलिज्म को बढ़ाकर वजन को नियंत्रित रखता है, ब्लड सर्कुलेशन को बेहतर रखता है. कमरे के तापमान का पानी पी सकते हैं. मटका में रखे पानी में मिनरल भी मिश्रित होकर पानी की गुणवत्ता को बढ़ा देते हैं.



## खिलता बचपन, बढ़ता बचपन

*बच्चों के जीवन के शुरुआती कुछ साल बहुत महत्वपूर्ण होते हैं. जन्म से लेकर ठुमक कर चलने-गिरने तक के दौर में होम्योपैथी दवाएं बच्चों की देखभाल में मददगार होती हैं.*

छोटे बच्चों की किलकारी जब घर आंगन में गूंजती है तब उससे सुखद एक माता-पिता के लिए कुछ भी नहीं होता है. नवजात शिशु का आगमन ढ़ेर सारी खुशियों के साथ ढ़ेर सारी जिम्मेदारियां भी लेकर आता है. आइए जानते हैं नवजात शिशु से जुड़ी समस्याओं के बारे में और उसके समाधान के बारे में. जब बच्चे जन्म से पूर्व अपनी माता के गर्भ में होते हैं, तब भ्रूण अवस्था में वह मां के गर्भनाल से पोषक तत्वों को प्राप्त करते हैं और और उनका गर्भ में विकास क्रिया निरंतर चलता रहता है. गर्भावस्था की अवधि पूर्ण होने पर जब शिशु का जन्म होता है तब जन्म से लेकर 1 वर्ष की आयु काफी नाजुक अवस्था मानी जाती है, इसमें शिशु की अतिरिक्त देखभाल की आवश्यकता होती है.



**डॉ रजनी शर्मा**
डीएमबीएस, बीएमबीएस

**नवजात की पूरी जांच जरूरी :** जन्म के पश्चात नवजात शिशु को सावधानी पूर्वक साफ-सफाई कर प्रशिक्षित डॉक्टर के द्वारा संपूर्ण शारीरिक जांच की जानी चाहिए. इसमें बच्चों के हृदय की गति, श्वसन प्रक्रिया, मांसपेशियों की सुदृढ़ता, सिर के घेरे का नाप, हाथ पैरों की जांच, लंबाई, वजन तथा उसके द्वारा की जाने वाली सहज क्रियाओं का अवलोकन किया जाता है. इससे नवजात शिशु के शारीरिक- मानसिक विकास का पता चलता है. जन्म के पश्चात शीघ्रता से शिशु को स्तनपान करना चाहिए. प्रसव के 30 मिनट के बाद मां का पहला गाढ़ा दूध बच्चे को पिलाना चाहिए. डब्ल्यू एच ओ ने भी बताया है कि बच्चों को जन्म के 24 घंटे बाद स्नान करना चाहिए. बच्चे के सिर को ढंक कर एवं शरीर को गर्म रखना चाहिए. नवजात शिशु की आंखों एवं कानों का निरीक्षण करना चाहिए जिससे उसके देखने सुनने की क्षमता का पता लग सके. बच्चों की आंखों तथा त्वचा परीक्षण से पीलिया की जांच करनी चाहिए. बच्चों को अधिक से अधिक समय माता के संपर्क में रखना चाहिए. बच्चे को छूने में साफ सफाई का अधिक ध्यान रखना चाहिए. यदि बच्चा स्तनपान नहीं कर रहा हो अथवा उसकी सांसे तेज चल रही हों या शरीर गर्म हो, तब कुशल चिकित्सक से परामर्श लेना आवश्यक होता है.



**संक्रमण से बचने के लिए :** छोटे बच्चों की देखभाल में उसके शारीरिक स्वच्छता का ध्यान रखना चाहिए. छोटे बच्चों में विभिन्न प्रकार की शारीरिक परेशानियां देखने को मिलती है. खासकर जन्म के समय उसके ऊपर लिपटे हुए परत के सूखने से उत्पन्न त्वचा की समस्याएं, नाभि के घाव, डायपर से उत्पन्न रैशेस, शरीर में होने वाले छोटे-छोटे दाने. आंख एवं कान का इन्फेक्शन आदि परेशानी उत्पन्न करती है. छोटे बच्चों को होम्योपैथिक की दवा कैलेंडुला मदर टिंचर पानी में डालकर शरीर पोंछना चाहिए तथा कैलेंडुला पावडर का छिड़काव करना चाहिए. इससे काफी हद तक वाह्य संक्रमण से बचाव होता है. शरीर में शुद्ध सरसों अथवा जैतून के तेल से मालिश करना चाहिए.

**चोट लगने पर :** जब बच्चे थोड़े बड़े होते हैं और चलना शुरू करते हैं. तब यदि असावधानी वश गिर जाते हैं और उन्हें चोट लग जाती है तो इस अवस्था में उन्हें होम्योपैथी की दवा अर्निका देनी चाहिए. छोटे बच्चों को समय-समय पर आवश्यकता अनुसार चिकित्सीय परामर्श से संपूर्ण पोषण के लिए आहार के साथ-साथ होम्योपैथी बायोकेमिक की कुछ दवाएं देनी चाहिए जो उसके उत्तम स्वास्थ्य के लिए आवश्यक होती हैं. छोटे बच्चों में दांत निकालने वक्त बायोकेमिक कांबिनेशन 21 देना चाहिए. उसके सर्वांगीण विकास के लिए बायोकेमिक दवा फाइव फॉस लगातार देना चाहिए.

**ये दवाएं महत्वपूर्ण :** बच्चों में उत्पन्न समस्याओं के लिए कुछ महत्वपूर्ण दवाएं निम्नलिखित हैं. बायोकेमिक में कैलकेरिया फॉस, कैलकेरिया फ्लोर, फेरम फॉस, नेट्रम म्यूर ,मैग्नीशियम फास्फोरिकम, काली फॉस, नेट्रम फॉस, नेट्रम सल्फ आदि महत्वपूर्ण दवाएं हैं. होम्योपैथ की दवाओं में अर्निका, कैल्केरिया कार्ब, चायना,सीपिया, क्रियोजोट, सल्फर, बैलाडोना, सिना, साइलिसिया, नेट्रम म्यूर, लायकोपोडियम, बैरायटा कार्ब, फास्फोरस इपिकाक, थूजा, सिफिलिनम, पल्साटिला, एसिड फ्लोर, जेल्सीमियम, रस टॉक्स आदि महत्वपूर्ण है. ध्यान रखें, ये दवाएं कुशल चिकित्सक के परामर्श से लें.

संयोजन : चेतना झा, डिजाइनिंग - खुशबू कुमारी

फोटो ऑफ द डे



51वें जन्मदिन के अवसर पर मुंबई के एक आवासीय भवन पर पूर्व क्रिकेटर सचिन तेंदुलकर की पेंटिंग. **(फोटो : पीटीआई)**

# क्या एमएस धौनी भी खेलेंगे टी20 वर्ल्ड कप?

## माही की होगी वाइल्ड कार्ड एंट्री... क्या बोले सहवाग और इरफान पठान



**एजेंसी। नयी दिल्ली**

आईपीएल 2024 में महेन्द्र सिंह धौनी लगातार शानदार बल्लेबाजी का नजारा पेश कर रहे हैं. खासकर, आखिरी ओवरों में विपक्षी गेंदबाजों के लिए माही को रोकना नामुमकिन साबित हो रहा है. अब तक इस सीजन महेन्द्र सिंह धौनी 8 मैचों में 6 बार बल्लेबाजी करने उतरे हैं, लेकिन कोई गेंदबाज आउट नहीं कर सका. वहीं, कैप्टन कूल ने 35 गेंदों पर 91 रन बनाए हैं. बहरहाल, इसके बाद फैंस का कहना है कि टी20 वर्ल्ड कप में माही को खेलना चाहिए. साथ ही कई पूर्व क्रिकेटर भी चाहते हैं कि टी20 वर्ल्ड कप 2024 में महेन्द्र सिंह धौनी टीम इंडिया की जर्सी में खेलते नजर आएं. भारतीय टीम के पूर्व दिग्गज बल्लेबाज वीरेंद्र सेहवाग, इरफान पठान और वरुण आरोन जैसे पूर्व क्रिकेटरों का मानना है कि टी20 वर्ल्ड कप में माही की वाइल्ड कार्ड इंट्री होनी चाहिए. इरफान पठान ने कहा कि अगर महेन्द्र सिंह धौनी टी20 वर्ल्ड कप में खेलना चाहेंगे, तो शायद उन्हें कोई मना नहीं करेगा. हालांकि, यह हो नहीं सकता, लेकिन अगर होता है, तो किसी को कोई एतराज नहीं होगा. वहीं, वीरेंद्र सेहवाग ने कहा कि इस सीजन में माही 250 की स्ट्राइक रेट से ज्यादा से रन बना रहे हैं. साथ ही अब तक वह आउट नहीं हुए हैं. साथ ही सेहवाग कहते हैं कि टी20 वर्ल्ड कप में माही से बेहतर विकेटकीपर कौन हो सकता है?

### रोहित शर्मा ने माही के लिए क्या कहा



दरअसल, पिछले दिनों भारतीय क्रिकेट टीम के कप्तान रोहित शर्मा ने भी महेंद्र सिंह धौनी पर बयान दिया था. दरअसल, जब रोहित शर्मा से पूछा गया कि टी20 वर्ल्ड कप के लिए किस विकेटकीपर को मौका मिलेगा? इस सवाल के जवाब में रोहित शर्मा ने कहा कि महेन्द्र सिंह धौनी को मनाना मुश्किल होगा, हालांकि वह अमेरिका आ रहे हैं, लेकिन क्रिकेट नहीं बल्कि गोल्फ खेलने. इसके बाद सोशल मीडिया पर रोहित शर्मा का बयान खूब वायरल हुआ था.

## आईपीएल संभावना : क्या आज भी खड़ा होगा रनों का पहाड़

# आरसीबी के खिलाफ हैदराबाद की निगाहें फिर रनों के अंबार पर

**एजेंसी। हैदराबाद**



मैच का समय: शाम 7.30 बजे

सनराइजर्स हैदराबाद की टीम जब गुरुवार को यहां इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) मैच में निचले पायदान पर चल रही रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के खिलाफ मैदान पर उतरेगी, तो उसकी निगाह फिर से आक्रामक बल्लेबाजी करते हुए रनों का अंबार लगाने की होगी. इस आईपीएल चरण में तीन बार 250 रन का आंकड़ा पार कर चुकी सनराइजर्स हैदराबाद ने तूफानी बल्लेबाजी दिखाई है, इसमें मुंबई इंडियंस उसका सबसे पहला शिकार बनी और फिर बेंगलुरु में 2016 की विजेता टीम ने आरसीबी के खिलाफ तीन विकेट पर 287 रन बना कर टूर्नामेंट का सबसे बड़ा स्कोर खड़ा कर दिया. इतना ही काफी नहीं था कि एसआरएच ने दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ पावरप्ले में बिना विकेट गंवाये 125 रन का रिकॉर्ड बनाने के साथ आईपीएल में पहली बार 300 रन पार करने की संभावना भी बना दी थी. और गुरुवार को भी अगर एसआरएच कुछ रिकॉर्ड बना दे तो हैरानी नहीं होगी और वो भी आरसीबी के कमजोर गेंदबाजी आक्रमण के खिलाफ, जिसकी संभावना काफी ज्यादा है. आरसीबी के गेंदबाजी विभाग का अंदाजा इस बात से ही लगाया जा सकता है कि उसका सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज यश दयाल सात विकेट से सूची में 24वें स्थान पर है.

**आरसीबी की कमजोर कड़ी गेंदबाजी :** आठ में से सात मैच गंवाकर तालिका में निचले स्थान पर काबिज आरसीबी ने अपने पिछले पांच मैच में कम से कम 180 रन लुटाये हैं और पिछले दो मैच में प्रतिद्वंद्वी टीम ने उसके खिलाफ 200 से ज्यादा रन का स्कोर खड़ा किया है.आरसीबी के बल्लेबाजों ने अपनी गेंदबाजी की खामियों की भरपायी करने के लिए काफी मशक्कत की है, लेकिन संतुलन के मामले में इतनी कमजोर टीम के लिए हरफनमौला प्रदर्शन दिखाना असंभव ही दिखता है. आरसीबी ने बल्लेबाजी में शानदार जज्बा दिखाया लेकिन इसके बावजूद वे कोलकाता नाइट राइडर्स से महज एक रन से हार गये. हालांकि आरसीबी प्रबंधन उनके एकजुट बल्लेबाजी प्रयास से काफी संतुष्ट होगा. विराट कोहली टूर्नामेंट में अब तक आरसीबी के सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाज बने रहेंगे जिन्होंने 379 रन बनाकर ओरेंज कैप अपने पास रखी हुई है. कोहली के अलावा कुछ और खिलाड़ी भी शानदार फॉर्म में हैं जिसमें एसआरएच के ट्रेविस हेड शामिल हैं. हेड आक्रामक होकर बल्लेबाजी करते हैं और मिले हर मौके का फायदा उठाते हैं. अभिषेक शर्मा ने भी हेड के साथ अच्छी बल्लेबाजी दिखायी है और हेनरिच क्लासेन ने भी इस सत्र में बल्ले से अच्छा योगदान दिया है. एसआरएच की मजबूत बल्लेबाजी ने उनके गेंदबाजों और कप्तान पैट कमिंस का काम आसान कर दिया है. एसआरएच सात मैच में 10 अंक लेकर तालिका में तीसरे स्थान पर बनी हुई है.

### टीमें इस प्रकार हैं

**सनराइजर्स हैदराबाद :** पैट कमिंस (कप्तान), अब्दुल समद, अभिषेक शर्मा, ऐडन मार्कराम, मार्को जानसन, राहुल त्रिपाठी, वाशिंगटन सुंदर, ग्लेन फिलिप्स, सनवीर सिंह, हेनरिक क्लासेन (विकेटकीपर), भुवनेश्वर कुमार, मयंक अग्रवाल, टी नटराजन, अनमोलप्रीत सिंह, मयंक मारकंडे, उपेन्द्र सिंह यादव (विकेटकीपर), उमरान मलिक, नीतिश कुमार रेड्डी, फजलहक फारूकी, शाहबाज अहमद, ट्रेविस हेड, जयदेव उनादकट, आकाश सिंह, जे सुब्रमण्यन.

**रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु :** फाफ डुप्लेसी (कप्तान), ग्लेन मैक्सवेल, विराट कोहली, रजत पाटीदार, अनुज रावत (विकेटकीपर), दिनेश कार्तिक (विकेटकीपर), सूयश प्रभुदेसाई, विल जैक्स, महिपाल लोमरोर, कर्ण शर्मा, मनोज भंडागे, मयंक डागर, विजयकुमार विशाक, आकाशदीप, मोहम्मद सिराज, रीस टॉप्ले, हिमांशु शर्मा, रंजन कुमार, कैमरन ग्रीन, अल्जारी जोसफ, यश दयाल, टॉम कुरेन, लॉकी फरग्यूसन, स्वप्निल सिंह और सौरव चौहान.

# बोतल फेंककर... धौनी ने कैमरामैन को धमकाया!

**एजेंसी। चेन्नई**



इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में फैंस का शोर उस वक्त बढ़ जाता है, जब कोई बाउंड्री लगती है या फिर विकेट गिरता है. इन दो मौकों के अलावा अगर वह अपने पसंदीदा क्रिकेटर को देख लेते हैं, तो बेकाबू हो जाते हैं. ये सारे काम कैमरामैन करने में माहिर होते हैं. कुछ ऐसा ही देखने को मिला चेन्नई के एमए चिदंबरम स्टेडियम में. एक ओर जहां शिवम दुबे और रुतुराज गायकवाड़ लखनऊ सुपर जायंट्स के गेंदबाजों की मैदान पर क्लास लगा रहे थे, तो दूसरी ओर कैमरामैन ने धौनी को फोकस किया. इसके बाद जो कुछ हुआ वह कुछ ज्यादा ही फनी है.

खैर, आईपीएल 2024 में सीएसके के मैचों के दौरान ड्यूटी पर तैनात कैमरामैन इस बात से अच्छी तरह वाकिफ हैं कि दर्शकों को धौनी को देखना कितना पसंद है. इसलिए वे अक्सर मैच के दौरान ड्रेसिंग रूम में पूर्व कप्तान की एक झलक दिखा देते हैं. ऐसा करते ही हर बार दर्शक पागल हो जाते हैं. हालांकि, चेन्नई के एमए चिदंबरम स्टेडियम में लखनऊ सुपर जायंट्स के खिलाफ मैच में सीएसके के कप्तान ऋतुराज गायकवाड़ और शिवम दुबे के बीच अभूतपूर्व साझेदारी के दौरान जब कैमरामैन ने धौनी पर जूम किया, तो वह नाराज हो गए.

## इम्पैक्ट प्लेयर के खिलाफ लखनऊ से उठी आवाज़

# क्रिकेट को हो रहा बहुत बड़ा नुकसान: एडम वोग्स

**एजेंसी। लखनऊ**



आईपीएल 2024 में लगातार चौकों-छक्कों की बारिश हो रही है. इस सीजन काफी बड़े बड़े स्कोर बन रहे हैं. अब तक कई बार 250 से ज्यादा के स्कोर बन चुके हैं. आईपीएल में अब ताबड़तोड़ बैटिंग काफी आसान लग रही है.

अभी कुछ दिन पहले मोहम्मद सिराज ने इसे हटाने की मांग की थी. अब लखनऊ के खेमे से इसके खिलाफ आवाज़ उठी है. सिराज ने साफतौर पर इम्पैक्ट प्लेयर नियम को बंद करने की मांग की थी. वहीं रोहित शर्मा भी इसके खिलाफ आवाज़ उठा चुके हैं. अब इसकी लखनऊ सुपर जायंट्स के सलाहकार व ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेटर एडम वोग्स ने भी आलोचना की है. वोग्स का भी मानना है कि इस नियम से ऑलराउंडर खिलाड़ियों को नुकसान हो रहा है. इम्पैक्ट खिलाड़ी नियम पिछले सीजन आईपीएल में शामिल किया गया था और इस सत्र में इसे लेकर काफी बहस चल रही है, जिसमें रोहित शर्मा सहित काफी खिलाड़ी इसे ऑलराउंडरों के लिए नुकसानदायक करार कर रहे हैं. लखनऊ के एडम वोग्स भी इससे सहमत हैं और उन्होंने कहा,यह क्रिकेट को रोमांचक तो बना रहा, लेकिन ऑलराउंडर खिलाड़ियों को नुकसान पहुंच रहा. इस ऑस्ट्रेलियाई दिग्गज ने चेन्नई पर मिली छह विकेट की जीत पर, बड़े स्कोर बन रहे हैं और टीम के लिए मजबूत बल्लेबाज सातवें या आठवें नंबर पर बल्लेबाजी करने के लिए उतर रहे हैं.

## युवा चैंपियनशिप में भारतीय चुनौती की अगुआई करेंगी प्रीति

**नयी दिल्ली।** पेरिस ओलंपिक जाने वाली टीम की सदस्य मुक्केबाज प्रीति पवार 27 अप्रैल से कजाखस्तान के अस्ताना में शुरू होने वाली एएसबीसी एशियाई अंडर-22 और मुक्केबाजी चैम्पियनशिप में 50 सदस्यीय भारतीय टीम की अगुआई करेंगी. एशियाई खेलों की कांस्य पदक विजेता प्रीति ने 54 किग्रा वर्ग में पेरिस ओलंपिक कोटा हासिल किया था. प्रीति के साथ अलफिया पठान (81 किग्रा) भी हिस्सा लेंगी.अंडर-22 और युवा प्रतियोगिता में पुरुष और महिला वर्ग में 25-25 भारतीय मुक्केबाज हिस्सा लेंगे. मुक्केबाजों का चयन ट्रायल्स में हुए शानदार प्रदर्शन के आधार पर किया गया है.

## फुटबाल के लिए भुवनेश्वर में तैयारी शिविर लगेगा

**नयी दिल्ली।** भारतीय फुटबॉल टीम कुवैत और कतर के खिलाफ फीफा विश्व कप 2026 क्वालीफायर के दूसरे दौर के अपने मैच से पहले 10 मई से भुवनेश्वर में चार सप्ताह का अभ्यास शिविर लगाएगी. टीम 6 जून को साल्ट लेक में कुवैत के खिलाफ होने वाले मैच के लिए दो जून को कोलकाता जाएगी. भारतीय फुटबॉल महासंघ ने बुधवार को ट्वीट किया, भारत की सीनियर पुरुष राष्ट्रीय टीम का 10 मई से भुवनेश्वर, ओडिशा में चार सप्ताह का तैयारी शिविर लगेगा. उन्होंने लिखा, कुवैत के खिलाफ फीफा विश्व कप क्वालीफायर से पहले टीम दो जून को कोलकाता जाएगी.

# ट्रायथलॉन चैंपियनशिप में भारत से जाएगा 33 का दल

**नयी दिल्ली।** आदर्श मुरलीधरन सिनिमोल और प्रगन्या मोहन की अनुभवी जोड़ी नेपाल के पोखारा में एशिया ट्रायथलॉन कप के साथ 27 अप्रैल से शुरू होने वाली दक्षिण एशियाई ट्रायथलॉन चैम्पियनशिप में 33 सदस्यीय मजबूत भारतीय चुनौती की अगुआई करेंगी. प्रगन्या ने पिछले चरण में अपना लगातार तीसरा दक्षिण एशियाई खिताब जीता था जबकि महिलाओं के ओवरआल वर्ग में नौंवा स्थान भी हासिल किया था. पिछले साल क्रमशः रजत और कांस्य पदक जीतने वाली महाराष्ट्र की संजना जोशी और मानसी मोहिते की जोड़ी भी 13 भारतीय महिला एथलीट की टीम का हिस्सा हैं. सेना के सिनिमोल 2022 के विजेता हैं और पिछले साल तीसरे स्थान पर रहे थे. वह 20 सदस्यीय मजबूत भारतीय चुनौती का नेतृत्व करेंगे. टूर्नामेंट में 750 मीटर तैराकी, 20 किमी साइकिलिंग और पांच किमी दौड़ शामिल है.

**पुरुषः** तेलहेइबा सोरम, क्षेत्रीमयुम कबिदश सिंह, तुषार डेका, अनघ वानखड़े, पार्थ सांखला, अंगद इंगलेकर, अभिषेक मोदनवाल, अंकुर चाहर, पार्थ मिराज, कृषिव पटेल, कौशिक विनायक मलंदकर, साई लोहिताक्ष केडी, देव अंबोकर, राज कुमार पवार, पुस्कर दास , विश्वनाथ यादव, आदर्श मुरलीधरन नायर सिनिमोल, अंकन भट्टाचार्जी, अर्णब भट्टाचार्य, सफा मुस्तफा शेख.

**महिलाः** दुर्विशा पवार, डॉली देवीदास पाटिल, धृति कौजाल्गी, रमा सोनकर, हेनी जलावादिया, प्रेरणा श्रवण कुमार, रिद्धि कदम, संजना जोशी, स्नेहल जोशी, मानसी मोहिते, नफीसा मिलवाला, प्रगन्या मोहन, पूनम विश्वास.

## गोल्फर अदिति और दीक्षा पेरिस ओलंपिक में भाग लेने को तैयार

**नयी दिल्ली।** भारतीय गोल्फर अदिति अशोक (46) और दीक्षा डागर (138) पेरिस ओलंपिक में हिस्सा लेने के लिए तैयार हैं, जबकि शुभंकर शर्मा (197) और गगनजीत भुल्लर (232) के पास भी खेलों में जगह बनाने का अच्छा मौका है. अदिति के लिए यह तीसरा ओलंपिक होगा, जो किसी भारतीय गोल्फर की सबसे ज्यादा ओलंपिक भागीदारी होगी. दीक्षा दूसरी बार ओलंपिक में हिस्सा लेंगी. शर्मा और भुल्लर के लिए यह पहला ओलंपिक होगा. भारत के लिए ओलंपिक में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन अदिति के नाम है जो तोक्यो 2020 ओलंपिक में चौथे स्थान पर रही थीं.ओलंपिक के लिए प्रविष्टियां भारतीय गोल्फ संघ द्वारा भेजी जाती हैं.

## ऐसा संयोजन ढूंढ़ रहे जो अंतिम दौर में अच्छा करे : फ्लेमिंग

**चेन्नई।** चेन्नई सुपर किंग्स बल्लेबाजी विभाग की अपनी समस्याओं को जल्दबाजी से निपटाने की कोशिश में नहीं जुटा है और मुख्य कोच स्टीफन फ्लेमिंग आठ मैच में चौथी हार के बावजूद डेरिल मिचेल को शीर्ष तीन बल्लेबाजी क्रम में सामंजस्य बिठाने के लिए समय देने को तैयार हैं. सीएसके पूरे सत्र में शीर्ष तीन क्रम में बल्लेबाजों को उतारने में जूझता रहा है. मंगलवार को लखनऊ सुपर जायंट्स के खिलाफ अजिंक्य रहाणे और रूतुराज गायकवाड़ पारी का आगाज करने उतरे, जबकि मिचेल को पांचवें से तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी के लिए भेजा गया. पिछले मैच में रहाणे और रचिन रविंद्र को खिलाने के लिए गायकवाड़ को तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी करायी गयी.

# सिफत, नीरज राइफल ओलंपिक चयन ट्रायल में शीर्ष पर रहे

**भाषा। नयी दिल्ली**



एशियाई खेलों की स्वर्ण पदक विजेता निशानेबाज सिफत कौर सामरा महिलाओं की 50 मीटर राइफल थ्री पोजिशन ओलंपिक चयन के पहले ट्रायल (ओएसटी टी1) शीर्ष पर रही जबकि पुरुष वर्ग में नीरज कुमार पहले और दूसरे दोनों ट्रायल में सबसे आगे रहे. विश्व रिकॉर्ड धारी सिफत को आशी चौकसे से कड़ी टक्कर मिली लेकिन प्रोन पोजिशन में शानदार प्रदर्शन के दम पर उन्होंने 3.7 अंक के अच्छे अंतर से जीत दर्ज की. सिफत ने 466.3 का स्कोर किया जबकि आशी के नाम 462.6 अंक रहे. ओलंपियन अंजुम मौदगिल ने 449.2 के स्कोर के तीसरे जबकि निश्चल (433.6) और पेरिस कोटा धारक श्रियंका सदांगी (416.7) को क्रमशः चौथे और पांचवें स्थान से संतोष करना पड़ा. पुरुषों की 50 मीटर राइफल थ्री पी में, नीरज कुमार ने 462.2 के स्कोर के साथ जीत हासिल की.

# इरफान ने टी-20 वर्ल्ड कप के लिए चुनी 15 की टीम

**एजेंसी। नयी दिल्ली**



एक ओर आईपीएल का रोमांच चरम पर है, तो दूसरी ओर भारतीय क्रिकेट बोर्ड इस महीने जून में होने वाले टी-20 वर्ल्ड कप के लिए टीम का चयन करेगा. कप्तान रोहित शर्मा और कुछ की जगह पक्की है, लेकिन कई ऐसे नाम हैं, जिनका सिलेक्शन होगा ऐसा कहा नहीं जा सकता. हार्दिक पंड्या फॉर्म से जूझ रहे हैं, लेकिन माना जा रहा है कि उनका सिलेक्शन होगा.

**हार्दिक को चुना, शिवम भी लिस्ट में :** पूर्व भारतीय ऑलराउंडर इरफान पठान ने टी-20 वर्ल्ड कप के लिए अपनी टीम चुनी है. एक्स पर हार्दिक पंड्या के प्रदर्शन की आलोचना करने वाले इरफान ने हालांकि विश्व कप टीम में हार्दिक को जगह दी है. शिवम दुबे को रखा है. ओपनर यशस्वी और रोहित शर्मा हैं, तो तीसरे नंबर पर कोहली और फिर सूर्यकुमार यादव को जगह दी है.

**केएल राहुल और संजू सैमसन को जगह नहीं :** लिस्ट में कोई ऐसा हैरान करने वाला नाम टीम में नहीं है. ऋषभ पंत विकेटकीपर होंगे, तो केएल राहुल और संजू सैमसन का नाम लिस्ट में शामिल नहीं है. यह कइयों के लिए अचरज की बात हो सकती है. इंडियन प्रीमियर लीग के 2024 सीजन में संजू सैमसन और केएल राहुल दोनों का प्रदर्शन हर लिहाज से पंत से बेहतर है. पेस का जिम्मा जहां जसप्रीत बुमराह और मोहम्मद सिराज के अलावा अर्शदीप को दिया गया है, तो युजवेंद्र चहल और कुलदीप यादव भी हैं. हालांकि, शुभमन गिल 15वें नंबर पर दिखाई दे रहे हैं.

### पठान की टी-20 वर्ल्ड कप के लिए टीम

रोहित शर्मा (कप्तान), यशस्वी जायसवाल, विराट कोहली, सूर्यकुमार यादव, ऋषभ पंत, रिंकू सिंह, हार्दिक पंड्या, शिवम दुबे, रविंद्र जडेजा, युजवेंद्र चहल, कुलदीप यादव, जसप्रीत बुमराह, मोहम्मद सिराज, अर्शदीप सिंह, शुभमन गिल.

## तीरंदाजी : शंघाई में तीरंदाजों को विश्व कप फाइनल में जगह बना कर पदक किया पक्का

# भारतीय पुरुष, महिला कंपाउंड टीमों की नजरें स्वर्ण पर

**एजेंसी। शंघाई**



भारतीय पुरुष और महिला कंपाउंड तीरंदाजी टीमों ने बुधवार को यहां सत्र के शुरुआती तीरंदाजी विश्व कप में फाइनल में जगह बनाकर देश का पदक पक्का कर दिया.

अनुभवी अभिषेक वर्मा, उभरते हुए तीरंदाज प्रथमेश भालचंद्र फुगे और मौजूदा अंडर-21 विश्व चैंपियन प्रियांश की चौथी वरीयता प्राप्त पुरुष टीम ने फिलीपींस और डेनमार्क को शिकस्त देने के बाद सेमीफाइनल में कोरिया की मजबूत चुनौती को खत्म की. भारतीय पुरुष टीम के सामने शनिवार को खेले जाने वाले फाइनल में नीदरलैंड की चुनौती होगी. महिला वर्ग में मौजूद विश्व चैम्पियन भारत ने तुर्की और एस्तोनिया को शिकस्त देकर फाइनल का टिकट कटाया. शीर्ष वरीयता प्राप्त भारत के सामने फाइनल में इटली की चुनौती होगी. मौजूदा अंडर-18 और सीनियर चैंपियन अदिति स्वामी, एशियाई खेलों की स्वर्ण पदक विजेता ज्योति सुरेखा वेन्नम और परनीत कौर की तिकड़ी ने अपने शुरुआती दो मैचों में सिर्फ 10 अंक गंवाये. भारतीय पुरुष टीम ने करीबी मुकाबले में कोरिया को 235-233 से हराकर बड़ा उलटफेर किया. इस मुकाबले के शुरुआती दो दौर के बाद दोनों टीमें बराबरी पर थी लेकिन भारत ने 59 के स्कोर के साथ कोरिया को पछाड़ा. सेमीफाइनल में रोमांचक जीत के बाद अभिषेक ने कहा, आज हमारा समन्वय अच्छा था और हमने हवा को अच्छी तरह से भांप कर उसका सही इस्तेमाल किया.

उन्होने कहा, सेमीफाइनल कड़ा मुकाबला होता है. हमने अच्छी तैयारी की थी और खुशी है कि हम फाइनल में पहुंचने में सफल रहे. एस्टोनिया को 235-230 के अंतर से हराने के बाद अदिति ने कहा, मुझे उम्मीद है कि हम पिछले साल पेरिस में विश्व कप की सफलता को दोहरा सकते हैं जहां भारतीय पुरुषों और महिलाओं दोनों ने टीम स्वर्ण पदक जीते थे.

# आस्ट्रेलिया से खेलने को बेताब हैं स्टोइनिस

- 34 साल का खिलाड़ी राष्ट्रीय टीम के साथ अपने करियर में कोई बदलाव नहीं चाहता.

**एजेंसी। चेन्नई**



क्रिकेट आस्ट्रेलिया का 2024-25 सत्र के लिए केंद्रीय अनुबंध नहीं मिलने के बावजूद आल राउंडर मार्कस स्टोइनिस चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ बने शतक का इस्तेमाल अपने सफेद गेंद के करियर को आगामी टी20 विश्व कप से आगे बढ़ाने के लिए करना चाहते हैं. स्टोइनिस को आस्ट्रेलिया की 23 सदस्यीय खिलाड़ियों की केंद्रीय अनुबंध सूची में शामिल नहीं किया गया है. उन्होंने मंगलवार को लखनऊ सुपर जायंट्स के खिलाफ 63 गेंद में नाबाद 124 रन की पारी खेली. स्टोइनिस सीए अनुबंध से बाहर किये जाने को इतनी तवज्जो नहीं देते हैं जिसकी घोषणा 28 मार्च को की गयी थी. स्टोइनिस ने चेन्नई सुपर किंग्स पर मिली छह विकेट की जीत के बाद कहा, मेरे आस्ट्रेलिया के कोच एंड्रयू मैकडोनल्ड के साथ अच्छे रिश्ते हैं. मुझे अनुबंध नहीं मिलने की बात पता थी. उन्होंने कहा, मुझे लगता है कि युवा खिलाड़ियों को मौका देना और उन्हें मेरी जगह लेने देने के लिए मौका देना अच्छी बात है. अनुबंध सूची में जगह देने से ज्यादा फर्क नहीं पड़ता. लेकिन यह खिलाड़ी टीम के साथ अपने करियर में बदलाव नहीं चाहता. उन्होंने कहा, लेकिन जहां तक खेलने की बात है तो निश्चित रूप से मैं पक्का करना चाहता हूं कि मैं टीम में रहूं और इसलिए ही यह टूर्नामेंट हमारे लिए भाग्यशाली है इसलिए मैं इसे इतना पसंद करता हूं. स्टोइनिस जनवरी में वेस्टइंडीज के खिलाफ आस्ट्रेलिया की वनडे टीम से बाहर हैं. लेकिन वह जून में वेस्टइंडीज और अमेरिका में देश के टी20 अंतरराष्ट्रीय विश्व कप अभियान का हिस्सा बनने को तैयार हैं.

# दूसरे चरण में 12 राज्यों की 88 सीटों पर आज थमेगा प्रचार

## बिहार की पांच लोकसभा सीट भागलपुर, कटिहार, पूर्णिया, किशनगंज और बांका भी शामिल है

संवाददाता। पटना

लोकसभा चुनाव 2024 के पहले फेज यानी 19 अप्रैल को 21 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों की 102 सीटों पर मतदान हुआ था. पहले चरण में बिहार की चार सीटों औरंगाबाद, गया, जमुई और नवादा पर भी मतदान हुआ था. वहीं दूसरे चरण में 26 अप्रैल को 12 राज्यों के 88 सीटों पर मतदान होगा. इसमें बिहार की पांच लोकसभा सीट (भागलपुर, कटिहार, पूर्णिया, किशनगंज और बांका) भी शामिल है. इन 88 सीटों पर चुनाव प्रचार का शोर आज शाम पांच बजे थम गया.

### जोरदार मुकाबला

- बिहार का पूर्णिया और किशनगंज है हॉट सीट
- संतोष कुमार पूर्णिया से दो बार चुनाव जीत चुके हैं

दूसरे चरण में बिहार की जिन पांच लोकसभा सीटों पर चुनाव होना है. इसमें पूर्णिया और किशनगंज हॉट सीट माना जा रहा है. पूर्णिया में पप्पू यादव निर्दलीय चुनाव लड़ रहे हैं. वहीं राजद के हिस्से में आयी सीट पर बीमा भारती अपनी किस्मत आजमा रही हैं. वहीं जदयू ने संतोष कुमार को अपना प्रत्याशी चुना है. पप्पू यादव के खड़े होने से त्रिकोणीय स्थिति बन गयी है. ऐसे में देखना दिलचस्प होगा कि इस सीट पर किसको जीत मिलती है. संतोष कुमार पूर्णिया से 2014 और 2019 का लोकसभा चुनाव जीत चुके हैं. इससे पहले 2010 में संतोष कुमार भाजपा के टिकट पर पूर्णिया जिले की बायसी विधानसभा सीट से विधायक रहे हैं. पप्पू यादव की बात करें तो वो पूर्णिया से तीन बार (1991, 1996 और 1999) सांसदी का चुनाव जीत चुके हैं. राजद से पप्पू यादव दो बार (2004 और 2014) मधेपुरा से चुनाव जीत चुके हैं. बीमा भारती रुपौली विधानसभा सीट से पांच बार विधानसभा चुनाव जीत चुकी हैं. भारती ने साल 2000 में निर्दलीय खड़ी हुई थी. उनको जीत भी मिली थी.

वहीं 2005 में राजद की टिकट भारती ने चुनाव जीता. इसके बाद 2010, 2015 और 2020 में जदयू की टिकट पर विधायक बनीं. इस बार लोकसभा चुनाव में बीमा भारती आरजेडी के टिकट पर किस्मत आजमा रही हैं. बिहार का किशनगंज मुस्लिम बहुल लोकसभा सीट है. यहां मुसलमान वोटर ही उम्मीदवारों की जीत और हार तय करते हैं. कांग्रेस, जदयू और असदुद्दीन ओवैसी की पार्टी एआईएमआईएम के बीच मुकाबला है. कांग्रेस ने मौजूदा सांसद मोहम्मद जावेद को, जदयू ने मुजाहिद आलम को और एआईएमआईएम ने अख्तरुल ईमान को यहां से टिकट दिया है. फिलहाल किशनगंज सीट कांग्रेस के खाते में है. अख्तरुल इमान ने साल 2005 में आरजेडी के टिकट पर किशनगंज विधानसभा सीट पर चुनाव जीता था. इतना ही नहीं अख्तरुल 2010 में आरजेडी के टिकट पर ही कोचाधामन (किशनगंज) से विधायकी जीत चुके हैं. ऐसे में इस बार का मुकाबला काफी दिलचस्प होगा.

## भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने भागलपुर में एनडीए के लिए मांगा वोट

# आधे लोग जेल में, आधे बेल पर : नड्डा

गिरधारी लाल जोशी। भागलपुर

भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जयप्रकाश नड्डा ने कहा कि इंडिया गठबंधन घमंडिया गठबंधन है. इनके आधे लोग जेल में और आधे लोग बेल पर है. यह घोटालेबाजों और भ्रष्टाचारियों की पार्टी है. इसलिए समय का तकाजा है कि बदलते भारत के लिए और 2047 के संकल्पों के लिए फिर से नरेंद्र मोदी को प्रधानमंत्री बनाने के लिए मतदान करें. वे बुधवार को राजग गठबंधन के जद (यू) उम्मीदवार अजय मंडल के पक्ष में चुनावी सभा को संबोधित करने आए थे. करीब सवा दो घंटे देरी से वे सैंडिस कंपाउंड मंच पर पहुंचे. हालांकि लू के थपेड़े के बीच भीड़ उतनी नहीं थी.



ज्यादातर पीछे कुर्सियां खाली थी. बिहपुर , कहलगांव विधानसभा क्षेत्र से कार्यकर्ता लाए गए थे. यहां के भाजपा विधायक शैलेन्द्र, और पवन कुमार यादव बार-बार माइक से अपने कार्यकर्ताओं को हाथ उठवा कर मंच के लोगों को दर्शा रहे थे कि हमी लाए हैं. मंच पर स्वागत प्रदेश भाजपा अध्यक्ष सम्राट चौधरी ने किया. मंच संचालन संतोष कुमार ने किया. भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष नड्डा ने कहा कि तमाम तरह के घोटाले कांग्रेस-राजद और इनके सहयोगी दलों के नाम हैं. जो परिवारवाद को बढ़ावा दे रहे हैं. उन्होंने शराब घोटाले में जेल में बंद अरविंद केजरीवाल का नाम लिया. बोले कि इसी घोटाले में सिसोदिया जेल में बंद हैं. जबकि भाजपा नीत सरकार के बीते दस साल में बड़ा परिवर्तन हुआ है. इसके पहले लोग उदासीन मानसिकता में जी रहे थे. अब लोग विकसित संकल्प के साथ खड़े है. यही बदलता भारत है.

बिहार में पहले आता था तो पता नहीं चलता था कि सड़क में गड्ढे है या गड्ढे में सड़क. अब एक लाख 55 हजार किलोमीटर हाइवे सड़कें देश में बनी है.

### ब्रीफ खबरें

**मुंबई की क्राइम ब्रांच की टीम पहुंची मसही**

बेतिया। मुंबई में बॉलीवुड एक्टर सलमान खान के घर के बाहर फायरिंग मामले में मुंबई की क्राइम ब्रांच की टीम तीसरी बार बेतिया पहुंची. क्राइम ब्रांच और बांद्रा थाने की पुलिस गौनाहा के मसही गांव पहुंची. यहां पांच लोगों को मुंबई पुलिस ने मंगलवार को नोटिस सौंपा. इसके तत्काल बाद पांचों को साथ लेकर चली गई. हालांकि शूटर विक्की के पिता साहेब साह को भी पुलिस मुंबई ले जाने वाली थी. लेकिन तबीयत अधिक खराब होने पर नरकटियागंज में छोड़ दिया था.

**सड़क हादसे में वाहन चालक की मौत**

नालंदा। बिहटा-सरमेरा एसएच-78 पर बुधवार की सुबह ट्रक और स्कॉर्पियो में टक्कर हुई. आमने-सामने की भीषण टक्कर में स्कॉर्पियो चालक की मौत हो गई. मामला रहुई थाना क्षेत्र के सोसन्दी और भेंडा मोड़ के बीच की है. जानकारी के मुताबिक, गिट्टी लोड ट्रक बिन्द की ओर से रहुई की ओर जा रहा था. जबकि स्कॉर्पियो रहुई की ओर से बिन्द की ओर जा रही थी. इसी बीच सोसन्दी मोड़ और भेंडा मोड़ के बीच ट्रक और स्कॉर्पियो की आमने-सामने जोरदार टक्कर हो गई. इस भिड़ंत में स्कॉर्पियो के परखच्चे उड़ गए.

## गाड़ियों के काफिले के साथ रोड शो कर रहे निर्दलीय प्रत्याशी पप्पू यादव ने कहा

# पूर्णिया को नेता नहीं, बेटा चाहिए

संवाददाता। पूर्णिया

लोकसभा चुनाव को लेकर नेताओं का दौरा जारी है. इस बीच जनता में अपनी पैठ मजबूत करने के लिए नेताओं का एक दूसरे पर जुबानी जंग तेज होते जा रहे हैं. वहीं पूर्णिया सीट पर पप्पू यादव के खड़े होने के बाद राजद ने उन्हें निशाने पर लेना शुरू कर दिया है. इस बीच नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव के एक बयान को लेकर सियासत गरमाई हुई है. निर्दलीय प्रत्याशी पप्पू यादव खुले जीप पर सवार होकर रोड शो कर रहे हैं. सैंकड़ों गाड़ियों के काफिले के साथ उनका चुनावी दौरा तेज है. इस बीच रोड शो के दौरान पप्पू यादव ने तेजस्वी यादव पर हमला बोला. उन्होंने कहा कि राजद कितनी भी सफाई दे. सच यह है कि उन्होंने जनता से एनडीए को वोट देने की अपील की.

कहा कि मुझे रोकने के लिए हर संभव प्रयास तेजस्वी यादव कर रहे हैं. इतनी नफरत क्यों? राजद के कई नेता यहां कैंप किए हुए हैं. पप्पू यादव ने कहा कि जो राजद के नेता पूर्णिया में कैंप किए हुए हैं इन लोगों को सारण, पाटलिपुत्र में ताकत लगानी चाहिए जहां लालू परिवार के लोग लड़ रहे हैं. गोपालगंज में भी जो लालू यादव का गृह जिला है. जदयू व राजद पर उन्होंने कहा कि यह जनता 26 को वोटिंग में बताएगी. कोई भी दल यहां न आशीर्वाद ले पाया और न जनता के दिल में जगह बना पाया. हमको विकास करना है. जात पात नहीं होगा. जनता से मिल रहे प्यार पर पप्पू ने कहा कि पूर्णिया को नेता नहीं, बेटा चाहिए. 26 को वोटिंग है. जनता का आशीर्वाद मिलेगा. यहां जनता चुनाव लड़ रही है. वहीं, चुनाव से पहले नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने पूर्णिया सर्किट हाउस में प्रेस कॉन्फ्रेंस कर कई मुद्दों पर जवाब दिया. इस दौरान तेजस्वी यादव ने अपने बयान पर भी सफाई दी. उन्होंने एक रैली में कहा था, ''आप इंडिया गठबंधन को चुनिए. अगर आप इंडिया गठबंधन की बीमा भारती को नहीं चुनते हैं, तो आप एनडीए को चुनो'' तेजस्वी ने अब इस बयान पर सफाई में कहा है कि हमने यह कहा था कि संविधान को बचाना है तो इंडिया को वोट करें, अन्यथा एनडीए चुनाव जीत गई तो संविधान खतरे में पड़ जाएगा. कोई भी व्यक्ति कहीं से भी चुनाव लड़ सकता है. उन्होंने यह भी कहा कि पप्पू यादव इससे पहले भी कई चुनाव लड़ चुके हैं, क्या हश्र हुआ है, सबको पता है.

- राजद को सारण, पाटलिपुत्र में ताकत लगानी चाहिए
- राजद के कई नेता पूर्णिया में कैंप किए हुए हैं



### सियासत गरमाई

- गोपालगंज लालू प्रसाद का गृह जिला है
- 26 को मतदान होना है, जनता का आशीर्वाद मिलेगा

### तेजस्वी के रोड शो में हुआ हंगामा

पूर्णिया में मंगलवार की देर रात तेजस्वी यादव के रोड शो के बाद असामाजिक तत्वों द्वारा हंगामा किए जाने का आरोप लगाते हुए एक वीडियो देर रात वायरल हुआ. वायरल वीडियो में एक युवक एक निर्दलीय प्रत्याशी पर हंगामे कराए जाने का आरोप लगा रहा है. घटना शहर के आरएन साह चौक की बतायी जा रही है. हंगामे की घटना को लेकर एक पार्टी के समर्थक ने बताया कि रात दस बजे तेजस्वी का रोड शो खत्म हो चुका था. इस दौरान नारे लगाते हुए आधे दर्जन युवकों ने रोड शो के काफिले में शामिल एक वाहन को निशाना बनाते हुए डंडा चला दिया. जिसके बाद वाहन में बैठे लोगों ने जब इसका विरोध किया तो मारपीट पर उतारू हो गए. दोनों पक्षों में तनातनी के बाद काफिले में शामिल लोगों ने मामला शांत कराया. उसके बाद हंगामा कर रहा युवक मौके से भाग निकला. हंगामे की सूचना पर पुलिस भी पहुंची, इस मामले पर हाट थाना के एसओ ने बताया कि इस संबंध में अभी तक कोई लिखित शिकायत थाने में दर्ज नहीं कराई गई है. शिकायत पर कार्रवाई होगी. बता दें मंगलवार को तेजस्वी का काफिला पूर्णिय शहर के विभिन्न भागों में भ्रमण किया. जीरोमाइल से काफिला निकालकर कटिहार मोड़ के चुनावी कार्यालय पहुंचा और वहां से समर्थकों के वाहनों की लंबी कतार के साथ लाइन बाजार चौक, फोर्ड कंपनी चौक, मधुबनी चौक होते हुए पॉलिटेक्निक चौक के रास्ते बस स्टैंड होते हुए फोर्ड कंपनी चौक होते हुए पुन गुलाब बाग पहुंचा. इस बीच तेजस्वी के रोड शो के काफिले के साथ राजद के जिला अध्यक्ष मिथिलेश दास, कांग्रेस के जिला अध्यक्ष छोटू सिंह, वाम दल के इस्लामुद्दीन, प्रोफेसर आलोक आदि समेत बड़ी संख्या में राजद नेता एवं कार्यकर्ता थे. रात के मौसम में यह काफिला धीरे-धीरे चल रहा था जिसके कारण काफी देर तक रोड जाम भी रहा. रोड शो के आगे पीछे प्रशासन भी काफी चुस्त दुरुस्त था. अपने समर्थकों के साथ गुलाबबाग की ओर कुच कर गए. उन्होंने उम्मीदवार बीमा भारती के पक्ष में मतदान करने की अपील की

# राजग प्रत्याशी नित्यानंद राय 15.45 करोड़ की संपत्ति के मालिक

संवाददाता। पटना

बिहार की उजियारपुर लोकसभा सीट से राजग उम्मीदवार, भाजपा के



वरिष्ठ नेता और केंद्रीय मंत्री नित्यानंद राय 15.45 करोड़ की संपत्ति के मालिक है. नामांकन के समय निर्वाचन अधिकारी को सौंपे गये हलफनामे से इस बात का खुलासा हुआ है. हलफनामे के अनुसार, राय के पास 5.52 करोड़ रुपये की चल और 9.92 करोड़ की अचल संपत्ति है. वहीं उनकी पत्नी के पास 2.47 करोड़ की संपत्ति है. इसमें 42.9 लाख चल और 2.04 करोड़ अचल संपत्ति है. हलफनामे के मुताबिक, केंद्रीय मंत्री के पास 3.25 लाख और उनकी पत्नी के पास 1.35 लाख नकद राशि है. राय के पास चार बैंक खाते और 13.20 लाख रुपये के सोने के आभूषण हैं. वहीं उनकी पत्नी के पास एक बैंक खाता है. साथ ही 21.60 लाख रुपये के सोने के आभूषण और 1.23 लाख रुपये के चांदी के आभूषण हैं.

# नेहा ने खुली जीप में पिता अजीत शर्मा के लिए मांगे वोट

संवाददाता। भागलपुर

लोकसभा चुनाव के बीच बॉलीवुड एक्ट्रेस नेहा शर्मा भी अपने पिता के प्रचार में मैदान में उतरीं. भागलपुर जिले में भरी दोपहर में नेहा घूम-घूमकर प्रचार करने में लगी हैं. उनके पिता अजीत शर्मा भागलपुर लोकसभा सीट से कांग्रेस के टिकट पर चुनाव लड़ रहे हैं. बुधवार को उन्होंने जगदीशपुर में रोड शो कर अपने पिता के समर्थन में प्रचार किया. नेहा ने भरी दोपहरी में खुली जीप में सवार होकर अजीत शर्मा के लिए वोट मांगे. इस दौरान बड़ी



संख्या में लोगों की भीड़ उमड़ी. भागलपुर लोकसभा क्षेत्र में चुनाव प्रचार का बुधवार को आखिरी दिन है. इस दौरान सुरक्षा के कड़े प्रबंध थे. नेहा को देखने के लिए सड़कों पर लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी. युवक एक्ट्रेस के साथ सेल्फी लेने की होड़ में लगे रहे. नेहा ने हाथ हिलाकर सभी का अभिवादन किया.

## कारोबार

**रुपया दो पैसे की बढ़त के साथ 83.29 पर**

मुंबई। अमेरिकी मुद्रा के मुकाबले रुपया बुधवार को शुरूआती कारोबार में दो पैसे की हल्की बढ़त के साथ 83.29 प्रति डॉलर पर रहा. रुपये को घरेलू शेयर बाजार में तेजी से लाभ मिला लेकिन डॉलर की मजबूती से यह सीमित रहा. विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने कहा कि कच्चे तेल के दाम में तेजी और विदेशी संस्थागत निवेशकों की पूंजी निकासी से निवेशकों की धारणा प्रभावित हुई. अंतरबैंक विदेशी मुद्रा बाजार में रुपया मंगलवार के बंद भाव के मुकाबले दो पैसे की बढ़त के साथ 83.29 पर खुला.

**आईसीआईसीआई का शेयर सात प्रतिशत टूटा**

नयी दिल्ली। निजी क्षेत्र की बीमा कंपनी आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल का शेयर बुधवार को लगभग सात प्रतिशत टूट गया. बीते वित्त वर्ष की जनवरी-मार्च तिमाही में कंपनी के शुद्ध लाभ में 26 प्रतिशत की गिरावट की सूचना के बाद कंपनी का शेयर नीचे आया है. बीएसई में शेयर 6.73 प्रतिशत गिरकर 553.15 रुपये पर पर रहा. नेशनल स्टॉक एक्सचेंज में यह 6.24 प्रतिशत की गिरावट के साथ 556.75 रुपये पर रहा. आईसीआईसीआई ने कहा कि 31 मार्च को उसका शुद्ध लाभ 26 प्रतिशत घटकर 174 करोड़ रहा.

**पेयू को मिल गई है अब सैद्धांतिक मंजूरी**

नयी दिल्ली। वित्तीय प्रौद्योगिकी कंपनी पेयू को भारतीय रिजर्व बैंक से 'पेमेंट एग्रीगेटर' के रूप में काम करने की सैद्धांतिक मंजूरी मिली है. कंपनी ने बुधवार को यह कहा. 'पेमेंट एग्रीगेटर' एक तृतीय-पक्ष सेवा प्रदाता है, जो ग्राहकों और कारोबारियों को भुगतान को लेकर एक मंच पर लाता है. यह ग्राहकों को ऑनलाइन भुगतान करने और कारोबारियों को भुगतान स्वीकार करने में सक्षम बनाता है. आरबीआई ने जनवरी 2023 में प्रोसस ग्रुप की कंपनी पेयू के 'पेमेंट एग्रीगेटर' को लेकर जमा आवेदन वापस कर दिए थे और उन्हें 120 दिनों के भीतर फिर से जमा करने को कहा था.

## देश में टीवी, होम अप्लायंसेज व स्मॉल अप्लायंसेज का मार्केट 1.1 लाख करोड़ रुपये का है

# होम अप्लायंसेज मार्केट में उतारेगी रिलायंस

भाषा। नयी दिल्ली

रिलायंस इंडस्ट्रीज (आरआईएल) तेल, गैस और रिटेल के बाद होम अप्लायंसेज मार्केट में भी उतरने में लगी है. भारतीय उद्योगपति मुकेश अंबानी एक नए मेड-इन-इंडिया ब्रांड वायजर के साथ घरेलू कंज्यूमर इलेक्ट्रॉनिक्स और होम अप्लायंसेज मार्केट में मल्टीनेशनल कंपनियों के बीच अपना दबदबा बढ़ाने में लगे हैं. अभी देश में टीवी, होम अप्लायंसेज और स्मॉल अप्लायंसेज का मार्केट 1.1 लाख करोड़ रुपये का है. इसमें एलजी, सैमसंग, वर्लपूल, हायर और डाइकिन की 60% है. इसी तरह एसी मार्केट में टाटा ग्रुप की कंपनी वोल्टास का दबदबा है. सूत्रों के मुताबिक रिलायंस की दो घरेलू कॉन्ट्रैक्ट मैन्यूफेक्चर कंपनियों डिक्सन टेक्नोलॉजीज और मिर्क इलेक्ट्रॉनिक्स के साथ बातचीत चल रही है. मिर्क इलेक्ट्रॉनिक्स इलेक्ट्रॉनिक सामान बनाने वाली कंपनी ओनिडा की पैरेंट कंपनी है. ब्रांड की बाजार में हिस्सेदारी बढ़ने के बाद कंपनी मीडियम टर्म में अपना प्लांट स्थापित कर सकती है.

रिलायंस की रिटेल यूनिट रिलायंस रिटेल ने हाल ही में वायजर ब्रांड से एयर कूलर लॉन्च किया है. सूत्रों के मुताबिक कंपनी टेलीविजन, वॉशिंग मशीन, रेफ्रिजरेटर, एयर कंडीशनर, स्मॉल अप्लायंसेज और एलईडी बल्ब जैसी श्रेणियों में रेंज का विस्तार करने की योजना बना रही है. कंपनी इन प्रॉडक्ट्स को इन-हाउस डिजाइन और डेवलप करना चाहती है क्योंकि वह विदेशी लेबल के दबदबे वाले इस बाजार में एक घरेलू ब्रांड स्थापित करना चाहती है. कंपनी ने पहले प्राइवेट लेबल ब्रांड रीकनेक्ट लॉन्च किया था, जिसमें थर्ड पार्टी द्वारा बनाए गए प्रॉडक्ट थे. रिलायंस रिटेल के चीफ फाइनेंशियल ऑफिसर दिनेश तलुजा ने 22 अप्रैल को आरआईएल की चौथी तिमाही की अर्निंग कॉल के दौरान एनालिस्ट्स को नए ब्रांड लॉन्च के बारे में बताया था. लेकिन इस बारे में ज्यादा खुलासा नहीं किया था.

सूत्रों का कहना है कि कंपनी अपने रिलायंस डिजिटल स्टोर्स के साथ-साथ इंडिपेंडेंट डीलरों, रीजनल रिटेल चेन और ऐमजॉन तथा फ्लिपकार्ट जैसे ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म के जरिए वायजर के प्रॉडक्ट बेचना चाहती है.



### रिलायंस रिटेल

- रिलायंस ने वायजर ब्रांड से एयर कूलर लॉन्च किया
- एलजी व सैमसंग डाइकिन की हिस्सेदारी 60% है
- एसी में टाटा की कंपनी वोल्टास का दबदबा है

### रिलायंस रिटेल रीकनेक्ट ब्रांड का इस्तेमाल करता है

रिलायंस रिटेल ने इससे पहले अपने ब्रांड रीकनेक्ट के तहत टेलीविजन और कुछ उपकरण बेचने की कोशिश की थी, लेकिन इसमें उसे सीमित सफलता मिली. इन्हें कंपनी के पार्टनर्स ने डिजाइन और डेवलप किया गया था. इन्हें बिना किसी मार्केटिंग पुश के केवल रिलायंस डिजिटल स्टोर्स के जरिए बेचा गया था और इसका मकसद फ्यूचर ग्रुप के प्राइवेट लेबल कोरयो और टाटा ग्रुप के क्रोमा को टक्कर देना था. रिलायंस रिटेल अभी भी एक्सेसरीज के लिए रीकनेक्ट ब्रांड का इस्तेमाल करता है. इसने कुछ साल पहले बीपीएल और केल्विनेटर ब्रांड के लिए लाइसेंस हासिल किया और कुछ टीवी, रेफ्रिजरेटर और वॉशिंग मशीन मॉडल लॉन्च किए थे. लेकिन कंपनी को कोई खास सफलता नहीं मिली. इन उत्पादों को डिक्सन, मिर्क और पीजी इलेक्ट्रोप्लास्ट जैसी कंपनियों ने स्थानीय रूप से डिजाइन और मैन्यूफैक्चर किया गया था. कुछ को चीन और इंडोनेशिया से आयात किया गया था, जिन्हें टीसीएल, माडिया और तोशीबा ने बनाया था. एक सूत्र ने कहा कि रिलायंस प्रबंधन को लगा कि उसे अपने स्वयं के ब्रांड की आवश्यकता है ताकि वह इस बाजार में अपनी जगह बनाने के लिए प्रॉडक्ट डिजाइन और मैन्यूफैक्चिरंग को मजबूती से कंट्रोल कर सके. तलुजा ने कहा था कि कंपनी का एफएमसीजी बिजनस अच्छी तरह से आगे बढ़ रहा है. उन्होंने कहा कि कैंपा और इंडिपेंडेंस जैसे ब्रांडों ने मजबूत पकड़ बनाई है.

## एससी ने दूरसंचार स्पेक्ट्रम के आवंटन के लिए नीलामी को माध्यम बनाने का निर्देश दिया था

# दूरसंचार के लिए स्पेक्ट्रम की अगली नीलामी अब जून में होनेवाली है

भाषा। नयी दिल्ली

सरकार दूरसंचार स्पेक्ट्रम आवंटन के लिए नीलामी को अहमियत देने के उच्चतम न्यायालय के फैसले में किसी भी तरह के बदलाव की कोशिश नहीं कर रही है. एक शीर्ष सूत्र ने बुधवार को यह बात कही. उच्चतम न्यायालय (एससी)ने वर्ष 2012 के अपने फैसले में दूरसंचार स्पेक्ट्रम के आवंटन के लिए नीलामी को ही माध्यम बनाने का निर्देश दिया था. हालांकि उपग्रह संचार और रक्षा जैसे विशिष्ट क्षेत्रों को इसके दायरे में नहीं रखा गया था. सूत्र ने कहा कि सरकार ने पिछले साल 15 दिसंबर को शीर्ष अदालत में एक अर्जी दायर कर कुछ विशिष्ट क्षेत्रों को स्पेक्ट्रम आवंटन के संबंध में स्थिति स्पष्ट करने की गुहार लगाई थी.

इसमें विशिष्ट उद्देश्यों वाले क्षेत्र जैसे उपग्रह संचार, रक्षा बलों और सार्वजनिक क्षेत्र की इकाइयों, मेट्रो या रेलवे संचालन के लिए नीलामी के बगैर स्पेक्ट्रम आवंटित करने को लेकर स्पष्टीकरण देने का आग्रह किया गया था. याचिका दिसंबर के अंत में संसद में दूरसंचार विधेयक को पारित करने से पहले दायर की गई थी. यह याचिका सोमवार को सुनवाई के लिए रखी गई. नये विधेयक में 19 छूटें दी गयी हैं. सूत्र ने अदालत के समक्ष याचिका आने के बाद उपजे विवाद को 'बेमतलब' बताते हुए कहा कि सरकार से 2जी फैसले को बदलने जैस सवाल किए जा रहे हैं. लेकिन तथ्य यह है कि दूरसंचार क्षेत्र में कई मुकदमों को देखते हुए पारदर्शिता बनाए रखने के लिए यह आवेदन दायर किया गया था. इसमें साफ किया गया था कि सरकार क्या करना चाहती है. प्रशासनिक आवंटन मार्ग से एलन मस्क की स्टारलिंक, भारती एयरटेल के वनवेब और अमेजन की प्रोजेक्ट कुइपर जैसे अंतरिक्ष दूरसंचार सेवा प्रदाताओं को काफी राहत मिल सकती है क्योंकि उन्हें नीलामी प्रक्रिया से गुजरे बिना स्पेक्ट्रम मिलने का रास्ता साफ हो जाएगा.

दूरसंचार के लिए स्पेक्ट्रम की अगली नीलामी इस साल जून में होने वाली है. सूत्र ने कहा कि इस मुद्दे पर सभी संबद्ध पक्षों से परामर्श किया गया लेकिन न्यायालय से परामर्श करने का कोई तरीका नहीं है. लिहाजा न्यायालय को सूचित करने तथा उसकी राय जानने को आवेदन दायर किया गया था. आवेदन में स्पष्ट रूप से कहा गया है कि हम न्यायालय के फैसले से सहमत हैं. इस बात से सहमत हैं कि स्पेक्ट्रम नीलामी सबसे अच्छा विकल्प है.



### स्पेक्ट्रम आवंटन

- नये विधेयक में 19 तरह की छूटें दी गयी हैं
- आवेदन में कहा गया है कि हम फैसले से सहमत हैं

**गिरावट**

## टाटा ग्रुप की कंपनी टाटा कंज्यूमर टाटा नमक और चाय जैसे प्रोडक्ट्स बनाती है

# टाटा कंज्यूमर प्रोडक्ट्स का लाभ 26 प्रतिशत गिरा

भाषा। नयी दिल्ली

टाटा ग्रुप की कंपनी टाटा कंज्यूमर प्रोडक्ट्स टाटा नमक और चाय जैसे कई प्रोडक्ट्स बनाती है. टाटा कंज्यूमर प्रोडक्ट्स लिमिटेड ने मार्च तिमाही के नतीजे जारी कर दिए हैं. कंपनी ने शेयर बाजार को दी सूचना में बताया है कि उसक वित्त वर्ष 2023-24 की चौथी तिमाही में कंसोलिडेट नेट प्रॉफिट 26.69 प्रतिशत की गिरावट के साथ 212.26 करोड़ रुपये रह गया. नतीजे के साथ-साथ निवेशकों को बोर्ड ने 775% (7.75 रुपये) फाइनल डिविडेंड का ऐलान किया है. वहीं टाटा एलेक्सी का मार्च में समाप्त चौथी तिमाही में शुद्ध लाभ 2.2 प्रतिशत घटकर 196.93 करोड़ रुपये रहा है. कंपनी ने पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि में 201.51 करोड़ रुपये का शुद्ध मुनाफा कमाया था. वित्त वर्ष 2023-24 में कंपनी का नेट प्रॉफिट 1215.4 करोड़ रुपये था. इससे पहले वित्त वर्ष में 1320.14 करोड़ रुपये था. इस दौरान आय 15,205.85 करोड़ रुपये रही. इससे पूर्व वित्त वर्ष 2022-23 में यह 13,783.16 करोड़ रुपये थी. मुख्य रूप से ज्यादा खर्च होने के कारण कंपनी का मुनाफा कम हुआ है. इस गिरावट की वजह विलय, अधिग्रहण की लागत और वित्तीय साधनों पर मूल्य नुकसान आदि कई कारण रहे हैं.

रिपोर्ट के मुताबिक, एफवाई24 की चौथी तिमाही के दौरान टाटा कंज्यूमर प्रोडक्ट्स ने 29 नेट न्यू स्टोर खोले और 6 नए शहरों में एंट्री की. इस वर्ष सबसे ज्यादा 95 स्टोर जोड़े गए. इससे 61 शहरों में स्टोर्स की कुल संख्या 421 हो गई. इधर टाटा कंज्यूमर प्रोडक्ट्स लिमिटेड के शेयर में तेजी देखने को मिली है. कल यानी मंगलवार को टाटा कंज्यूमर प्रोडक्ट्स का शेयर उछाल के साथ 1172 रुपये के स्तर पर बंद हुआ है. पिछले 5 दिनों में शेयर में 3 फीसदी से ज्यादा का उछाल आया है. एक महीने में टाटा कंज्यूमर का शेयर 5 प्रतिशत ज्यादा बढ़ा है. टाटा कंज्यूमर प्रोडक्ट के बोर्ड ने एफवाई24 के लिए 775 फीसदी के फाइनल डिविडेंड का ऐलान किया है. यह 7.75 रुपये प्रति इक्विटी शेयर के बराबर है. कंपनी ने स्टॉक एक्सचेंजों को एक नियामक फाइलिंग में कहा कि अगर आगामी 61वीं वार्षिक आम बैठक में इसे मंजूरी दी जाती है तो 30 दिनों के अंदर यह पात्र निवेशकों को भेज दिया जाएगा. कंपनी ने इससे पहले 2022 में 6.05 रुपये और साल 2021 में 4.05 रुपये का डिविडेंड जारी किया था. कंपनी का मार्केट कैप 1.11 लाख करोड़ रुपये है.




### टाटा ग्रुप

- टाटा एलेक्सी का शुद्ध लाभ 2 .2 प्रतिशत घटा
- पिछले वित्त वर्ष में 201 .51 करोड़ का लाभ हुआ था

# निकायों की मान्यता की समय सीमा चार जुलाई तक बढ़ गई

भाषा। नयी दिल्ली

सरकार ने हलाल प्रमाणपत्र देने वाले निकायों की मान्यता और निर्यात इकाइयों के पंजीकरण की समय सीमा तीन महीने बढ़ाकर चार जुलाई कर दी है. विदेश व्यापार महानिदेशालय (डीजीएफटी) ने पिछले साल मांस और मांस उत्पादों के लिए हलाल प्रमाणन प्रक्रिया के लिए नीति और शर्तों को अधिसूचित किया था. मौजूदा निकायों को आई-सीएएस हलाल के लिए राष्ट्रीय प्रमाणन निकाय प्रत्यायन बोर्ड (एनएबीसीबी) से पांच अप्रैल, 2024 तक मान्यता लेने का निर्देश दिया था. डीजीएफटी ने एक अधिसूचना में कहा कि हलाल प्रमाणन निकायों की मान्यता और निर्यात इकाइयों के पंजीकरण की



समय अवधि तीन महीने यानी चार जुलाई, 2024 तक बढ़ा दी गई है. विदेश व्यापार महानिदेशालय वाणिज्य मंत्रालय के अंतर्गत आता है. यह निर्यात और आयात से संबंधित मुद्दों को देखता है. दिशानिर्देशों के अनुसार मांस और उसके उत्पादों को 'हलाल प्रमाणित' के रूप में निर्यात करने की अनुमति तभी दी जाती है, जब वे भारतीय गुणवत्ता परिषद के बोर्ड से मान्यता प्राप्त निकाय से मिले वैध प्रमाण पत्र वाली सुविधा में उत्पादित, प्रसंस्कृत और पैक किये जाते हैं.

### आईएफएस के व्यावसायिक प्रशिक्षण पाठ्यक्रम के दीक्षांत समारोह में राष्ट्रपति ने हिस्सा लिया

# वनों का विनाश, एक तरह से मानवता का विनाश : द्रौपदी मुर्मू

- राष्ट्रपति ने विकास के मानकों के पुनर्मूल्यांकन पर जोर दिया
- कहा- हम पृथ्वी के संसाधनों के ओनर नहीं, बल्कि ट्रस्टी हैं

एजेंसी। देहरादून



राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने बुधवार को विकास के मानकों के पुनर्मूल्यांकन पर जोर देते हुए कहा कि वनों का विनाश करना एक तरह से मानवता का विनाश करना है. वह इंदिरा गांधी राष्ट्रीय वन अकादमी में भारतीय वन सेवा के व्यवसायिक प्रशिक्षण पाठ्यक्रम के दीक्षांत समारोह को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रही थी. राष्ट्रपति ने कहा कि संसाधनों के अरक्षणीय दोहन ने मानवता को ऐसे मोड़ पर लाकर खड़ा कर दिया है, जहां विकास के मानकों का पुनर्मूल्यांकन करना होगा.

इस संबंध में उन्होंने मानव केंद्रित कालखंड 'एंथ्रोपोसीन युग' का जिक्र किया. राष्ट्रपति मुर्मू ने कहा कि आज यह समझना जरूरी है कि हम पृथ्वी के संसाधनों के ओनर नहीं, बल्कि ट्रस्टी हैं. हमारी प्राथमिकताएं मानव केंद्रित होने के साथ ही प्रकृति केंद्रित भी होनी चाहिए.

वस्तुतः प्रकृति-केंद्रित होकर ही हम सही अर्थों में मानव केंद्रित हो सकेंगे. राष्ट्रपति ने विश्व के कई भागों में वन संसाधनों में बहुत तेजी से क्षति होने पर चिंता जतायी. उन्होंने इसकी तेजी से क्षतिपूर्ति के लिए विज्ञान और तकनीक की मदद लेने को कहा. इस संबंध में वनों की क्षतिपूर्ति के लिए अपनाए जा रहे 'मियावाकी' तरीके का भी जिक्र किया.

**जलवायु परिवर्तन विश्व समुदाय के सामने गंभीर चुनौती :** राष्ट्रपति ने जलवायु परिवर्तन को विश्व समुदाय के सामने खड़ी गंभीर चुनौती बताया. उन्होंने कहा कि अभी हाल में उच्चतम न्यायालय ने जलवायु परिवर्तन के प्रतिकूल प्रभावों से मुक्त होने के अधिकार को संविधान के अनुच्छेद 14 और 21 के तहत मौलिक अधिकार का दर्जा दिया है.

#### विकास रथ के दो पहिए- परंपरा व आधुनिकता

वनों को 'जीवनदाता' बताते हुए राष्ट्रपति ने इस बात पर चिंता व्यक्त की कि मानव समाज जंगलों की महत्ता को जानबूझ कर भुलाने की गलती कर रहा है. उन्होंने नये वन अधिकारियों से जंगलों के संरक्षण, संवर्धन एवं पोषण की जिम्मेदारी को पूरी सजगता और निष्ठा से निभाने को कहा. मुर्मू ने कहा कि विकास रथ के दो पहिए होते हैं- परंपरा और आधुनिकता, लेकिन आज मानव समाज पारंपरिक ज्ञान की उपेक्षा करने के कारण पर्यावरणीय समस्याओं का दंश झेल रहा है.



अमेरिका के फ्लोरिडा के टाम्पा स्थित हिल्सबोरो कम्युनिटी कॉलेज में एक प्रजनन स्वतंत्रता अभियान कार्यक्रम का आयोजन किया गया था. गर्भपात के दौरान चिकित्सा देखभाल प्राप्त करने के अपने संघर्ष के बारे में बताने के बाद कैटिलिन जोशुआ को राष्ट्रपति जो बिडेन ने गले लगाया.

## ब्रीफ खबरें

### 5 माह बाद लेह-मनाली राष्ट्रीय राजमार्ग खुला

**लेह।** सर्दियों के दौरान भारी बर्फबारी के कारण लगभग पांच महीने से बंद 428 किलोमीटर लंबे लेह-मनाली राष्ट्रीय राजमार्ग को यातायात के लिए फिर से खोल दिया. अधिकारियों ने बुधवार को बताया कि केंद्र शासित प्रदेश लद्दाख को हिमाचल प्रदेश के रास्ते देश के बाकी हिस्सों से जोड़ने वाला यह राजमार्ग एक वैकल्पिक मार्ग है, जिसे सर्दी के मौसम की शुरुआत में भारी बर्फबारी के बाद नवंबर में बंद कर दिया गया था.

### कन्नौज से चुनाव लड़ेंगे अखिलेश: रामगोपाल

**लखनऊ।** सपा ने कन्नौज लोकसभा सीट से कई बार उम्मीदवार बदले हैं, लेकिन अब यूपी के पूर्व सीएम और सपा प्रमुख अखिलेश यादव खुद ही इस सीट से चुनावी मैदान में उतरेंगे. सपा महासचिव और राज्यसभा सांसद रामगोपाल यादव ने अखिलेश की उम्मीदवारी का ऐलान किया है. कहा है कि अखिलेश यादव कन्नौज से ही चुनाव लड़ेंगे. 25 अप्रैल की दोपहर कन्नौज सीट से नामांकन करेंगे.

### बांदीपोरा में सुरक्षाबलों व आतंकवादियों में मुठभेड़

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के बांदीपोरा जिले में सुरक्षाबलों और आतंकवादियों के बीच बुधवार सुबह मुठभेड़ हो गयी. इसके बाद छिपे हुए दहशतगर्दों को ढूंढ निकालने के लिए हेलीकॉप्टरों के माध्यम से निगरानी की जा रही है. कश्मीर संभाग की पुलिस ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में बताया कि बांदीपुरा में अरागाम के रेंजी वन क्षेत्र में सुबह आतंकवादियों और सुरक्षाबलों के बीच मुठभेड़ शुरू हो गई.

### भारतीय-अमेरिकी भाविनी पटेल 'प्राइमरी' में हारीं

**वाशिंगटन।** भारतीय अमेरिकी भाविनी पटेल मंगलवार रात पेनसिल्वेनिया से डेमोक्रेटिक पार्टी की 'प्राइमरी' में हार गईं. मौजूदा सांसद समर ली को 12वें 'कांग्रेसनल डिस्ट्रिक्ट' पेनसिल्वेनिया की प्राइमरी में विजेता घोषित किया गया. ली को 59% वोट मिले, वहीं पटेल को 41% वोट से संतोष करना पड़ा. राष्ट्रपति जो बाइडन और रिपब्लिकन पार्टी से उनके प्रतिद्वंद्वी डोनाल्ड ट्रंप दोनों ने उम्मीद के अनुरूप 'प्राइमरी' चुनाव जीते.

### लोकसभा चुनाव: दूसरे चरण के चुनाव प्रचार का शोर थमा

# 12 राज्यों की 88 सीटों पर मतदान कल, तैयारी पूरी

शुभम संदेश नेटवर्क

दूसरे चरण के लोकसभा चुनाव के मतदान का काउंटडाउन शुरू हो गया है. लेकर 26 अप्रैल को 12 राज्यों की 88 लोकसभा सीटों के लिए वोट डाले जायेंगे. बुधवार को शाम छह बजे से प्रचार का शोर थम गया. इस अवधि के बाद चुनाव लड़ रहे उम्मीदवार या राजनीतिक दल अपने चुनावी प्रचार के लिए न तो जुलूस एवं आम सभाएं आयोजित कर सकेंगे और न ही लाउड स्पीकर का उपयोग कर सकेंगे. इन सीटों के नतीजे एक साथ चार जून को घोषित किये जायेंगे.

शांतिपूर्ण और निष्पक्ष तरीके से मतदान संपन्न कराने के लिए चुनाव आयोग ने तैयारी पूरी कर ली है. मतदान का समय सुबह 7 बजे से शाम 6 बजे तक है. समय खत्म होने के बाद भी जो लोग लाइन में खड़े होंगे, वे अपना वोट डाल सकेंगे.

**दूसरे चरण में इन दिग्गजों की प्रतिष्ठा दांव पर :** दूसरे चरण में वायनाड से पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष राहुल गांधी, मथुरा से हेमा मालिनी, मेरठ से अरुण गोविल मैदान में हैं. तिरुवनंतपुरम से शशि थरूर का मुकाबला केंद्रीय मंत्री चंद्रशेखर से है. जम्मू लोकसभा सीट से भाजपा के जुगल किशोर का मुकाबला कांग्रेस के रमन भल्ला से है, यहां गुलाम नबी आजाद की पार्टी डीपीएपी ने जीएम सरुरी को चुनावी मैदान में उतारने के बाद मुकाबला त्रिकोणीय हो गया है.

#### मणिपुर के 13 विस क्षेत्रों में भी मतदान कल

बाह्य मणिपुर लोकसभा सीट की 15 विधानसभा क्षेत्रों में 19 अप्रैल को पहले चरण में मतदान हुआ था. इस निर्वाचन क्षेत्र की 13 विधानसभा क्षेत्रों में 26 अप्रैल को दूसरे चरण में भी मतदान होगा. वहीं, मध्य प्रदेश की बैतूल सीट पर दूसरे चरण में चुनाव होना था. मगर बसपा प्रत्याशी के निधन के बाद अब तीसरे चरण में सात मई को यहां मतदान होगा.




#### दूसरे चरण में किस राज्य की कितनी सीट पर मतदान

| राज्य | लोकसभा सीट | राज्य | लोकसभा सीट |
|---|---|---|---|
| असम | 05 | मध्य प्रदेश | 06 |
| बिहार | 05 | महाराष्ट्र | 08 |
| छत्तीसगढ़ | 03 | राजस्थान | 13 |
| जम्मू-कश्मीर | 01 | त्रिपुरा | 01 |
| कर्नाटक | 14 | उत्तर प्रदेश | 08 |
| केरल | 20 | पश्चिम बंगाल | 03 |

#### लोस चुनाव

- मतदान संपन्न कराने के लिए चुनाव आयोग की तैयारी पूरी
- 26 अप्रैल को सुबह सात बजे से शाम छह बजे तक मतदान

#### दूसरे चरण में किस राज्य की किन-किन सीटों पर मतदान

- **असम:** दरांग-उदालगुरी, डिफू, करीमगंज, सिलचर और नौगांव
- **बिहार:** किशनगंज, कटिहार, पूर्णिया, भागलपुर और बांका
- **छत्तीसगढ़:** राजनांदगांव, महासमुंद और कांकेर
- **जम्मू-कश्मीर:** जम्मू
- **त्रिपुरा:** त्रिपुरा पूर्व
- **पश्चिम बंगाल:** दार्जिलिंग, रायगंज और बालूरघाट
- **मध्य प्रदेश:** टीकमगढ़, दमोह, खजुराहो, सतना, रीवा और होशंगाबाद
- **महाराष्ट्र:** बुलढाणा, अकोला, अमरावती, वर्धा, यवतमाल-वाशिम, हिंगोली, नांदेड़ और परभणी
- **उत्तर प्रदेश:** अमरोहा, मेरठ, बागपत, गाजियाबाद, गौतमबुद्ध नगर, बुलंदशहर, अलीगढ़ और मथुरा
- **राजस्थान:** टोंक-सवाई माधोपुर, अजमेर, पाली, जोधपुर, बाड़मेर, जालोर, उदयपुर, बांसवाड़ा, चित्तौड़गढ़, राजसमंद, भीलवाड़ा, कोटा और झालावाड़-बारा
- **कर्नाटक:** उडुपी-चिकमगलूर, हासन, दक्षिण कन्नड़, चित्रदुर्ग, तुमकुर, मांड्या, मैसूर, चामराजनगर, बेंगलुरु ग्रामीण, बेंगलुरु उत्तर, बेंगलुरु केंद्रीय, बेंगलुरु दक्षिण,चिकबल्लापुर और कोलार
- **केरल:** कासरगोड, कन्नूर, वडकरा, वायनाड, कोझिकोड, मलप्पुरम, पोन्नानी, पलक्कड़, अलाथुर, त्रिशूर, चलाकुडी, एर्णाकुलम, इडुक्की, कोट्टायम, अलाप्पुझा, मवेलिक्कारा, पथानमथिट्टा, कोल्लम, अट्टिंगल और तिरुअनंतपुरम

### प्रियंका गांधी ने भाजपा और प्रधानमंत्री को विभिन्न मुद्दों पर घेरा, कहा

# लोकतंत्र व संविधान बचाने का चुनाव

एजेंसी। वायनाड



कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी वाड्रा ने बुधवार को आरोप लगाया कि भाजपा के शासन में आवश्यक वस्तुओं की कीमतें बढ़ रही हैं, लेकिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और उनकी पार्टी चुनाव प्रचार के दौरान भी वास्तविक मुद्दों से ध्यान भटकाने में लगी है. वायनाड लोकसभा क्षेत्र में एक नुक्कड़ सभा को संबोधित करते हुए प्रियंका ने भाजपा और प्रधानमंत्री को विभिन्न मुद्दों पर घेरा.

प्रियंका गांधी ने कहा कि मोदी के नेतृत्व वाली भाजपा सरकार मूल्य वृद्धि और बेरोजगारी जैसे मुद्दों पर ध्यान देने में विफल रही है. उन्होंने कहा कि इस बार का लोकसभा चुनाव 'लोकतंत्र और भारतीय संविधान को बचाने' का अवसर है. प्रियंका ने आरोप लगाया कि पिछले 10 साल में भाजपा के शासन में पेट्रोल, डीजल और अन्य जरूरी वस्तुओं के दाम बहुत ज्यादा बढ़े हैं. इसी तरह बेरोजगारी की दर भी बढ़ी है. कांग्रेस नेता ने दावा किया कि प्रधानमंत्री और भाजपा नेता इन समस्याओं पर ध्यान नहीं देंगे. उन्होंने आरोप लगाया कि वे विकास की बात नहीं करेंगे, वे वास्तविक मुद्दों पर बात नहीं करेंगे.

प्रियंका ने यह आरोप भी लगाया कि प्रधानमंत्री और भाजपा नेता नये-नये मुद्दे उठा रहे हैं, जिनका आम लोगों की जिंदगी से कोई लेना-देना नहीं है. बता दें कि वायनाड सीट से प्रियंका के भाई राहुल गांधी एक बार फिर अपनी किस्मत आजमा रहे हैं.

#### खास बातें

- पीएम पर वास्तविक मुद्दों से ध्यान हटाने का आरोप लगाया
- 10 साल में जरूरी वस्तुओं की कीमत व बेरोजगारी बढ़ी

## संदेशखाली यौन हिंसा के आरोपी शाहजहां का रोते हुए वीडियो वायरल

एजेंसी। कोलकाता

पश्चिम बंगाल के संदेशखाली (उत्तर 24 परगना जिला) में कई महिलाओं के साथ यौन हिंसा और जमीन हड़पने का आरोपी शाहजहां शेख फिर से चर्चा में है. उसका एक वीडियो वायरल हो रहा है, जिसमें वह रोता हुआ दिख रहा है. गौरतलब हो कि जब शाहजहां को 29 फरवरी को बंगाल पुलिस ने गिरफ्तार किया था, तो वह कोर्ट में पेशी के दौरान अकड़ कर चलता हुआ दिखा था.

**बेटी को देख रोने लगता है शाहजहां शेखः** वर्तमान में शाहजहां का जो वीडियो सामने आया है, उसमें नजर आ रहा है कि वह कोर्ट से आते समय पुलिस वैन में बैठा हुआ है. बाहर उसके कुछ परिजन और समर्थक खड़े हैं. शाहजहां शेख अपनी छोटी बेटी को देखता है, तो रोने लगता है. यह वीडियो वायरल हो रहा है.



#### भाजपा का तंज- ममता का पोस्टर ब्वॉय रो रहा है


शाहजहां शेख के वायरल वीडियो पर भाजपा ने तंज कसा है. भाजपा आईटी सेल के प्रमुख अमित मालवीय ने पोस्ट किया है कि स्वैग गायब हो गया है. ममता बनर्जी का पोस्टर बॉय बलात्कारी शेख शाहजहां एक नादान बच्चे की तरह रो रहा है. अपराधी अणुब्रतो मंडल जेल में है. यही वह भाग्य है, जो सौकत मोल्ला, जहांगीर खान और अन्य जैसे लोगों का इंतजार कर रहा है. इन्होंने पूरे बंगाल में आतंक का राज फैलाया है.

### तीन अंतरिक्ष यात्रियों को आज अंतरिक्ष स्टेशन पर भेजेगा चीन, तैयारी पूरी

**जिउक्वान (चीन)।** चीन की अंतरिक्ष एजेंसी अपने महत्वाकांक्षी अंतरिक्ष कार्यक्रम के तहत गुरुवार को अंतरिक्ष यान 'शेनझोउ-18' को अंतरिक्ष यात्रियों के साथ पृथ्वी की निचली कक्षा में भेजने की अंतिम तैयारी कर रही है. इस कार्यक्रम का उद्देश्य 2030 तक लोगों को चंद्रमा पर भेजना है. चाइना मैंड स्पेस एजेंसी (सीएमएसए) के उप निदेशक लिन जिकियांग ने बुधवार को संवाददाता सम्मेलन में बताया कि तीन अंतरिक्ष यात्री इस मिशन का हिस्सा हैं. इनमें गुआंगफू (43), ली कांग (34) और ली गुआंगसु (36) पहली बार अंतरिक्ष में जायेंगे. तीन सदस्यीय चालक दल को लेकर अंतरिक्ष यान देश के उत्तर-पश्चिम में गोबी रेगिस्तान के किनारे पर स्थित जिउक्वान उपग्रह प्रक्षेपण केंद्र से रात 8:59 बजे उड़ान भरेगा. दल अंतरिक्ष स्टेशन पर लगभग छह महीने तक रहेगा.

## मणिपुर को नागालैंड से जोड़ने वाले पुल पर आईईडी ब्लास्ट

एजेंसी। इंफाल



लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण के मतदान से दो दिन पहले मणिपुर को नागालैंड से जोड़नेवाले पुल पर आईईडी विस्फोट हुआ है. इससे कुछ घंटे पहले ही इलाके में दो समुदायों के बीच गोलीबारी भी हुई थी. वारदात मंगलवार और बुधवार के बीच आधी रात की बताई जा रही है. यह विस्फोट इम्फाल को नागालैंड के दीमापुर से जोड़नेवाले राष्ट्रीय राजमार्ग-दो पर सापरमीना के पास हुआ है.

मामले में जांच शुरू कर दी गई है. विस्फोट के पीछे की मंशा अभी स्पष्ट नहीं हो पायी है. इस बीच मणिपुर में जातीय हिंसा प्रभावित कांगपोकपी जिले में एनएच दो पर आईईडी विस्फोट से पुल क्षतिग्रस्त हो गया. इंफाल को नगालैंड के दीमापुर से जोड़ने वाले पुल पर भारी वाहनों की आवाजाही रोक दी गई है.

## भाषण देते गडकरी की तबीयत बिगड़ी

भाषा। मुंबई




महाराष्ट्र के यवतमाल में केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी भाषण देते समय मंच पर अचानक गिर पड़े. गडकरी यवतमाल के पुसद में एक चुनावी सभा को संबोधित करने के लिए पहुंचे हुए थे. वह मंच पर बोल ही रहे थे कि अचानक वह बेसुध होकर गिर पड़े, जिसके बाद उनके आसपास मौजूद लोगों ने उन्हें संभाला और तत्काल इलाज के लिए ले गए. केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी नागपुर लोकसभा सीट से भाजपा के उम्मीदवार हैं. नागपुर सीट पर पहले चरण में मतदान संपन्न हो चुका है.

## केरल में वर्षों से आतंकवाद को संरक्षण मिला: अमित शाह

एजेंसी। अलाप्पुझा



केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने केरल में कांग्रेस और सत्तारूढ़ वाम दल पर बुधवार को जमकर निशाना साधा. उन पर राज्य में आतंकवाद को संरक्षण देने तथा लोकसभा चुनाव में जीत हासिल करने के लिए प्रतिबंधित संगठन पीएफआई का समर्थन लेने का आरोप लगाया. शाह ने कहा कि केरल में माकपानीत एलडीएफ और कांग्रेसनीत यूडीएफ के शासन के दौरान वर्षों से राज्य में आतंकवाद को संरक्षण दिया गया. उन्होंने कहा कि राज्य में अल्पसंख्यक वोट बैंक का समर्थन हासिल करने के लिए वाम दल और कांग्रेस दोनों ने पीएफआई का समर्थन किया. शाह ने कहा कि पीएफआई की राजनीतिक शाखा एसडीपीआई ने खुले तौर पर केरल में यूडीएफ को अपना समर्थन देने की घोषणा की.

### कॅरियर-काउंसिलिंग

# एम्प्लॉई की भर्ती और मैनेजमेंट संभालने के लिए एचआर कोर्स कर बना सकते हैं कॅरियर

**रजनीश प्रसाद।** जब भी आप किसी कंपनी में इंटरव्यू के लिए जाते हैं, तो वहां आपका पहला परिचय एचआर मैनेजर से होता है, जो आपका इंटरव्यू लेती/लेता है. अत: एचआर संगठन में एम्प्लॉई की भर्ती करने के साथ-साथ प्रशासनिक कार्यों की प्लानिंग, डायरेक्शन और को-ऑर्डिनेशन करते हैं. एचआर का फूल फॉर्म होता है 'ह्यूमन रिसोर्सेज'. एचआर का काम एम्प्लॉई की भर्ती और उनका मैनेजमेंट संभालने का होता है.

#### एचआर मैनेजर के कार्य

- वर्कप्लेस में हायरिंग और ट्रेनिंग में सहायता करता है.
- किसी संगठन में कल्चर और वैल्यूज के निर्माण में मदद करता है.
- कनफ्लिक्ट मैनेजमेंट जैसी सबसे महत्वपूर्ण जिम्मेदारी होती है.
- एक संगठन में टीम निर्माण में मदद करता है.
- लोगों के इंगेजमेंट और डेवलपमेंट में मदद करता है.

#### डिप्लोमा सर्टिफिकेट कोर्सेज


- सर्टिफाइड प्रोफेशनल इन लर्निंग एंड परफॉर्मेंस (सीपीएलपी)
- प्रोफेशनल इन ह्यूमन रिसोर्सेस (पीएचआर)
- सीनियर प्रोफेशनल इन ह्यूमन रिसोर्सेस (एसपीएचआर)
- सीनियर एसएचआरएम सर्टिफाइड प्रोफेशनल (एसएचआरएम-एससीपी)

#### बैचलर्स डिग्री

- बीए इन ह्यूमन रिसोर्स मैनेजमेंट
- बीएससी इन ह्यूमन रिसोर्स मैनेजमेंट
- बीबीए ह्यूमन रिसोर्स मैनेजमेंट

#### मास्टर्स डिग्री

- एमए इन ह्यूमन रिसोर्स मैनेजमेंट
- एमएससी इन ह्यूमन रिसोर्स मैनेजमेंट
- एमबीए ह्यूमन रिसोर्स मैनेजमेंट




#### टॉप 10 भारतीय विश्वविद्यालय

- आईआईएम, बैंगलोर
- आईआईएम, कलकत्ता
- एक्सएलआरआई, जमशेदपुर
- एमडीआई, गुड़गांव
- आईआईएम, रांची
- एनएमआईएमएस, मुंबई
- आईआईएम, दिल्ली
- टीआईएमएस, मुंबई
- दिल्ली स्कूल ऑफ इकोनॉमिक्स
- एक्सआईएसएस, रांची

#### एचआर कोर्स में कॅरियर स्कोप

- ह्यूमन रिसोर्स जर्नलिस्ट
- एचआर रिक्रूटर
- एचआर स्पेशलिस्ट
- कंपनसेशन मैनेजर
- एम्प्लॉयी रिलेशन्स मैनेजर
- ट्रेनिंग एंड डेवलपमेंट मैनेजर
- चीफ ह्यूमन रिसोर्स ऑफिसर
- डायरेक्टर ऑफ़ ह्यूमन रिसोर्स मैनेजमेंट
- इंटरनेशनल ह्यूमन रिसोर्स मैनेजर
- ट्रेनिंग एंड डेवलपमेंट मैनेजर
- एचआर कंसलटेंट



मुद्रक तथा प्रकाशक लगातार इंफोटेनमेंट प्राईवेट लिमिटेड द्वारा लगातार इंफोटेनमेंट प्राइवेट लिमिटेड के पक्ष में, सिमलिया, रिंग रोड, पीएस-रातू, रांची - 835222 से मुद्रित तथा राजकमल प्लाजा, रूम नंबर 102 जयप्रकाश नगर, डीनोवली स्कूल रोड बरटांड़, धनबाद-826001 झारखंड द्वारा प्रकाशित.
संपादक - **सुरजीत सिंह**, स्थानीय संपादक - **दीपक कुमार अम्बष्ठ***. फोन नंबर- 0651-2961734 आर.एन.आई. नंबर - JHAHIN/2023/84487 ( *पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार.)